Next, I would like to mention here that in the constitution of the National Council for Transgender Persons, a psychologist should be included in the panel since this is an issue where the mind is in conflict with the gender of the body. …(*Interruptions*) So, a psychologist must be included in the National Council. …(*Interruptions*)

Lastly, I would like to mention about the Chapter dealing with offences and penalties that right from bonded labour to sexual abuse the punishment that is to be meted out to the perpetrators should not be less than six months, but which may extend to two years. …(*Interruptions*) My request is that in the name of social inclusion and bringing them into the mainstream of society, they should

be treated at par with other citizens, and the relevant sections of the IPC may kindly be applied to them. …(*Interruptions*)

As regards the right of adoption, I would like to request the hon. Minister that when we are bringing in such a landmark social legislation, then the right of adoption of transgenders should also be addressed. …(*Interruptions*) This is all that I have to say on this issue. …(*Interruptions*) Thank you, Sir, for giving me the opportunity to speak on this Bill in the House. …(*Interruptions*)

(ends)

1158 hours

SHRI JAYADEV GALLA (GUNTUR): Thank you, Sir, for giving me this opportunity to speak on this very important and historic Bill. …(*Interruptions*) This Bill will pave the way for bringing self-respect and dignity to a marginalised society. …(*Interruptions*)

The genesis of this Bill emanates from a Private Member Bill passed on 24th April 2015 in the Rajya Sabha. …(*Interruptions*) So, first, I salute Shri Tiruchi Siva, Member of the Rajya Sabha, who successfully piloted this Private Member Bill. …(*Interruptions*) I also congratulate Shri Arun Jaitley, without whose intervention on this Bill we would not be discussing this official Bill brought by Shri Gehlot. …(*Interruptions*) It is Mr. Jaitley who convinced the entire Rajya Sabha to unanimously support this Bill. …(*Interruptions*) Even though, I am a bit disappointed due to the delay, I wholeheartedly support this Bill and congratulate the hon. Minister for bringing it before the House. …(*Interruptions*)

It is not a question of giving rights to transgenders. …(*Interruptions*) There are very many deprived, disadvantaged and marginalised sections, which are deprived of their rights even after seven decades of Independence. …(*Interruptions*) It is a question of recognizing them as human beings, embracing them and treating them as part and parcel of this great country of ours. …(*Interruptions*)

Keeping such marginalised sections in mind, the framers of our Constitution, particularly, Dr. Ambedkar, included Article 14, which guarantees equality before law for all citizens of the country. …(*Interruptions*) Article 15 (1), Article 15 (2) and Article 16 (2) explicitly prohibit, in express terms, discrimination on the ground only of sex and, of course, Article 19 ensures freedom of speech and expression. …(*Interruptions*) Each and every one of these Articles has been denied to them. …(*Interruptions*)

(1200/SPR/SPS)

Sir, the acrimonious part is that the Government of India never allotted the subject or work relating to transgender or eunuch to any Department under the Allocation of Business Rules, 1961 until 2012. It was only in 2012 when there was a hue and cry about it, the Government of the day allocated this subject to the Ministry of Social Justice and Empowerment. I am just bringing these facts out of anguish, because we are not treating our fellow citizens as human

beings, leave alone giving them rights in education and employment. And, this Bill helps them to some extent.

Sir, this Bill substantiates that we have not been treating transgenders as per what the Constitution mandates us to do. But, now, through this Bill, the Government is intending to fulfill this part of the mandate of the Constitution. So, it is a laudable move, and I welcome and appreciate the hon. Minister for commending this Bill for consideration of the House.

Sir, I would be failing in my duty if I do not remember and salute, Laxmi Tripathi, a transgender, who fought for their rights and went up to the Supreme Court, and the Supreme Court in a historic judgement in 2014 recognized their rights and considered them as the third gender. And, it is the consequence of this judgment that we have a third column in all applications, to indicate the third gender.

Sir, the next point I wish to make is that the Supreme Court observed that henceforth transgenders would fall under the OBC category. I had gone through the Bill and did not find a provision treating transgenders as OBCs. So, I request the hon. Minister to please consider this.

My next point is relating to Clause 2(k) of the Bill which defines 'transgender.' The sub-clauses mentioned only Kinner, Hijra, Aravani and Jogta. But I wish to submit that there are host of other socio-cultural groups like Shiv-Shaktis, Jogappas, Aradhis, Sakhi, etc.

Secondly, these socio-cultural groups are not only transgender people, but there are others who do not belong to any of these groups but are transgender persons individually.

So, these and such other socio-cultural identities should also be included in the definition. It is only then that we can achieve the objective. So, I suggest to the hon. Minister to include a Schedule in the Bill listing out all the socio- cultural groups of transgenders so that it becomes foolproof to claim their rights.

With these observations, hoping that my suggestions will be taken into consideration, I support the Bill. Thank you, Sir.

(ends)

1203 hours

SHRIMATI KIRRON KHER (CHANDIGARH): Sir, I rise today to support this historic Bill, because I truly believe that this Bill is yet another step towards making India a more democratic country, a more inclusive country. The framers of the Constitution gave equal rights to all individuals, irrespective of caste, class, gender, and race. आप किसी भी धर्म के हैं, किसी भी जाति के हैं अथवा किसी भी राज्य में हैं, भारत का संविधान आपको सम्मान की नजर से देखता है। इस देश का कानून आपके साथ भेदभाव नहीं करता है। Keeping this in mind, when the highest court of India, the hon. Supreme Court, on 15th April 2014 declared that transgender persons be made the "third gender", being apart from binary identities of gender, it was a defining moment for the LGBTQ community.

It is in this background that the Transgender Persons Bill gains importance. It is because this Bill establishes a law for lakhs of transgender persons who have been deprived of their rights, their fundamental and most basic rights and their dignity. This Bill seeks to eliminate all kinds of discrimination, all forms of harassment and victimization. I would like to borrow from the judgment penned by hon. retired Justice K S Radhakrishnan. He said, "moral failure lies in society's unwillingness to contain or embrace different gender identities and expressions".

(1205/KDS/UB)

कौन सा लिट्रेचर, कौन सा संविधान कहता है कि औरतों का काम सिर्फ घर में खाना बनाना होता है और पैसा कमाना केवल पुरुष का ही काम है? …(व्यवधान)

स्पीकर महोदय, जेंडर का काम प्रिस्क्राइब करना नहीं है कि अगर लड़की हुई तो डॉक्टर और लड़का हुआ तो इंजीनियर, बेटे को फुटबॉल दिलानी है और बेटी को डॉल, लड़का हुआ तो ब्लू और लड़की हुई तो पिंक। जेंडर प्रिस्क्राइब नहीं, हमें डिस्क्राइब करता है कि कहीं हमारी भावनाएं, हमारे इमोशन्स इन रूल्स के मोहताज न रह जाएं। …(व्यवधान). I am proud to say that this Bill moves away from the predefined notions of gender and that this Bill gives due importance to an individual. Section 4 (2) states that a person shall have a right to self-perceived gender identity. 'Self-perceived' means कि ये सरकार या कोई ऑर्गेनाइजेशन आपकी जेंडर आइडेंटिटी का फैसला नहीं लेंगे, बल्कि आप खुद करेंगे। अगर आप नॉर्म से अलग भी हैं तो आपको भी उतना ही अधिकार है, जितना किसी और को है। …(व्यवधान)

To bring the marginalised communities to the centre is a core objective of this Bill. Second, this Bills seeks to prohibit any discrimination against the

transgender persons. …(*Interruptions*). Hon. Speaker, I have advocated the rights of the LGBT community for decades. I have interacted with thousands of people, with NGOs and with the rights' groups who have narrated their experiences of victimisation of discrimination कि नहीं, तुम्हें घर किराये पर नहीं मिल सकता। आप कहीं और नौकरी ढूंढ़ लीजिए, अपने बच्चे को किसी और स्कूल में पढ़ा लीजिए। It is shameful for us that the people from the transgender community face these incidents of discrimination at every step of their life and that they are marginalised in every day's struggle. It is shameful that access to basic facilities and basic services is not given to them. This is the moral failure which I referred to earlier. I am glad that this Bill addresses this issue adequately and prohibits any discrimination against transgender persons whether it is regarding employment, education or right to property. …(*Interruptions*).

Another salient feature of this Bill is the formulation of welfare schemes and policies, especially in medical procedures by the Government to facilitate and support livelihood of transgender persons. …(*Interruptions*)

स्पीकर महोदय, इस सरकार की हमेशा से ही कोशिश रही है कि एक्सेस टू हेल्थ केयर को बढ़ाया जाए। इस कोशिश में माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने आयुष्मान भारत योजना को शुरू किया, जिससे इस देश के 10 करोड़ से भी अधिक परिवारों को सालाना 5 लाख रुपये का हेल्थ कवरेज मिला है। मैं माननीय प्रधान मंत्री जी का और विशेष रूप से हमारे माननीय मंत्री जी श्री थावर चन्द्र गहलोत जी का धन्यवाद करती हूं, जिन्होंने इस बिल में मेडिकल सर्विसेज को, हेल्थ इंश्योरेंस को महत्व दिया है, जिससे राज्य सरकार और केन्द्र सरकार ट्रांस जेंडर कम्यूनिटी के लोगों को हेल्थ इंश्योरेंस देने के लिए स्कीम चलाएंगे।

Hon. Speaker, through you, I would also like to have some clarification in certain technicalities in this Bill from the hon. Minister …(*Interruptions*). First, in Section 11, the Bill seeks to establish a grievance redressal mechanism for violation of the provisions in this Act. इसी के लिए कम्प्लेंट ऑफिसर का हर एस्टैब्लिशमेंट में होना जरूरी है और सेक्सुअल हैरेसमेंट ऑफ वूमेन एट वर्क प्लेस एक्ट-2013 में भी ऐसा ही प्रावधान है, मगर एक और क्लॉज है कि जहां अगर 10 से कम इम्प्लॉईज हैं, उन कम्प्लेन्ट्स को एड्रेस करने के लिए एक लोकल कम्प्लेन्ट्स कमेटी का गठन किया जाए। मेरा माननीय मंत्री जी से एक सवाल है कि इस बिल में जहां पर ऐसा कम्प्लेन्ट ऑफीसर नहीं नियुक्त किया जा सकता, ऐसी स्थिति में क्या कदम उठाए जा सकते हैं?

My second point is regarding a technical issue, i.e. the Health Manual related to sex reassignment of transgender person. …(*Interruptions*). This Health Manual will be made in line with the guidelines of the World Professional

Association for Transgender Health. But the Bill in its current language says that the appropriate Government will prepare the Health Manual. Now, this includes both State Governments and the Union Government. The State Governments and the Central Government will prepare their own Health Manual. …(*Interruptions*). In my opinion, the Manual relating to sex reassignment surgeries is purely technical in nature. Therefore, would it not be better if the Centre prepares the Manual and circulates it among the States?
(1210/KMR/KDS)

Along with this, I would also urge the Government to bring a law prohibiting discrimination against the LGBT community including gay people. The Supreme Court's decision to decriminalise homosexuality was a huge victory for the community and a legislation in this direction will further the fundamental principles of our Constitution so that every individual irrespective of their caste, religion, gender or sexual preference is given equal rights, equal access to opportunity, free from any discrimination.

With these inputs, I would like to conclude my speech by saying that it is long due that the Parliament of India gives its residents the right to a self-perceived identity, that our transgender brothers and sisters are not deprived of their basic rights, that they are not victimised and marginalised. And as parliamentarians, it is a moment of pride for all of us who are contributors in this significant piece of legislation.

I would once again thank our hon. Prime Minister, Shri Narendra Modi Ji, and hon. Minister Thaavar Chand Gehlot Ji for their sensitivity, bravery and commitment to 'sabka saath, sabka vikas and sabka vishwas' by including every Indian regardless of gender in their quest for justice to all. Also, I would like to say that it is this Government, and this Government only, which has stood by the marginalised whether it was the Muslim women, whether it was the SCs, STs, and now, the transgenders who have always been respected in Indian society but because of the British Victorian age rules and laws, were discriminated against.

Thank you very much, Speaker, Sir. I support this Bill wholeheartedly.

(ends)

1212 hours

SHRI P. RAVEENDRANATH KUMAR (THENI): Hon. Speaker, Sir, I rise to speak on behalf my party AIADMK in support of the Transgender Persons (Protection of Rights) Bill, 2019.

Sir, I appreciate the hon. Minister of Social Justice and Empowerment Shri Thaawar Chand Gehlot Ji who has brought this amendment, under the auspicious and caring guidance of our hon. Prime Minister Shri Narendra Modi Ji, for providing social, economic and educational empowerment of the transgender persons in our society.

This Bill will benefit a large number of transgender persons, will mitigate the stigma, discrimination and abuse against this marginalised section and bring them into a normal society. This will lead to inclusiveness and will make the transgender persons productive.

This Bill stipulates that no establishment shall discriminate against transgender persons in matters relating to employment, recruitment, promotion and other related issues, and provides for a grievance redressal mechanism in establishments apart from establishing a National Council for Transgender Persons headed by the Minister for Social Justice and Empowerment vide clause 16 of this Amendment Bill.

Tamil Nadu State Government hiked the income ceiling to Rs.72,000 per annum for availing social welfare schemes for transgenders such as providing Rs.1,000 per month to those transgender persons aged above 40 years and unable to earn their livelihood so that more transgenders will benefit from June 2019.

Sir, transgender persons in Tamil Nadu celebrate a world-famous festival. In the history of Hindu religion, a transgender person is revered as God Arthanareeswara, that is half Shiva and half Parvati. I request the hon. Minister to give recognition to this world-famous festival which is celebrated in Villupuram in Tamil Nadu.

Sir, keeping in view the good points mentioned above, I welcome this Amendment Bill and hope that it will reflect the obvious realities. Thank you very much.

(ends)

(1215/MM/SNT)

1215 बजे

डॉ. वीरेन्द्र कुमार (टीकमगढ़): अध्यक्ष महोदय, मैं आपको धन्यवाद देता हूं कि आपने मुझे इस बिल पर बोलने का अवसर प्रदान किया। आदरणीय मंत्री श्री थावर चंद गहलोत द्वारा उभयलिंगी व्यक्तियों के अधिकारों का संरक्षण और उनके कल्याण के लिए यह जो बिल लाया गया है, मैं इसके लिए देश के प्रधान मंत्री आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी का और थावर चंद गहलोत जी का हृदय से धन्यवाद करना चाहता हूं। …(व्यवधान)

महोदय, यह बिल पिछली लोक सभा में लाया गया था। इसे स्थायी समिति को भी भेजा गया था। इस बार के बिल में मंत्री जी के द्वारा स्थायी समिति की सिफारिशों के अनुसार संशोधन करते हुए यह बिल लाया गया है। यह वास्तव में एक स्वागत योग्य कदम है।…(व्यवधान) ये समाज के वे लोग हैं, जो सामाजिक प्राणी होने के नाते और जिस तरह से हमारे समाज की रचना और व्यवस्था है, उसमें अगड़ा, पिछड़ा, दलित और ओबीसी में बांटा गया है, लेकिन ये वे लोग हैं, जिनको हमारे समाज में कई बार भेदभाव की दृष्टि से देखा जाता है।…(व्यवधान) सामाजिक प्राणी होने के नाते इनको भी हमारे सरीखी ही भूख लगती है, प्यास लगती है, चोट लगने पर इनको दर्द भी होता है और अस्वस्थ होने पर स्वस्थ होने के लिए इनको भी इलाज की आवश्यकता होती है। साथ ही साथ समाज की सहानुभूति, आत्मीयता और प्रेम की इनको भी आवश्यकता होती है, क्योंकि ये भी सामाजिक प्राणी होते हैं। हमने उस भाव को देखा है। हमने देखा है कि जब हमारे घरों में कोई शुभ कार्य होता है तो उस शुभ कार्य के अवसर पर बधाई देने के लिए ये उभयलिंगी लोग हमारे घरों में आते हैं। जब शादी होती है तो बधाई देने आते हैं। जब घर में बेटा होता है तो नाचते हुए बधाइयां देने आते हैं।…(व्यवधान) मैं एक प्रसंग का यहां उल्लेख करना चाहता हूं। एक स्थान पर एक घर में ये उभयलिंगी लोग ग्रुप के साथ बधाइयां देने पहुंचे, लेकिन वहां बेटी हुई थी। जब वे उस घर पर पहुंचे तो वहां के लोगों ने कहा कि हमारे घर बेटा नहीं हुआ है तो हमें किस बात की बधाई देने आए हैं। उन्होंने उसको चुनौती के रूप में स्वीकार किया। उस बच्ची के बड़े होने के बाद उसकी शादी की जिम्मेदारी उन्होंने ली। उस बेटी को पढ़ाने और शादी करने का काम हमारे उभयलिंगी लोगों के द्वारा किया गया।…(व्यवधान) यह उदाहरण इस बात को बताता है कि इनके अंदर भी दिल होता है, ये भी सामाजिक प्राणी होते हैं। हमने ऐसे बहुत सारे स्थान देखे हैं, जहां अनाथ बच्चियों की शिक्षा-दीक्षा और संस्कार इत्यादि कामों को आगे बढ़ाकर करने की जिम्मेदारी को इन लोगों के द्वारा पूरा किया गया है। नवरात्रि के अवसर पर ये लोग अपने घरों में व्रत रखने का काम करते हैं। रमजान के अवसर पर रोजे रखने का काम भी इनके द्वारा किया जाता है…(व्यवधान) हमने यह भी देखा है कि जब पाकिस्तान के साथ हमारे देश का युद्ध हुआ तो उभयलिंगी लोग चादर और झंडा लेकर मंदिर और मजार पर गए ताकि हमारा देश विजयी हो, हमारे देश का सम्मान आगे बढ़े। इनके अंदर सामाजिकता का भाव देखने में आता है।…(व्यवधान) इनके अंदर राष्ट्रीयता का भाव देखने में आता है। ऐसे लोगों के प्रति समाज के देखने का जो दृष्टिकोण है, जो नजरिया है, वह नजरिया सामाजिकता का होना

चाहिए, सामाजिक समरसता का होना चाहिए। …(व्यवधान) आदरणीय प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी और आदरणीय थावर चंद गहलोत जी ने इसी भाव को ध्यान में रखकर सर्वसमाज को साथ में लेकर आगे बढ़ते जाना है। हमारे समाज के किसी वर्ग का कोई व्यक्ति इस विकास की दौड़ में वंचित न रहने पाए।…(व्यवधान) मैं देश के धर्मगुरुओं से आह्वान करना चाहता हूं। हमारे धर्मगुरुओं द्वारा अपने प्रवचनों के माध्यम से इनके प्रति हर प्रकार का भेदभाव समाप्त करके समाज की मुख्यधारा में इनको साथ लेकर चलने का आह्वान यदि किया जाएगा तो इससे समाज में एक अच्छा वातावरण निर्मित होगा।…(व्यवधान) मैं एक बात और कहना चाहता हूं कि विकास की दौड़ में इनको आगे बढ़ाने के लिए हमारे प्रधान मंत्री जी द्वारा जो कौशल विकास केन्द्र चलाए जा रहे हैं, इनके माध्यम से इन लोगों को प्रशिक्षण देने की शुरुआत की जानी चाहिए ताकि इनको रोजगार के अवसर मिल सकें।…(व्यवधान)

(1220/MM/GM)

इसके साथ-साथ सेना और पुलिस में इनको स्थान प्रदान करना चाहिए ताकि ये लोग आत्मनिर्भर होकर अपनी जिम्मेदारी पूरी कर सकें।…(व्यवधान) जिस तरह से हम भूमिहीन लोगों को जमीन देकर कृषि करने के लिए आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करते हैं, ऐसे ही हमारे उभयलिंगी लोग, जो कृषि कार्य करना चाहते हैं, उनको शासन के द्वारा भूमि उपलब्ध करवायी जाए ताकि वे जीविकोपार्जन के लिए आत्मनिर्भर बन सकें।…(व्यवधान) इसके साथ ही साथ प्रत्येक जिला केन्द्रों में इनकी मदद करने के लिए एकल खिड़की बनाई जानी चाहिए। उस एकल खिड़की के माध्यम से इनकी शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और बाकी समस्याओं के निराकरण के लिए सहायता देने की सुविधा प्रदान की जानी चाहिए। …(व्यवधान)

महोदय, मैं एक बात और कहना चाहता हूं कि हमारे उभयलिंगी लोग हम और आपसे किसी प्रकार से अलग नहीं होते हैं। बचपन में जब किसी घर में इस तरह का बच्चा पैदा होता है तो मां-बाप उसको कहीं छोड़ आते हैं या फेंक देते हैं।…(व्यवधान) जबकि उस बच्चे का कोई दोष नहीं होता है, यह हमारे समाज की रचना है। मां-बाप के अंदर भी ऐसे बच्चों के प्रति संवेदनशीलता का भाव जागृत हो और जीवन में आगे बढ़ने के लिए उनकी शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य के अवसर प्रदान करने के लिए यह जो बिल लाया गया है, मैं इस बिल का समर्थन करते हुए इन शब्दों के साथ अपनी वाणी को विराम देना चाहता हूं- "वह अपना गम भूल जाता है और औरों को हंसाता है।"…(व्यवधान)

आदरणीय नरेन्द्र मोदी जी को और आदरणीय मंत्री जी को एक बार पुन: धन्यवाद देते हुए मैं इस बिल का समर्थन करता हूं। धन्यवाद। …(व्यवधान)

(इति)

माननीय अध्यक्ष : श्री कल्याण बनर्जी।

…(<u>व्यवधान</u>)

1222 hours

SHRI KALYAN BANERJEE (SREERAMPUR): Hon. Speaker, Sir, I am supporting the Transgender Persons (Protection of Rights) Bill, 2019. …(*Interruptions*)

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, माननीय कल्याण बनर्जी जी को बोलने दीजिए। सीनियर एडवोकेट कल्याण बनर्जी जी बोलिए।

…(व्यवधान)

SHRI KALYAN BANERJEE (SREERAMPUR): Sir, I have one request to make to you, before I go into the merits of this Bill. …(*Interruptions*) Since the House is not in order, let the Kashmir issue be discussed first and then let us discuss this Bill. …(*Interruptions*)

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, आप लोग अपने-अपने स्थानों पर विराजें। माननीय कल्याण बनर्जी जी, सीनियर एडवोकेट बोल रहे हैं।

…(व्यवधान)

SHRI KALYAN BANERJEE (SREERAMPUR): Let the Kashmir issue be discussed first. …(*Interruptions*) Since the agitation is centred around the Kashmir issue, let the Kashmir issue be discussed first. This is my request to you, Sir. …(*Interruptions*)

माननीय अध्यक्ष : आप केवल विधेयक पर बोलें।

…(व्यवधान)

SHRI KALYAN BANERJEE (SREERAMPUR): Let the Kashmir issue be discussed first. …(*Interruptions*)

HON. SPEAKER: No.

…(*Interruptions*)

SHRI KALYAN BANERJEE (SREERAMPUR): The House is not in order; I cannot speak on. …(*Interruptions*)

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, श्री कल्याण बनर्जी बोल रहे हैं, आप लोग अपनी-अपनी सीटों पर विराजिए।

…(व्यवधान)

SHRI KALYAN BANERJEE (SREERAMPUR): How can I speak, Sir? Let the Kashmir issue be discussed. …(*Interruptions*)

HON. SPEAKER: No.

…(*Interruptions*)

(ends)

माननीय अध्यक्ष : डॉ. किरीट पी. सोलंकी जी।

…(व्यवधान)

1224 बजे

डॉ. किरिट पी. सोलंकी (अहमदाबाद पश्चिम): अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे एक महत्वपूर्ण विषय पर बोलने की अनुमति दी है, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। …(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय, मैं हमारी सरकार और हमारे यशस्वी प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का बहुत-बहुत आभार व्यक्त करता हूं। हमारे मंत्री श्री थावर चंद गहलोत जी और एमओएस का भी मैं आभार व्यक्त करता हूं कि हाशिये पर चले गए लोगों के लिए यह बिल सदन में लेकर आए हैं।…(व्यवधान)

(1225/SJN/PS)

महोदय, मैं उभयलिंगी व्यक्ति (अधिकारों का संरक्षण) विधेयक, 2019 के समर्थन में बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं। महोदय, जैसा कि आप जानते हैं कि यह एक ऐसा समुदाय है, जो न तो नारी में गिना जाता है और न ही पुरुषों में गिना जाता है। उनकी एक अन्य जाति होती है। उनकी समाज में जो पहचान है, वह एक तरह से बहुत उपेक्षित होते हैं। ऐसे लोगों के कल्याण के लिए आज इस बिल को इस सदन में प्रस्तुत किया गया है, उसके लिए मैं हमारी सरकार और माननीय प्रधान मंत्री जी का बहुत-बहुत आभार व्यक्त करता हूं। आज जो लोग सदन के वेल में खड़े हैं, मैं उनको यह बताना चाहता हूं कि आपके इसी रवैये की वजह से वर्ष 2019 के चुनाव में लोगों ने आपको हाशिये पर रख दिया है। माननीय नरेन्द्र मोदी जी की सरकार जिसने लोगों के लिए कार्य किया है, गांवों के लिए किया है, गरीबों के लिए किया है, जो वनवासियों और दलितों के लिए किया है, ओबीसी और महिलाओं के लिए किया है, इसी वजह से आज इस सदन में 303 सीटें लेकर भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी है। जहां तक एनडीए का सवाल है, दो तिहाई बहुमत से भी ज्यादा सीटें लेकर हमारी भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी है। मैं इनको यह भी बताना चाहता हूं कि यह एक ऐसी सरकार है, हमारे एक ऐसे नेतागण हैं, जो दृढ़ पॉलिटिकल विल रखते हैं। आज कैबिनेट ने जो फैसला किया है, मैं उस फैसले के लिए भी उनको बधाई देता हूं।…(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय, मैं पेशे से डाक्टर हूं और मैं उन लोगों की समस्याओं को बहुत अच्छी तरह से जानता हूं। वे लोग बहिष्कृत होते हैं। I was a Professor of Surgery in medical college. मेरा प्राइवेट नर्सिंग होम था। मेरे प्राइवेट नर्सिंग होम में कई तरह के गरीब लोग आते थे। मेरे यहां एक दिन एक किन्नर आया था। मुझे उनका नाम अभी भी याद है, उनका नाम शंकरलाल था। उनके पेशाब में रुकावट हो गई थी। उनको रिटेन्शन ऑफ यूरिन हुआ था, तब वह मेरे अस्पताल में आए थे। मैंने उस वक्त Suprapubic cystostomy करके उनको राहत दिलाई थी। उनको क्या होता है कि जब उनके एक्सटर्नल आर्गन को काट दिया जाता है, उसकी वजह से उनका जो यूरिथ्रल होल होता है, जो पेशाब करने का होल है, वह छोटा हो जाता है। उसकी वजह से उनको रिटेन्शन ऑफ यूरिन हो जाता है। मैंने उनकी यूरेथ्रोप्लास्टी की थी। मैंने उनकी यूरेथ्रोप्लास्टी करने के बाद उनको सफलतापूर्वक डिस्चार्ज किया था।

अध्यक्ष महोदय, मैं यह आपके संज्ञान में लाना चाहता हूं कि कुछ दिनों के बाद मेरे अस्पताल में कई सारे किन्नर लोग इस प्रकार की बीमारी लेकर आए थे और उनकी कतारें लग गई थीं। मुझे लगा कि मेरे छोटे से अस्पताल में इतने सारे लोगों का इलाज मैं कैसे कर पाऊंगा। At that time, I was a Professor in a teaching wing of Vadilal Sarabhai Hospital and Medical College in Ahmedabad. मैंने उनको वहां पर सर्जरी के लिए भर्ती किया था। मैंने उनको मेल वार्ड में भर्ती किया था। मैं जब दूसरे दिन राउंड के लिए गया, तो कई सारे मेल मरीज मेरे सामने आकर खड़े हो गए थे। उन्होंने मुझसे विनती की थी कि उनको हमारे मेल वार्ड से हटाकर किसी अन्य महिला वार्ड में ट्रांसफर कर दिया

जाए। मैंने उनको महिला वार्ड में ट्रांसफर कर दिया। लेकिन दूसरे दिन महिला मरीजों की भी कतार लग गई और उन्होंने मेरे पास आकर मुझसे गुहार कि की उनको किसी अन्य जगह पर शिफ्ट कर दिया जाए। मैं आपको यह बताना चाहता हूं कि उनके प्रति जो उपेक्षा होती है, उनके प्रति जो डिस्क्रिमिनेशन होता है, चाहे वह हेल्थ केयर सेक्टर में हो, चाहे वह शिक्षा के क्षेत्र में हो या चाहे वह रोजगार के क्षेत्र में हो, ऐसे लोगों के प्रति उपेक्षा होती है। उनको जिस प्रकार से किन्नर बनाया जाता है, मुझे वह जानने कि जिज्ञासा हुई और मैं उस जगह पर गया था, जहां पर उनको किन्नर बनाया जाता है। हमारे यहां उनको भुआ बोलते हैं। वह उनको शराब पिलाते हैं। उनको ज्यादा शराब पिलाई जाती है और वह खुद भी पीते हैं। उनके एक्सटर्नल आर्गन को बहुत ही बुरी तरह से काटा जाता है। इसमें कई लोगों की मौत भी हो जाती है। जब उनको स्ट्रिक्चर होता है, उनके यूरिन का पैसेज जो एडिक्वेट नहीं होता है, वह अपने कमर पर एक धागा बांधते हैं और एक छोटा-सा लेड का टुकड़ा रखते हैं। वह अपने सलाइवा...(व्यवधान) की वजह से उसको डाइलूट करते हैं। ऐसी दयाजनक स्थिति में हमारे किन्नर लोग जीते हैं।

(1230/KN/RC)

मैं अपनी सरकार का, खास कर नरेन्द्र मोदी जी और थावर चंद गहलोत जी का हृदय से बहुत-बहुत आभार व्यक्त करता हूँ कि उनकी समस्याओं को हल करने के लिए इस लोकतंत्र के मंदिर में हमारी सरकार इस बिल को लेकर आई है।...(व्यवधान) वैसे तो यह बिल पिछली लोक सभा ने पारित किया था और उसको राज्य सभा में भेजा था, मगर वर्ष 2019 के चुनाव के वक्त लोक सभा डिजॉल्व होने की वजह से दोबारा इस बिल को यहाँ लाना पड़ा है।...(व्यवधान) मैं आपको बताना चाहता हूँ कि उच्चतम न्यायालय ने भी 15.04.2014 को नेशनल लीगल सर्विसेज़ अथॉरिटी वर्सेस यूनियन ऑफ इंडिया का एक ऑर्डर दिया था और ऐसे लोगों के लिए एक अलग प्रकार का प्रावधान करने के लिए कहा था।...(व्यवधान)

स्पीकर महोदय, हमारा संविधान भी कहता है कि संविधान के अर्टिकल 14 के अनुसार सभी लोगों को समानता का दर्जा दिया गया है।...(व्यवधान) हमारी सरकार किन्नर भाइयों के लिए, किन्नर लोगों के लिए इस बिल को लेकर आई है, मैं इसका स्वागत करता हूँ।...(व्यवधान) इसके लिए तृतीय लिंग का प्रावधान किया है। यह बिल का उद्देश्य है। उभयलिंगी व्यक्ति को परिभाषित करना, उनका डेफिनिशन करना, यह इस बिल का उद्देश्य है।...(व्यवधान) दूसरा उद्देश्य है- डिस्क्रिमिनेशन को समाप्त करना। तीसरा उद्देश्य है- उभयलिंगी व्यक्ति को उसी रूप में मान्यता दी जाए, जो उनकी लिंग की पहचान हो। उनकी जो पहचान है, उसी प्रकार से उसको मान्यता दी जानी चाहिए, यह बिल का एक बड़ा प्रावधान है।...(व्यवधान) इस बिल का और भी प्रावधान है कि उभयलिंगी व्यक्तियों को पहचान-पत्र दिया जाए। उनको आइडेंटिटी कार्ड दिया जाए ताकि वे निश्चित हो सकें कि वे उभयलिंगी हैं।...(व्यवधान) उनके लिए एम्प्लॉयमेंट, रिक्रूटमेंट, प्रोमोशन में भी डिस्क्रिमिनेशन न हो, उसको हमें देखना चाहिए। यह भी बिल का एक बड़ा उद्देश्य है।...(व्यवधान) सभी एस्टेब्लिशमेंट के लिए ऐसे उभयलिंगी व्यक्तियों के लिए ग्रीवेंसेस ऑफ रिड्रेसल मेकेनिज़्म को स्थापित करना, यह भी इस बिल का उद्देश्य है। नेशनल काउंसिल फॉर ट्रांसेजेंडर पर्सन की स्थापना करना, यह भी इस बिल का उद्देश्य है और इसका उल्लंघन करने पर कड़े से कड़ा दंड देने की जरूरत है।...(व्यवधान)

मैं आपको बताना चाहता हूँ कि अगर हम उभयलिंगी का इतिहास देखें तो महाभारत में शिखंडी और वनवास के वक्त अर्जुन ने भी वहाँ किन्नर का रोल किया था। इनका इतना बड़ा इतिहास है।...(व्यवधान) मैं आपके समक्ष उनके कुछ सुखद उदाहरण भी पेश करना चाहता हूं। हैदराबाद की बहन

शबनम पहली एमएलए किन्नर बनीं। छत्तीसगढ़ की मधु किन्नर, छत्तीसगढ़ की मेयर बनीं। देश की पहली ब्यूटी क्वीन का खिताब जीतने वाली वीणा सेन्द्रे छत्तीसगढ़ से थीं।...(व्यवधान) केरल में ट्रांसजेंडर के लिए जी-टैक्सी का निर्माण किया गया है, उसकी ओनरशिप किन्नरों की रहती है, जिसका मालिक ट्रांसजेंडर होता है। चेन्नई की के. पृथिका, जो देश की पहली पुलिस सब-इसंपेक्टर बनी और गंगा कुमारी राजस्थान से है, वह पुलिस कॉन्स्टेबल बनीं।...(व्यवधान) मैं आपको बताना चाहता हूँ कि उनमें वह क्षमता है कि वह देश की मुख्यधारा में भी आ सकें, ऐसी उनमें बहुत क्षमता है।...(व्यवधान) इस क्षमता को उजागर करने के लिए, इस क्षमता को बाहर लाने के लिए नरेन्द्र मोदी जी की सरकार ने निश्चिय किया है, इसके लिए मैं मोदी जी की सरकार का और हमारे विद्वान मंत्री श्री थावर चंद गहलोत जी का हृदय से बहुत-बहुत अभिनंदन करता हूँ।...(व्यवधान)

मैं समझता हूँ कि इनकी समस्याएँ बहुत हैं। मैं कुछ सजेशन देना चाहता हूँ कि उनको जो किन्नर बनाने की प्रक्रिया है, वह प्रक्रिया अवैज्ञानिक प्रक्रिया है।...(व्यवधान) मैं सरकार से गुहार करना चाहता हूं कि अगर उनकी जो किन्नर बनने की प्रक्रिया है, वह किसी हॉस्पिटल में सर्विकल सर्जरी के माध्यम से की जाए ताकि उनको कोई दिक्कत न हो और सर्जरी के जरिये उनका जो ट्रांसफॉर्मेशन है, वह करना चाहिए।...(व्यवधान) आज किन्नर व्यक्तियों के लिए शिक्षा का कोई प्रावधान नहीं है।...(व्यवधान) मैं आपसे माँग करता हूँ कि शिक्षा संस्थानों में उनका दाखिला किया जाए।

(1235/CS/SNB)

उनका ऐडमिशन किया जाए।...(व्यवधान) उनको शिक्षा का प्रावधान दिया जाए।...(व्यवधान) उनको रोजगार का अवसर दिया जाए।...(व्यवधान) उनके लिए सभी चीजों का प्रावधान किया जाए ताकि वे मुख्यधारा के अंदर, लोगों के बीच में आकर खड़े हो सकें।...(व्यवधान) मैं सभी लोगों से प्रार्थना करना चाहता हूँ कि हमारे अंदर इन लोगों के प्रति कोई उपेक्षा का भाव नहीं होना चाहिए।...(व्यवधान) यह एक जन-आन्दोलन होना चाहिए।...(व्यवधान) मुझे अपने प्रधान मंत्री जी पर फख्र है कि जो वे बात लेकर आए हैं, पूरे लोगों ने, पूरे देश ने उनकी बात उठा ली है।...(व्यवधान) मैं समझता हूँ कि किन्नरों के लिए हम जो यह बिल लेकर आए हैं, यह हम उनके कल्याण का बिल लेकर आए हैं।...(व्यवधान) समाज के सभी वर्गों के लोग, सम्प्रदाय से ऊपर उठकर, जाति-धर्म से ऊपर उठकर हम उनको अपना लें।...(व्यवधान) हम उन्हें मुख्यधारा में शामिल करें।...(व्यवधान) मैं एक बार फिर इस बिल का पूरे दिल से समर्थन करता हूँ।...(व्यवधान) आपने मुझे इस बिल पर बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपका बहुत-बहुत आभार व्यक्त करता हूँ।...(व्यवधान) धन्यवाद।...(व्यवधान)

(इति)

1236 बजे

श्री कौशलेन्द्र कुमार (नालंदा): महोदय, आपने मुझे उभयलिंगी व्यक्ति (अधिकार का संरक्षण) विधेयक, 2019 पर चर्चा में भाग लेने का मौका दिया, इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।...(व्यवधान)

महोदय, हमारा संविधान सभी नागरिकों को समानता का अधिकार प्रदान करता है।...(व्यवधान) संविधान के अनुच्छेद 14ए, अनुच्छेद 15 का खंड 1 और 2, अनुच्छेद 16 का खंड 2 एवं अनुच्छेद 19 का खंड 1 और उपखंड (क) सभी तरह से व्यक्तियों और नागरिकों में कोई भेदभाव की अनुमति नहीं देता है।...(व्यवधान) फिर भी हमारे समाज में उभयलिंगी व्यक्ति का सामाजिक बहिष्कार और भेदभाव आज भी हो रहा है।...(व्यवधान) उन्हें शिक्षा की सुविधा नहीं मिल पाती है।...(व्यवधान) अभी भी उन्हें समानता का रूप नहीं दिया जा रहा है।...(व्यवधान) आज भी उनमें बेरोजगारी है।...(व्यवधान) उन्हें चिकित्सा की सुविधा नहीं मिल पाती है।...(व्यवधान) ये सारी चीजें आज भी जारी हैं।...(व्यवधान) तृतीय लिंग के रूप में इस समुदाय के व्यक्तियों को मान्यता देने का निर्देश दिया जा चुका है।...(व्यवधान) उभयलिंगी व्यक्ति को अपने जीवन-यापन के लिए कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।...(व्यवधान)

महोदय, इतना ही नहीं, उन्हें भीख मांगने के लिए भी मजबूर होना पड़ता है।...(व्यवधान) उन्हें एक ग्रुप बनाकर अलग रहने के लिए मजबूर होना पड़ता है।...(व्यवधान) उन्हें समाज में अन्य लोगों के साथ रहने भी नहीं दिया जाता है।...(व्यवधान) इस प्रकार से जन्म लेने वाले बच्चों के माँ-बाप का भी तिरस्कार किया जाता है।...(व्यवधान) जो माँ-बाप या परिवार इसे उजागर नहीं होने देना चाहते हैं, उसे भी सामाजिक बहिष्कार एवं भेदभाव का सामना करना पड़ता है।...(व्यवधान)

महोदय, उभयलिंगी व्यक्तियों को आत्म-हत्याएं करने के लिए मजबूर होना पड़ता है।...(व्यवधान) इन्हें तो अपने लिंग की पहचान साबित करने में लगभग 10 साल से भी अधिक का समय लग जाता है।...(व्यवधान) इन सभी समस्याओं का सामना करते हुए भी कुछ लोगों ने काफी संघर्ष किया है और आगे बढ़ने का काम किया है।...(व्यवधान) ऐसे कुछ लोग चुनाव लड़ने के लिए भी आगे आए हैं।...(व्यवधान) वे जनप्रतिनिधि भी बने हैं।...(व्यवधान) इस समुदाय के लोगों के लिए हक की लड़ाई सड़क से सदन तक पहुँचाने का काम कई जनप्रतिनिधियों ने किया है।...(व्यवधान) मैं उनके प्रति भी आभार व्यक्त करता हूँ।...(व्यवधान) आज सदन में उभयलिंगी व्यक्ति के अधिकार के संरक्षण के लिए पुन: विधेयक लाया गया है।...(व्यवधान) इस कानून में उक्त व्यक्तियों की पहचान को मान्यता देने, उनके साथ कोई भी भेदभाव समाप्त करने, सरकार द्वारा उभयलिंगी व्यक्तियों के लिए कल्याणकारी उपाय करने, उनके उत्तरदायित्वों की स्थापना करने, उनको शिक्षा के समान अवसर पैदा करने, सामाजिक सुरक्षा और स्वास्थ्य के समुचित अधिकार देने, उनके लिए राष्ट्रीय परिषद की स्थापना करने, शिकायत केन्द्रों की स्थापना करने एवं विरुद्ध में काम करने वालों को दण्डित करने आदि का प्रावधान किया गया है।...(व्यवधान)

(1240/CS/RU)

मेरा सुझाव होगा कि इस समुदाय के लोगों को राजगार के समान अवसर प्रदान किए जाएं, जिससे उन्हें भटकने की जरूरत न पड़े।...(व्यवधान) उन्हें भीख मांगने की आवश्यकता न पड़े।...(व्यवधान) कोई ऐसी व्यवस्था स्थापित हो, जिससे इस समाज के लोगों को समुचित पेंशन की व्यवस्था हो।...(व्यवधान) इन लोगों को भी समाज में समानता का पूर्ण अधिकार सुनिश्चित हो।...(व्यवधान) इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपनी पार्टी जदयू की तरफ से इस बिल का समर्थन करता हूँ...(व्यवधान) बहुत-बहुत धन्यवाद।...(व्यवधान) (इति)

1241 बजे

श्री अजय कुमार (खीरी): महोदय, आपने मुझे बोलने का समय दिया, इसके लिए आपका धन्यवाद।...(व्यवधान)

महोदय, मैं उभयलिंगी व्यक्ति (अधिकार का संरक्षण) विधेयक-2019 का समर्थन करने के लिए खड़ा हुआ हूँ।...(व्यवधान) हमारी सरकार एक संवेदनशील सरकार है।...(व्यवधान) यह सरकार जाति, धर्म और प्रत्येक वर्ग के लोगों के लिए उचित शिक्षा, उचित चिकित्सा और उनके रोजगार के संसाधनों के साथ-साथ उनका जीवन अच्छा और सरल बने, इसके लिए प्रयासरत है।...(व्यवधान) जिस तरह से हमारे समाज का वातावरण है, जहाँ पुरुष और महिला के सिवाय जो तीसरे लोग होते हैं, जिन्हें उभयलिंगी/ट्रांसजेंडर कहते हैं।...(व्यवधान) ये जो लोग होते हैं, इनको घर से लेकर समाज तक लगातार भेदभाव का सामना करना पड़ता था।...(व्यवधान) हमारी सरकार जिस तरह से दिव्यांगों के लिए, दिव्यांगों के अधिकारों के लिए अशक्त व्यक्ति अधिनियम, 2016 लेकर आई थी, उसी तरह से हम यह चाहते हैं कि जो हमारे ट्रांसजेंडर भाई-बहन हैं, उनको भी पूर्ण तरह से एक अधिकार मिले।...(व्यवधान) उनके अधिकारों का संरक्षण हो।...(व्यवधान)

महोदय, जिस तरह से मैंने कहा कि हमारी सरकार एक संवेदनशील सरकार होने के नाते हमारा जहाँ यह प्रयास है कि हम अपने देश में रहने वाले सभी व्यक्तियों, सभी समुदायों को उचित संरक्षण देते हुए उनके अधिकारों की रक्षा करें,...(व्यवधान) वहीं मैं आपसे यह कहना चाहता हूँ कि हमारी जो इससे पहले की सरकार थी, वर्ष 2014 से वर्ष 2019 तक, उसमें भी हम यह विधेयक लेकर आए थे।...(व्यवधान) हमारे संविधान का अनुच्छेद 14 सभी व्यक्तियों को समान सुरक्षा की गारंटी देता है, उनके अधिकारों की रक्षा करने का प्रावधान देता है।...(व्यवधान) अनुच्छेद 15 के खंड 1 और खंड 2 और अनुच्छेद 16 का खंड 2 में अभिव्यक्ति के उल्लंघन और निर्बंधन के साथ लिंग संबंधी भेदभाव न हो, ऐसी सारी व्यवस्थाएं की गई हैं।...(व्यवधान) अनुच्छेद 19 के खंड 1 में सभी नागरिकों के लिए समान अधिकार सुनिश्चित करना सरकार की जिम्मेदारी है।...(व्यवधान) इसके साथ ही मैं यह भी कहना चाहता हूँ कि सुप्रीम कोर्ट ने 15 अप्रैल, 2014 को एक आदेश दिया था, जिसमें हमने देखा था कि केंद्र सरकार और राज्य सरकारों को उभयलिंगी समुदाय के लिए और उनके कल्याण के लिए विभिन्न कदम उठाने के लिए सीधे-सीधे निर्देशित किया गया था।...(व्यवधान) हमारी सरकार अनुच्छेद 117 के अंतर्गत यह प्रावधान लेकर आई है, जिसमें उभयलिंगी व्यक्तियों को परिभाषित करने के साथ-साथ उनके अधिकारों की सुरक्षा करने के लिए हमारी सरकार ने बहुत सारे प्रावधान किए हैं।...(व्यवधान) उन प्रावधानों के माध्यम से हम 27 नई ऐसी यहाँ पर उनके लिए सुविधाएं जुटाने के लिए इसे लेकर आए हैं।...(व्यवधान) माननीय राष्ट्रपति जी की अनुशंसा के आधार पर आज यह अधिनियम हम यहाँ पर लेकर आए हैं।...(व्यवधान) इससे पूर्व वर्ष 2016 में भी लोक सभा में हम इस अधिनियम को लेकर आए थे, जिसकी जाँच के लिए एक विशेष कमेटी बनी और उनकी सिफारिशों को भी सम्मिलित करते हुए हम लोगों ने इस अधिनियम को वर्ष 2018 में, 17 दिसंबर, 2018 को लोक सभा में पारित कर दिया था।...(व्यवधान) लेकिन लोक सभा व्यपगत

होने के कारण, उस समय चुनाव आ गए, राज्य सभा में यह अधिनियम पारित नहीं हो पाया।...(व्यवधान) उसकी वजह से यह पुन: लोक सभा में लाया गया है।...(व्यवधान)
(1245/RV/NKL)

लोक सभा में इसे पारित करके अपने उभयलिंगी भाई-बहनों को, जो ट्रांसजेंडर्स हैं, उन्हें समान अधिकार देने के लिए हम काम कर रहे हैं।...(व्यवधान) समाज में हमने देखा है कि उनके जन्म से लेकर उनकी शिक्षा के लिए उन्हें स्कूल जाना हो तो घर में ही उनका विरोध प्रारम्भ हो जाता है।...(व्यवधान) घर में पड़ोसी और आस-पड़ोस के लोग जिस तरह से उस परिवार के प्रति अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हैं, उसके कारण परिवार के लोग भी बहुत ही जल्दी ऐसे बच्चों से छुटकारा पाने के लिए उन्हें अपने घर से निष्कासित कर देते थे, जिसका परिणाम यह होता था कि उन बच्चों की न तो उचित शिक्षा हो पाती थी और न ही उनका ठीक ढंग से पालन-पोषण हो पाता था।...(व्यवधान) जब वे बीमार होते हैं तो उन्हें स्वास्थ्य की सुविधाएं भी नहीं मिलती हैं।...(व्यवधान) उन्हें रोजगार से इसलिए वंचित कर दिया जाता है कि वे ट्रांसजेंडर श्रेणी में आते हैं।...(व्यवधान) उन्हें रोजगार का समान अवसर भी नहीं मिलता है।...(व्यवधान) हमारी सरकार, जैसा मैंने कहा कि यह एक संवेदनशील सरकार है और इस सरकार ने इस बात को बहुत ही शिद्दत से महसूस किया है।...(व्यवधान) उभयलिंगी बच्चों की कठिनाइयों को दूर करने के लिए इस अधिनियम के माध्यम से हमने शक्तियां उपलब्ध कराने का काम किया है।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष जी, हम लोगों ने इस अधिनियम के माध्यम से 27 ऐसे प्रावधान किए हैं, जिनके द्वारा केन्द्र सरकार के द्वारा जो योजनाएं चलाई जाती हैं, उन सभी योजनाओं का लाभ, बिना भेद-भाव के ट्रांसजेंडर्स को मिल सके।...(व्यवधान) इसके अलावा, अन्य विधियों में, उनके जो भी कानूनी अधिकार हैं, उनको सुरक्षित करने के लिए भी हम लोगों ने उन्हें अधिकार दिए हैं।...(व्यवधान) इसके साथ ही साथ, उनकी मदद के लिए यदि सद्भावपूर्वक इस तरह की कोई कार्रवाई होती है, तो उस कार्रवाई को करने में यदि कोई कठिनाई आती है या कोई प्रावधान भी होता है, उसको भी संरक्षण देने की व्यवस्था हमारे सरकार ने की है।...(व्यवधान) 'समुचित सरकार और समुचित अधिनियम' ऐसी अधिसूचना बनाकर पूर्वगामी शक्तियों के आधार पर ट्रांसजेंडर्स के हितों के संरक्षण के लिए हम लोगों ने काम किया है।...(व्यवधान)

महोदय, हमारी सरकार ने उभयलिंगी लोगों के अधिकारों की सुरक्ष के लिए एक राष्ट्रीय परिषद् बनाने का भी निर्णय लिया है।...(व्यवधान) इसके संबंध में, उभयलिंगी व्यक्तियों के लिए नीतियां, कार्यक्रम, विधान और परियोजनाएं तैयार करने का काम हमारी राष्ट्रीय परिषद् करेगी। इसके अध्यक्ष हमारे माननीय सामाजिक और अधिकारिता मंत्री होंगे और इसके उपाध्यक्ष हमारे राज्य मंत्री होंगे।...(व्यवधान) इसके साथ-साथ हमारी जो परिषद् है, इसे इतनी शक्तियां दी गई हैं कि इसके आधार पर शिक्षा, चिकित्सा और रोजगार संबंधी जो व्याधियां आती हैं, उन नियमों और कानूनों में समय-समय पर परिवर्तन करके उभयलिंगी लोगों के अधिकारों का संरक्षण इस अधिनियम के द्वारा किया जा सके, इसके लिए हमने प्रावधान किए हैं।...(व्यवधान) साथ ही साथ, जो उभयलिंगी लोग होते हैं, उन्हें बहुत से लोग चिढ़ाने का काम करते हैं।...(व्यवधान) उनके खिलाफ ऐसे जुमले

कहते हैं, जिनसे उनका अपमान होता है।...(व्यवधान) कई बार उनके साथ मारपीट की घटनाएं भी होती हैं।...(व्यवधान) वे सामान्य रूप से जो काम कर रहे होते हैं, उन्हें ऐसा करने से रोकने के भी अपराध किए जाते हैं।...(व्यवधान) ऐसे कार्यों को अपराध की श्रेणी में लाने का काम भी हमारी सरकार ने किया है और इसके लिए दंड का प्रावधान भी किया है।...(व्यवधान) साथ ही साथ, हमारी सरकार ने, जो राष्ट्रीय परिषद् बनेगी, उसको यह भी अधिकार दिया है कि स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, गृह मंत्रालय, अल्पसंख्यक मंत्रालय, श्रम मंत्रालय, विधि मंत्रालय आदि ऐसे सभी मंत्रालयों से वह अपना समायोजन करेगी।...(व्यवधान) उसको अन्यान्य अधिकार, जो इन अधिनियमों के अन्तर्गत प्रतिबंधित होते हैं, उन्हें भी रोकने का काम इस अधिनियम के द्वारा किया जाएगा।...(व्यवधान) साथ ही साथ, हमने इस अधिनियम में यह भी व्यवस्था की है कि उन्हें निवास का अधिकार दिया जाए।...(व्यवधान) जहां वे चाहते हैं, उन्हें वहां रहने का अधिकार दिया जाए।...(व्यवधान) यह नहीं कि उन्हें गांव से निकाल दें, घर से निकाल दें, समाज से निष्कासित करें, ऐसी सभी चीजों पर प्रतिबंध लगेगा।...(व्यवधान) ट्रांसजेंडर लोग जब और जहां चाहेंगे, वहां उन्हें निवास करने का अधिकार इस अधिनियम के द्वारा प्राप्त होगा।...(व्यवधान) वे समाज में रह सकेंगे, उनके अधिकारों की सुरक्षा की जाएगी, ऐसी व्यवस्था भी हम लोगों ने इस अधिनियम के माध्यम से की हैं।...(व्यवधान) शैक्षणिक संस्थाएं और रोजगार उपलब्ध कराने वाली संस्थाएं, इस कारण कि वे उभयलिंगी हैं, उनमें उन्हें शिक्षा ग्रहण करने से या उनमें ऐसी योग्यता है कि वे किसी नौकरी के लायक हैं तो उन्हें इससे रोका नहीं जा सकेगा।...(व्यवधान) इसके साथ ही अगर वे स्वरोजगार करना चाहते हैं तो उन रोजगारों के लिए भी उन्हें पूरा अवसर, जो भी सरकार की योजनाएं होंगी और उनके कानून होंगे, उनके अनुसार उन्हें वह दिया जाएगा।...(व्यवधान)

(1250/MY/KSP)

साथ ही साथ अगर उभयलिंगी लोग अपना प्रमाण-पत्र मांगते हैं, तो उनको प्रमाण-पत्र देने की व्यवस्था भी इस अधिनियम के द्वारा की गई है। ...(व्यवधान) इसमें जिला के जो जिला मस्ट्रिेट होंगे, उनके सामने आवेदन करने के बाद हमारे ट्रांसजेंडर लोगों की एक जांच होगी।...(व्यवधान) इसके लिए एक सिस्टम है, तीन लोगों की एक कमेटी है।...(व्यवधान) उस कमेटी के द्वारा उनको प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराया जाएगा। इसके साथ ही एक बड़ा प्रावधान इस अधिनियम के द्वारा किया गया। ...(व्यवधान) अगर कोई ट्रांसजेंडर भाई-बहन अपने लिंग का परिवर्तन कराता है, तो उसको यह अधिकार होगा...(व्यवधान) इस अधिकार के द्वारा यदि वे पुरुष या महिला में परिवर्तित हो जाते हैं, उसके बाद अगर वे चाहेंगे, तो उनके प्रमाण-पत्र को पुन: संशोधित किया जाएगा। ...(व्यवधान) एक मेडिकल जांच के बाद, जिस श्रेणी में वे आए हैं, चाहे वे श्रेणी पुरुष के हों या महिला के हों, उसी श्रेणी का प्रमाण-पत्र उनको देने का काम इस अधिनियम के द्वारा सुनिश्चित किया जाएगा। ...(व्यवधान) साथ ही साथ सरकार की जो कल्याणकारी योजनाएं होंगी, चाहे वह आवास संबंधित हो या पेंशन आदि से संबंधित योजना हो, उन सभी योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव के सभी ट्रांसजेंडर लोगों को देने का काम हमारी सरकार करेगी।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय, मैं यह भी कहना चाहूंगा कि जिस तरह से हम लोगों ने यह प्रयास किया है, जहां यह हमारी सरकार की संवेदनशीलता को प्रदर्शित करता है, वहीं हमारे जो भाई यहां वेल में मौजूद हैं, केवल वोट बैंक की राजनीति के कारण ऐसा कर रहे हैं।...(व्यवधान) आज धारा 370 को समाप्त करने की बात हो रही है। इसके विरोध के कारण वे आज वेल में खड़े हैं।...(व्यवधान) मैं आप से यही कहना चाह रहा था।...(व्यवधान) मैं इस अधिनियम का समर्थन करते हुए दो-तीन बातें कहना चाहता हूं। मैं इसमें एक और

बात जोड़ना चाहता हूं। हमारे जो ट्रांसजेंडर भाई-बहन हैं, उनके विरुद्ध अपराधों में अधिकतम सजा दो वर्ष की है।...(व्यवधान) मेरा आपसे अनुरोध है कि जिस तरह से सामान्य लोगों को सजा दी जाती थी, वैसी सजा उनको भी देने का प्रावधान किया जाए।...(व्यवधान) साथ ही साथ जो दिव्यांग व्यक्ति थे, हम वर्ष 2016 में अशक्त व्यक्तियों के अधिकार के लिए अधिनियम लेकर लाए थे।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी और सरकार से अनुरोध करना चाहता हूं कि उस दिव्यांग अधिनियम को भी इसमें शामिल किया जाए। उसमें जो अधिकार दिव्यांगों को प्राप्त है, वह अधिकार भी ट्रांसजेंडरों को देने का काम हमारी सरकार करे। इसके साथ ही साथ अशक्त व्यक्ति अधिनियम 2016 के तहत दिव्यांग की श्रेणी में भी इनको शामिल किया जाए।...(व्यवधान) दिव्यांगों के लिए हमने नौकरी और रोजगार में आरक्षण का प्रावधान किया है। मैं आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध करता हूं कि ट्रांसजेंडर लोगों को भी रोजगार और नौकरी में दिव्यांग व्यक्तियों की तरह आरक्षण देने का काम हमारी सरकार करे।...(व्यवधान) साथ ही साथ जिस तरह से हमारी सरकार ने ट्रांसजेंडर लोगों के अधिकारों के लिए अधिनियम लाकर उनके हितों की रक्षा करने के लिए काम किया है।...(व्यवधान) हमारा वर्ष 2022 का जो नए भारत का संकल्प है, न्यू इंडिया कंसेप्ट है, जिसके द्वारा हम प्रत्येक व्यक्ति को घर, शौचालय, बिजली, गैस और रोजगार उपलब्ध कराने का काम करने जा रहे हैं,...(व्यवधान) मैं चाहता हूं कि सरकार उसी तरह से ट्रांसजेंडरों को भी तमाम सुविधाएं उपलब्ध कराए। जिनके पास घर नहीं है, उनको घर और अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने का काम सरकार द्वारा किया जाए। ...(व्यवधान) निश्चित रूप से यह बिल बहुत ही अच्छा बिल है। यह हमारे ट्रांसजेंडर भाई-बहनों के जीवन में एक व्यापक परिवर्तन लेकर आएगा।...(व्यवधान) आज समाज में ट्रांसजेंडर लोगों को हम लोग भेदभाव की दृष्टि से देखते हैं। घर से लेकर समाज और स्कूल से लेकर रोजगार के स्थानों पर उनको भेदभाव का सामना करना पड़ता था।...(व्यवधान) ट्रांसजेंडर होने के नाते उनके पास कोई अधिकार नहीं था। हमारी सरकार ने यह प्रावधान किया है कि घर-परिवार से लेकर समाज के अन्य स्थानों पर भी उनको संरक्षण देने का काम इस अधिनियम के द्वारा किया जाएगा। ...(व्यवधान) उसके साथ-साथ उनको उचित शिक्षा मिल सके, जितना वह पढ़ना चाहे, जितनी उनमें योग्यता हो, उसके अनुसार उनको रोजगार मिले। वे समाज की मुख्यधारा में आएं।...(व्यवधान) उनकी जो योग्यता या क्षमता है, उसका लाभ राष्ट्र के निर्माण में हो। इन सारी बातों को लेकर हमारी सरकार यह अधिनियम लाई है।...(व्यवधान) निश्चित रूप से इसका स्वागत होगा। हम सभी इस अधिनियम का समर्थन करें। इसके लिए मेरा सभी माननीय सदस्यों से अनुरोध है। मैं आप सभी से पुन: अनुरोध करते हुए, इस बिल का समर्थन करता हूं और आप सभी का बहुत-बहुत धन्यवाद करता हूं।...(व्यवधान)

(इति)

(1255/CP/SRG)

माननीय अध्यक्ष : डॉ. बीसेट्टी वेंकट सत्यावती : उपस्थित नहीं।

डॉ. संजय जायसवाल।

...(<u>व्यवधान</u>)

1255 बजे

डॉ. संजय जायसवाल (पश्चिम चम्पारण): अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे एक इम्पॉर्टेंट बिल, दी ट्रांसजेंडर पर्सन्स (प्रोटेक्शन ऑफ राइट्स) बिल, 2019 पर बोलने के लिए मौका दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं।...(व्यवधान) आज का दिन बहुत ही ऐतिहासिक दिन है।...(व्यवधान) आज हम लोग 70 साल की सारी गलतियों को ठीक कर रहे हैं। ...(व्यवधान) हमारे संविधान में पुरुषों को अधिकार दिए गए, स्त्रियों को अधिकार दिए गए, लेकिन उभयलिंगियों को कोई अधिकार नहीं दिया गया। ...(व्यवधान) मैं आभारी हूं कि संविधान में जो केवल पुरुष और स्त्री के तौर पर व्याख्या हुई थी, आज हमारी सरकार ने उभयलिंगियों को सारे अधिकार देकर के, जो 72 साल की देश की गलती थी, उसको सुधारने का काम आज यह लोक सभा कर रही है।...(व्यवधान) मैं कांग्रेस मित्रों का भी आभारी हूं कि वे सब वेल में होने के बावजूद भी पूरा का पूरा समर्थन कर रहे हैं। ...(व्यवधान) वेल में रहने के बावजूद भी मेरे सारे वक्तव्य पर जिस तरह से ये इतनी जोर से तालियां पीट रहे हैं, यह बताता है कि इनका पूरा समर्थन इस बिल के साथ है।...(व्यवधान) इसके लिए मैं कांग्रेस मित्रों का भी आभारी हूं।...(व्यवधान) मैं उन्हें विश्वास दिलाता हूं कि जो भी 1947 की गलतियां हुई हैं, वे सब इस लोक सभा में हम आज ठीक कर रहे हैं।...(व्यवधान) इसके लिए मैं माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का, माननीय गृह मंत्री श्री अमित शाह जी का, माननीय समाज कल्याण मंत्री श्री थावर चंद गहलोत जी का और उनके राज्य मंत्री श्री रतन लाल कटारिया जी का बहुत-बहुत आभारी हूं कि ये एक ऐसा कानून लाए हैं, जिसकी जरूरत इस देश को पिछले 72 सालों से थी। ...(व्यवधान) चाहे वह हिंदू सक्सेशन एक्ट हो, चाहे वह मुस्लिम माइनोरिटी एक्ट हो, कहीं भी हमारे देश में उभयलिंगियों के बारे में कोई व्यवस्था नहीं थी। ...(व्यवधान) लेकिन आज यह देश उनके अधिकार के प्रति भी जागरूक होकर उनको इनसाफ दिलाने का एक ईमानदार प्रयास कर रहा है।...(व्यवधान) इसके लिए मैं पूरी की पूरी लोक सभा को बहुत-बहुत बधाई देता हूं।...(व्यवधान)

आज एक ऐतिहासिक दिन है।...(व्यवधान) पूरे विश्व में बहुत सारे देशों में उभयलिंगियों के अपने अधिकार हैं, लेकिन आज तक वे अधिकार हमारे देश में नहीं मिल पाए थे।...(व्यवधान) हमारे यहां यह परिभाषित ही नहीं था कि उभयलिंगी की डेफिनिशन क्या होगी?...(व्यवधान) आज हमारी सरकार इसकी डेफिनिशन को कह रही है। ...(व्यवधान) यह केवल उनकी व्याख्या ही नहीं कर रही है, बल्कि उनको यह अधिकार भी दिलाने का प्रयास कर रही है कि उनको अलग से सर्टिफिकेट मिल सके।...(व्यवधान) वह सर्टिफिकेट सीएमओ और सोशल वेलफेयर देगा। ...(व्यवधान) हमारी सरकार इस बात के लिए बहुत संवेदनशील है। ...(व्यवधान) आप कहेंगे तो लंच के बाद मैं बोल लूंगा। ...(व्यवधान) सरकार बहुत संवेदनशील है कि उभयलिंगियों की परिभाषा कैसी होनी चाहिए और इसीलिए हमारी सरकार ने सोशल वेलफेयर अधिकारी और सीएमओ को अधिकार दिया।...(व्यवधान) पर इस संवेदनशीलता का भी ध्यान रखा है कि अलग से अगर वे चाहें, तभी यह सर्टिफिकेट लें और इसके लिए किसी भी तरह का फोर्स उन पर नहीं होना चाहिए।...(व्यवधान)

इसके अलावा उनको अब रहने का भी अधिकार मिल रहा है, राइट ऑफ रेजीडेंस मिल रहा है।...(व्यवधान) अभी तक उनको यह अधिकार नहीं था।...(व्यवधान) उनके घर में कोई

डिसक्रिमिनेशन कर देते थे, बहुत सारे बच्चों को जबरदस्ती उठाकर ले जाया जाता था, तो कहीं माता-पिता स्वयं छोड़ देते थे।...(व्यवधान) आज उस तरह का कोई डिसक्रिमिनेशन इन उभयलिंगियों के साथ नहीं कर सकता है।...(व्यवधान)

इसके अलावा उनको रोजगार में भी सुविधा मिले, इसका सारा ध्यान यह सरकार रख रही है। ...(व्यवधान) रोजगार और शिक्षा की सुविधा उनको मिले।...(व्यवधान) खास कर हमारे डॉ. किरीटभाई सोलंकी बता रहे थे कि किस तरह से स्वास्थ्य सेवाओं में उनके साथ डिसक्रिमिनेशन होता था।...(व्यवधान)

(1300/SK/KKD)

मैं सरकार का आभारी हूं कि सारे डिस्क्रिमिनेशन को खत्म किया है। केंद्र सरकार ने स्वयं और राज्य सरकारों ने भी तय किया है, चाहे स्किल डेवलपमेंट का क्षेत्र हो या वोकेशनल ट्रेनिंग का क्षेत्र हो, सभी जगह अलग से रिजर्वेशन हो।

मैं आपका बहुत आभारी हूं कि आपने मुझे इस मुख्य बिल पर बोलने का मौका दिया और 70 साल की नाइंसाफी को दूर किया।

माननीय अध्यक्ष: सभा की कार्यवाही भोजन अवकाश के लिए दो बजे तक के लिए स्थगित की जाती है।

1301 बजे

तत्पश्चात् लोक सभा मध्याह्न-भोजन के लिए चौदह बजे तक के लिए स्थगित हुई।

(1400/MK/RP)

1402 बजे

मध्याह्न-भोजन के पश्चात् लोक सभा चौदह बजकर दो मिनट पर पुनः समवेत् हुई।

(श्रीमती मीनाक्षी लेखी पीठासीन हुईं)

श्री अधीर रंजन चौधरी (बहरामपुर): मैडम, क्या हम लोग एडजर्नमेंट मोशन उठा सकते हैं।

माननीय सभापति (श्रीमती मीनाक्षी लेखी): अभी नहीं, अभी हाउस का बिजनेस चल रहा है।

…(व्यवधान)

श्री अधीर रंजन चौधरी (बहरामपुर): मैडम, विपक्ष की कोई बात नहीं सुनी जा रही है। …(व्यवधान)

माननीय सभापति (श्रीमती मीनाक्षी लेखी): अधीर जी, ऐसा नहीं है।

…(व्यवधान)

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल): सभापति महोदया, माननीय रक्षा मंत्री जी जवाब देने के लिए तैयार हैं। हम तो उस समय भी तैयार थे। …(व्यवधान) आप लोग वैल छोड़ना नहीं चाह रहे थे। …(व्यवधान)

श्री अधीर रंजन चौधरी (बहरामपुर): आप तैयार थे, लेकिन हमें बोलने नहीं दिया गया था। …(व्यवधान)

SHRI T. R. BAALU (SRIPERUMBUDUR): Madam, we have also given notice of an Adjournment Motion. …(*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON (SHRIMATI MEENAKASHI LEKHI): Mr. Baalu, right now, the Business of the House is already started, the Transgender Bill needs to be passed. The hon. Member is on his legs.

… (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: Let us get over with this.

… (*Interruptions*)

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HEAVY INDUSTRIES AND PUBLIC ENTERPRISES (SHRI ARJUN RAM MEGHWAL): Madam, first of all, the business taken by the House should be completed.

SHRI ADHIR RANJAN CHOWDHURY (BAHARAMPUR): Madam, the Adjournment Motion means, you adjourn the House. …(*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: Adhir ji, it means, your request for adjournment has been declined. It would have only given you an opportunity to say something for which the hon. Defence Minister was also there. Now, the Business of the House is already started. The Member is on his legs.

Dr. Sanjay Jaiswal ji.

… (*Interruptions*)

उभयलिंगी व्यक्ति अधिकारों का संरक्षण विधेयक-जारी

1404 बजे

डॉ. संजय जायसवाल (पश्चिम चम्पारण): सभापति महोदया, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। आपने मुझे लंच के बाद अपना भाषण कंटिन्यू करने का मौका दिया।

1404 बजे

(इस समय श्री हिबी इडन और कुछ अन्य माननीय सदस्य आकर पटल के निकट बैठ गए)

मेरे भाषण में दो बातें छूट रही हैं, वह है कि यह पहली बार है कि अगर कोई ट्रांसजेंडर्स के खिलाफ कार्रवाई करता है। …(व्यवधान) पहले आप मेरी बात को खत्म हो जाने दीजिए, आप किसी सदस्य को रोक कर कैसे बोल सकते हैं। मेरा भाषण अभी समाप्त नहीं हुआ है। मेरा भाषण समाप्त हो जाने दीजिए, फिर आप जो चाहे बोलिएगा। …(व्यवधान)

(1405/YSH/RCP)

सभापति महोदया, यह पहली बार है कि किसी भी उभयलिंगी के साथ जबर्दस्ती की जाती है या उनसे जबर्दस्ती भीख मंगवाई जाती है या उनको बांडेड लेबर किया जाता है या जो सार्वजनिक उपयोग की चीजें हैं, उनमें उनके साथ गैर बराबरी की जाती है…(व्यवधान)

1406 बजे

(इस समय डॉ. तामिझाची थंगापंडियन और कुछ अन्य माननीय सदस्य आकर पटल के निकट बैठ गए।)

जो कानून लाया गया है, वह उनकी चिंता करता है। देश में 72 साल बाद खुशी की बात है कि उभयलिंगियों को पूर्ण रूप से अधिकार मिल रहे हैं। यह पहली बार है कि नेशनल काउंसिल फॉर ट्रांसजेन्डर पर्सन्स बन रही है। इसके अन्तर्गत उभयलिंगियों को देश में क्या-क्या अधिकार मिलें, कैसे उनको शिक्षा में उचित बढ़ावा मिले, कैसे उनको नौकरी में उचित बढ़ावा मिले, किसी भी तरह का उनके साथ भेदभाव न हो, इन सबको ध्यान में रखते हुए नेशनल काउंसिल फॉर ट्रांसजेन्डर पर्सन बन रही है। इसमें यूनियन मिनिस्टर ऑफ सोशल जस्टिस चेयरपर्सन रहेंगे, मिनिस्टर ऑफ स्टेट सोशल जस्टिस वाइस चेयरपर्सन रहेंगे इसके अलावा मिनिस्ट्री ऑफ सोशल जस्टिस के सेक्रेटरी रहेंगे। स्वास्थ्य विभाग से, गृह विभाग से और एच आर डी विभाग से एक-एक रिप्रजेंटैटिव रहेंगे, इसके अलावा इसमें नीति आयोग का भी रिप्रजेंटेशन रहेगा, जिससे देश में भविष्य की जितनी भी योजनाएं बनेंगी, वे उभयलिंगियों को ध्यान में रखकर बनेंगी। एक बहुत अच्छी बात है कि एन.एच.आर.सी का भी मैम्बर एन.सी.टी. में रहेगा और इस तरह से उनके जो ह्यूमन राइट्स के वाइलेशन होंगे, अभी तक हमें उनके ह्यूमन राइट्स पर ग्रीवान्स करने का अधिकार नहीं होता था, यह पहली बार है कि एन.सी.टी. बन जाने के बाद एक पूरी की पूरी कमेटी केन्द्रीयकृत बन रही है। जिस तरह से किरिट भाई बोल रहे थे कि कितनी ही तरह की डिसक्रिमिनेशन्स हॉस्पिटल में इलाज के दरम्यान झेलनी पड़ती हैं, पुरुष वार्ड वाले कहते थे कि स्त्री वार्ड में जाइए और स्त्री वार्ड वाले कहते

थे कि ये कहां से आ गए, तो अब इस तरह की डिसक्रिमिनेशन्स को झेलना नहीं पड़ेगा। केन्द्र सरकार जो वेलफेयर मेजर्स बनाएगी, उसमें भी उसका ध्यान रखा जाएगा। मैं कांग्रेस के मित्रों का बहुत-बहुत आभारी हूं कि जब मैं पिछली बार भाषण दे रहा था तो उन सभी ने वेल में आने के बावजूद भी तालियां पीटकर के मेरा उत्साह बढ़ाया था और सम्पूर्ण ट्रांसजेन्डर समुदाय का उत्साह बढ़ाया था। यह 72 साल का क्रांतिकारी बिल है। 72 साल पहले कांस्टिट्यूशन में स्त्री और पुरुषों को तो समानता का अधिकार मिला था, लेकिन उभयलिगिंयों को अधिकार नहीं मिला था। यह लोकसभा आज उभयलिंगियों को अधिकार दे रही है, इसके लिए मैं सभी माननीय सदस्यों से अनुरोध करूंगा कि वे सभी एकमत होकर इस बिल का समर्थन करें और इस देश में एक नया इतिहास रचें कि स्त्री पुरुषों के बाद उभयलिंगियों को भी इस देश में बराबरी का अधिकार दिया जाता है। आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

(इति)

1409 बजे

श्री मनोज तिवारी (उत्तर पूर्व दिल्ली): सभापति महोदया, बहुत-बहुत धन्यवाद, कि आपने मुझे इस बिल The Transgender persons (Protection of Rights) Bill, 2019. पर बोलने का मौका दिया। मैं आपको और सदन को बताना चाहूंगा कि कुछ दिन पहले हम लोगों ने ट्रांसजेन्डर्स लोगों की बहुत बड़ी मीटिंग दिल्ली के एक स्थान पर की थी और उस मीटिंग में मैं और ईस्ट दिल्ली के सांसद गौतम गंभीर जी शामिल हुए थे। सभापति महोदया, जब हम लोग ने उनकी पीड़ा को सुनना शुरू किया तो ऐसा लग रहा था कि इतनी बड़ी समस्या को अब तक क्यों नहीं देखा गया। जब लोगों ने बोलना शुरू किया और जब उन्होंने अपना दर्द बताया कि कैसे पता चलने पर वे घर से निकाल दिए गए, कैसे समाज में जाने के बाद लोगों ने उनके साथ व्यवहार किया, ऐसे लोगों के साथ रेप की घटनाएं हुई, ऐसे लोगों के जीवन को इस समाज के लोगों ने भी इस तरह से देखा कि वह सब कुछ सुनने के बाद मेरा मन हुआ कि मैं दूसरे ही दिन सुबह पार्लियामेंट में आकर इस बात को रखूं।

(1410/RPS/SMN)

मैं मोदी सरकार को धन्यवाद देता हूं। मैं इस विभाग के मंत्रिगण माननीय थावर चंद गहलोत जी, कृष्णपाल गूजर जी और कटारिया जी को धन्यवाद देता हूं, जिन्होंने आज इस बिल को सदन में प्रस्तुत किया है। मुझे थोड़ी देर पहले दुख हो रहा था कि इतना महत्वपूर्ण बिल लाया गया है और जितने वक्ता यहां बोल रहे थे, उनकी बातों को सब लोग अच्छे से सुन नहीं पा रहे थे। नैतिकता हमेशा ही सदन की सबसे बड़ी मर्यादा होनी चाहिए। ऐसे बिल पर भी अगर यहां विचार न हो तो निश्चित रूप से कभी-कभी दुख होता है।

सभापति महोदया, मैं उन लोगों द्वारा कही गई सारी चीजें, जिनको उन्होंने मुझसे कहा था कि सदन में रखा जाए, मैं यहां रखना चाहता हूं, जिससे देश को पता चलेगा कि वे लोग चाहते क्या हैं, ट्रांसजेंडर पर्सन्स चाहते क्या हैं। मुझे इस बात की खुशी है कि उनकी जो मांगें थीं, उनमें से मैक्सिमम मांगों को इस सरकार ने, इस मंत्रालय ने इस बिल में शामिल किया है, इसके लिए मैं नरेन्द्र मोदी जी और पूरे मंत्रालय को धन्यवाद देना चाहता हूं। यह 'टीम' कहती है कि अच्छा है कि सरकार ने ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के लिए स्क्रीनिंग कमेटी को हटा दिया है। वह 'टीम' इसकी सराहना कर रही है। जब-जब मैं 'टीम' शब्द कह रहा हूं, तब यह मान लिया जाए कि ट्रांसजेंडर लोगों की एक पूरी टीम है। उन लोगों ने लगभग 500 की संख्या में एक मीटिंग की, उनकी संसद चल रही थी, 'ट्रांसजेंडर पर्सन्स की संसद' चल रही थी और उसमें ये बातें उनके मिनट्स से निकलकर आईं, जो हम दो सांसदों के समक्ष रखी गईं। उन्होंने एक मांग और रखी थी कि उत्पीड़न, बलात्कार और ट्रांसजेंडर पर्सन्स की हत्या के खिलाफ मजबूत कानून हो, क्योंकि अभी केवल छ: महीने से दो साल तक की सजा का प्रावधान है। उनका कहना था कि सरकार ऐसे लोगों को, जो ट्रांसजेंडर पर्सन्स के बलात्कार या हत्या में शामिल होते हैं, कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। यह मांग भी उन्होंने की थी। नालसा जजमेंट में ट्रांसजेंडर पर्सन्स के लिए आरक्षण के बारे में बात की गई थी कि ट्रांसजेंडर पर्सन्स के लिए कई क्षेत्रों में आरक्षण की आवश्यकता है। मुझे बहुत खुशी है कि इस बिल में भी उनकी इस बात का बहुत ध्यान रखा गया है। उन्होंने एक बात कही थी, अब सुनने में अजीब सा लगता है, लेकिन हमें अपने

मन में उस शब्द के प्रति जो भाव है, उसे बदलना पड़ेगा, कि हिजड़ा संस्कृति को संरक्षित करने की आवश्यकता है। लोगों के मन में इसके प्रति एक अच्छा भाव लाने की जरूरत है। कई बार ईश्वर की इस नियामत को, हमें कई जगह पर उसे स्वीकार करके चलना चाहिए। जब वे लोग बोल रहे थे तो मुझे बहुत खुशी हो रही थी, वे लोग अपनी बातें फ्लुएंट इंग्लिश में बोल रहे थे, वे लोग इतने विद्वान लोग थे। ऐसी स्थिति में इन सभी लोगों की बातों को मैंने लिखा था, उन्होंने यह भी मांग की थी कि ट्रांसजेंडर पर्सन्स के लिए शिक्षा, रोजगार और कौशल विकास की बात हो। नरेन्द्र मोदी जी ने लगातार स्किल डेवलपमेंट पर जिस प्रकार से काम किया है, इस देश में जो लोग समझते थे कि पता नहीं डिग्री लेने के बाद नौकरी मिलेगी या नहीं, मनोज तिवारी की तरह, क्योंकि मेरे पास भी डिग्री थी। मैंने पहले भी बताया था कि डिग्री के आधार पर नौकरी नहीं मिली और मैं उसको जोर-जोर से बोलता हूं, जिससे देश के लोग जानें कि सिर्फ डिग्री लेने से ही हमें काम नहीं मिल सकता, हमें स्किल्ड होना पड़ेगा। यह बात भी ट्रांसजेंडर पर्सन्स की मीटिंग में हमसे कही गई थी। उन लोगों ने हमें एक बहुत महत्वपूर्ण बात कही थी, जो मैं सदन के समक्ष रखना चाहता हूं, वह बात उन्होंने अंग्रेजी में बताई थी। (1415/MMN/RAJ)

Make gender affirmation and gender change simple for the transgender people. इस बात का भी ध्यान रखा जाना चाहिए।

…(व्यवधान) मैं क्षमा चाहता हूं। किरिट सोलंकी जी ने अपने संभाषण में यह बात कही थी। इसको भी इस बिल में लाया गया है, यह बहुत खुशी की बात है। उन्होंने एक मांग रखी थी, shelter for the transgender persons who are thrown out by their families. ऐसे लोग जिनको पता चलता है कि ईश्वर ने कुछ अलग रचा है, उनको घर से निकाल दिया जाता था। अभी संजय जायसवाल जी ने भी अपने संभाषण में कहा है कि इस बिल के आने के बाद अब कोई लीगली हिम्मत नहीं कर पाएगा। जब मैं उन लोगों की बातें सुनता था, तो उनको नोट करके रखता था। आज मेरे लिए व्यक्तिगत खुशी का विषय है कि उन सारी चीजों को इस बिल में रखा गया है। Instead of rehabilitation, focus on skill building and providing soft loans for entrepreneurship. यह उन लोगों ने इतनी अच्छी बात कही थी कि हमारी रिहैबिलिटेशन की जगह, आप हमें स्किल्ड और उन क्षेत्रों में मजबूत करने की कोशिश कीजिए, हम अपने पैरों पर खड़े हो सकते हैं।

सभापति महोदया, मैंने एक उदाहरण देखा है। उस घटना के लगभग 20-25 दिनों बाद, मुझे एक फैमिली मिलती है। मैं इस पवित्र अगस्त हाउस को उस जानकारी से अवगत करना चाहता हूं। दो-तीन जगहों पर उनकी बात सुनने के बाद, मैं सभाओं में बोलता था। एक दिन मेरे पास एक फैमिली आई, उनके तीन बच्चे थे। उन्होंने हम से उनका परिचय कराया तो उनके पिताजी ने खुद हम से बोला कि मनोज जी मेरा एक बच्चा ट्रांसजेंडर है। मैं समझता हूं कि उनके लिए इस अगस्त हाउस में ताली बजानी चाहिए कि उन्होंने खुद कहा कि मेरा बच्चा ट्रांसजेंडर है और मैं उसको स्वीकार कर रहा हूं। पूरा देश इस बात को समझे कि हमें इनको निकालने की या कहीं और भेजने की आवश्यकता

नहीं है। उनको सजा देने की आवश्यकता नहीं है और न उनको कोई जबर्दस्ती ले जा सकता है, ऐसी किसी को हिम्मत नहीं होनी चाहिए। हम ने इन सारी चीजों को इसमें रखा है।

एक बहुत ही प्रसिद्ध किन्नर लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी जी हैं। वह गोरखपुर से हैं। मैं इसलिए उनकी चर्चा कर रहा हूं कि उन्होंने अभी एक बहुत बड़ी संस्था बनाई है। जब उत्तर प्रदेश में महाकुंभ चल रहा था, तो नरेन्द्र मोदी जी और उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री जी की उस व्यवस्था के लिए हर जगह तारीफ हो रही थी। जब लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी जी स्नान करने जाते थे, तब सबसे ज्यादा भीड़ दिखाई देती थी। वह महामंडलेश्वर बनाए गए हैं। हमारे भारत के सभी संतों का धन्यवाद होना चाहिए कि उन्होंने ऐसे किन्नर नरेश को महामंडलेश्वर की उपाधि दी है। जिनका धर्म जबर्दस्ती परिवर्तन किया जा रहा था, जो किन्नर हो जाते थे, उनका एक विशेष धर्म में परिवर्तन कराया जाता था। वे उन 98 प्रतिशत लोगों को कुंभ में वापस लाए। पूरी संस्कृति उन पर गर्व कर रही है।

आज जो बिल इस सदन में आया है, इसके लिए मैं हृदय से धन्यवाद देते हुए, सदन से प्रार्थना करूंगा और विपक्ष के अधीर रंजन जी से प्रार्थना करूंगा कि जब तक इस बिल पर चर्चा हो रही है, तब तक सदन को बाधित न करें और सभी लोग मिल कर इस बिल को पास करें। आपने मुझे बोलने का समय दिया है, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं।

(इति)

1419 बजे

श्री विनायक भाउराव राऊत (रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग): सभापति महोदया, मैं the Transgenders Persons (Protection of Rights) Bill, 2019 का समर्थन करने के लिए खड़ा हुआ हूं।

सभापति महोदया, समाज के एक महत्वपूर्ण घटक को न्याय देने का काम इस विधेयक के माध्यम से हो रहा है। जैसे संविधान के आर्टिकल-14 में देश के सारे नागरिकों को समानता का अधिकार प्राप्त है। समानता हमारा अधिकार है, लेकिन दुर्भाग्य से जिस घर में ऐसे बच्चों का जन्म होता था, उनके माता-पिता के लिए एक समस्या उत्पन्न होती थी।

(1420/IND/VR)

भविष्य में ऐसे बच्चों का क्या बनेगा, इसी सोच में परिवार वालों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। हमारे देश में लाखों की संख्या में ट्रांसजेंडर्स हैं, खासकर मुम्बई जैसे बड़े शहर में लगभग 3 लाख से ज्यादा ट्रांसजेंडर्स हैं। भगवान की कृपा से उन्हें मानव जन्म मिला, लेकिन उनका कोई भविष्य नहीं था। उन्हें रास्ता दिखाने का काम इस विधेयक के माध्यम से हुआ, इसके लिए मैं मंत्री जी का अभिनंदन करता हूं।

सभापति महोदया, जैसा कि मनोज तिवारी जी ने बताया कि पढ़ने-लिखने के बावजूद भी नौकरी नहीं मिलती थी और कोई उन्हें नौकरी पर रखने के लिए तैयार नहीं होता था। इस विधेयक ने सारी समस्याओं का निवारण करके सभी क्षेत्रों में चाहे शिक्षा का क्षेत्र हो, चाहे नौकरी का क्षेत्र हो, चाहे सरकारी नौकरी हो या प्राइवेट सैक्टर में नौकरी हो, ये सारे दरवाजे खोले हैं। यदि उनके ऊपर कोई अन्याय करने की कोशिश करता है, तो न्यायालय के माध्यम से उन्हें संरक्षण देने का काम किया है। मैं अभिमान से बताना चाहता हूं कि मुम्बई विद्यापीठ एकमात्र ऐसा विद्यापीठ है, जिसने इस विधेयक के लाने से पहले ही उनके बारे में सोचा। जैसे पहले स्कूल में ऐसे बच्चों को डालते थे, तो यह समस्या आती थी कि उनके वर्ग के आगे क्या लिखें। लेकिन मुम्बई विद्यापीठ एकमात्र ऐसा विद्यापीठ था, जिसने इस वर्ष से ट्रांसजेंडर की डेफिनेशन ही अलग कर दी और बिना किसी संकोच के मुम्बई विद्यापीठ के कई कालेजेज में ट्रांसजेंडर्स एडमिशन ले सकते हैं और वे सम्मान से शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं।

महोदया, मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि ट्रांसजेंडर वर्ग के लिए काम करने वाली कई संस्थाएं हैं और एक ऐसी बड़ी संस्था महाराष्ट्र में काम करती है। उसका कहना है कि कानून बन चुका है लेकिन ट्रांसजेंडर वेलफेयर बोर्ड का भी निर्माण करने की आवश्यकता है। इस बिल के माध्यम से केंद्र सरकार ने निधि का प्रावधान किया है और राज्य सरकार को भी निधि देने की आवश्यकता है। ट्रांसजेंडर वेलफेयर बोर्ड तैयार हो, तो उनके भविष्य के निर्माण के लिए स्थायी हल निकाल सकते हैं और इस वर्ग का भला हो सकता है। मैं एक बार फिर से देश के वंचित वर्ग, जिसकी संख्या करोड़ों में है, ऐसे ट्रांसजेंडर वर्ग के लिए न्याय देने का काम, उनका जीवन सफल बनाने का काम लोक सभा में इस बिल के माध्यम से मंत्री जी ने किया है, इसके लिए मैं उन्हें धन्यवाद देता हूं।

(इति)

1424 बजे

प्रो. एस. पी. सिंह बघेल (आगरा): सभापति महोदया, मैं आपका आभार प्रकट करता हूं कि समाज के अंतिम व्यक्ति के पक्ष में लाए गए इस विधेयक पर आपने मुझे अपनी बात कहने का मौका दिया है। मैं कांग्रेसजनों से कहना चाहूंगा कि वे ताली न बजाएं। ताली बजाने वाले वर्ग के अधिकारों के संरक्षण के लिए ही यह बिल लाया गया है। …(व्यवधान) आज से ताली बजाने वालों को ताली बजाने की कोई आवश्यकता नहीं होगी। …(व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON (SHRIMATI MEENAKASHI LEKHI): Adhir ji, it has been made clear to you in the morning by the hon. Speaker.

… (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: It has been made clear that the business of the House must continue.

… (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: Let this Bill go on. Then, you can speak afterwards.

… (*Interruptions*)

(1425/SAN/VB)

HON. CHAIRPERSON (SHRIMATI MEENAKASHI LEKHI): You cannot just do this. In the morning, the hon. Speaker said it.

… (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: Let us not disturb a Member when he is speaking.

Let this Transgender Persons Bill get over.

… (*Interruptions*)

प्रो. एस. पी. सिंह बघेल (आगरा): माननीय सभापति महोदया, मैं उभयलिंगी व्यक्ति (अधिकारों का संरक्षण) विधेयक, 2019 के पक्ष में बोलने के लिए खड़ा हुआ हूँ। मैं अपने विपक्षी भाइयों से निवेदन करना चाहूँगा कि यह विधेयक उभयलिंगी लोगों के वेलफेयर का है। यदि उनकी बद्दुआ लग गई, तो आज जहाँ हो, वहाँ से भी गायब हो जाओगे। अभी थोड़ी देर पहले आप लोग ताली बजा रहे थे। जो वर्ग ताली बजा रहा था, उसके लिए भी आज के इस विधेयक के बाद रोजगार, शिक्षा, चिकित्सा आदि का इंतजाम कर दिया गया है। आज के बाद उनको भी ताली बजाने की कोई आवश्यकता नहीं होगी। इसलिए उनका काम आप न करें।

इस विधेयक में लोहिया जी के गैर-बराबरी, बाबा साहब का समतामूलक समाज और पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के अंत्योदय की झलक मिल रही है क्योंकि अंत्योदय का मतलब केवल आखिरी व्यक्ति के मकान, दुकान, शिक्षा, चिकित्सा आदि का ही इंतजाम करना नहीं होता है, बल्कि अंत्योदय का मतलब यह भी होता है कि अंतिम पायदान पर खड़ा व्यक्ति, जो उपेक्षित है, पीड़ित है, शोषित है, गैर-बराबरी या असमानता का शिकार है, मान-सम्मान नहीं पा रहा है, अधिकारों से वंचित

है, उसको भी ये सब देना अंत्योदय की ही श्रेणी में आता है। यही लोहिया जी की गैर-बराबरी है, यही बाबा साहब का समतामूलक समाज है।

संविधान शिल्पियों से गलती कैसे हो गई, मुझे इस बात का अचम्भा है। आर्टिकल 14 में जब समानता के व्यवहार की बात है, उसमें पुल्लिंग और स्त्रीलिंग का वर्णन तो है, लेकिन उभयलिंग का वर्णन नहीं है। बहुत-से विद्वान लोगों ने संविधान लिखा है, लेकिन 19-20 लाख की आबादी वाला यह वर्ग उनसे वंचित रह गया। आज संविधान की मूल आत्मा, जो प्रस्तावना है, की आत्मा भी प्रसन्न हो रही होगी, जब प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी और श्री थावर चंद गहलोत जी ने इस तीसरे उभयलिंगी वर्ग को न्याय देने का काम किया है।

मैं कहना चाहूँगा कि मानव शरीर की जो एनाटामी है, उसमें हमारे और उनके सभी सिस्टम्स एक हैं। ब्लड वैसकुलर सिस्टम जो ट्रांसजेंडर्स का है, वही हमारा है, एक्सक्रिटरी सिस्टम जो उनका है, वही हमारा है, रेस्पिरेटरी सिस्टम जो उनका है, वही हमारा है, नर्वस सिस्टम जो उनका है, वही हमारा है, केवल रिप्रोडक्टिव सिस्टम में कुदरत ने थोड़ी-सी गलती कर दी है, तो उसकी सजा उनको नहीं मिलनी चाहिए। लम्हों ने खता की और सदियों ने सजा पाई, ऐसा नहीं होना चाहिए।

उनकी आर्टिलरी और हमारी आर्टिलरी, उनकी वेन्स और हमारी वेन्स, उनकी किडनी और हमारी किडनी, उनका पैंक्रियाज और हमारा पैंक्रियाज, उनका ब्रेन और हमारा ब्रेन, उनका लीवर और हमारा लीवर, उनके लंग्स और हमारे लंग्स, उनकी आरबीसी और हमारी आरबीसी, उनकी डब्ल्यूबीसी और हमारी डब्ल्यूबीसी जब एक हैं, तो केवल एक अंग में कमी होने के कारण उनके साथ दुर्व्यवहार नहीं होना चाहिए। मेरा ऐसा निवेदन है।

क्या जन्म पर किसी का अधिकार है? क्या इस सदन में बैठा हुआ कोई भी व्यक्ति एफिडेविट के साथ कह सकता है कि वह अगला जन्म पुरुष में या स्त्री में या ट्रांसजेंडर में लेगा या उसका अगला जन्म फॉरवर्ड में या बैकवर्ड में होगा या उसका अगला जन्म ट्राइबल में होगा या उसका अगला जन्म माइनोरिटी या शेड्यूल्ड कास्ट में होगा? हमें इतराना नहीं चाहिए और उनको शरमाना नहीं चाहिए। इसलिए सोसायटी पर बहुत बड़ी जिम्मेदारी है।

मैं माननीय प्रधान मंत्री जी और श्री थावर चंद गहलोत जी का आभार प्रकट करना चाहूँगा कि इसमें ट्रांसजेंडर व्यक्तियों की पहचान को मान्यता देने, उनके विरुद्ध हो रहे भेदभाव को समाप्त करने, सरकार द्वारा कल्याणकारी उपायों की स्थापना एवं व्यक्तियों के उत्तरदायित्व, ट्रांसजेंडर व्यक्तियों की शिक्षा, सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य तथा ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के लिए राष्ट्रीय परिषद् का प्रावधान किया गया है।

महोदया, अभी तक इनको अपने नागरिक अधिकारों से वंचित रहना पड़ता था। एक सर्वे के मुताबिक, थर्ड जेंडर की कुल जनसंख्या के 40 प्रतिशत लोगों को मानसिक हिंसा, शारीरिक छेड़छाड़, बलात्कार, घर से बेदखली, गैर-बराबरी, नौकरियों में भेदभाव, शिक्षण संस्थानों में पक्षपात आदि का शिकार होना पड़ता था।

(1430/PC/RBN)

यही नहीं, उन्हें माता-पिता द्वारा त्याग दिया जाता था। नौकरियों में आरक्षण न मिलना, संपत्ति से बेदखल कर दिया जाना, पुलिस द्वारा जबरन अशलीलता की धाराओं में इनका चालान किया जाना जैसी ज्यादतियों का भी इन्हें सामना करना पड़ता था।

सभापति महोदया, इनकी क्षमता को कम न आंका जाए। महाभारत युद्ध का टर्निंग पॉइंट उस दिन था, जिस दिन कौरवों और पांडवों, दोनों के गुरु द्रोणाचार्य जी जैसे शिक्षित व्यक्ति और उन सबसे ऊपर भीष्म पितामह उभयलिंगी द्वारा मारे गए थे। इसलिए इन्हें कमजोर न आंकें। शिखंडी के नाम से महाभारत में इस बात का ज़िक्र है। आज हम लोग उनके साथ असमानता का व्यवहार कर रहे हैं। द्वापर में पांडवों को अज्ञातवास हुआ था और एक साल के लिए वे राजा द्रोपद के यहां छद्म वेश में रहे थे। वहां भीम ने रसोइए का काम किया था, नकुल ने हॉर्स-राइडिंग के एक्सपर्ट के रूप में काम किया था और अर्जुन ने ब्रहनला के रूप में, एक नृतकी के रूप में उनकी राजकुमारी को क्लासिकल डांस सिखाने का काम किया था। इसका मतलब राजभवनों में, महलों में, इलीट क्लास में उनका प्रवेश वर्जित नहीं था। आजकल हम जिसे सभ्य समाज कहते हैं, यहां उनका प्रवेश वर्जित है। दिल्ली सल्तनत की बात हो, जिसमें मुगल लोग रहे हो, दरबार-ए-आम में हर कोई आ सकता था, लेकिन दरबार-ए-खास में हर आदमी नहीं पहुंच सकता था। मैंने अलाउद्दीन खिलजी की फिल्म देखी है, मैंने अनारकली वाली मुगल-ए-आज़म देखी है। थर्ड जेंडर वहां दिखाई देता है। थर्ड जेंडर कहां दिखाई देता है? शहज़ादियों के साथ, बेगमों के साथ। यह इतना बड़ा सम्मान था। यह अलग बात है कि शहज़ादियों और बेगमों को ट्रांसजेंडर से दूसरा खतरा नहीं था, लेकिन वे कांसपिरेसी कर सकती थीं, जहर मिला सकती थीं, हत्या कर सकती थीं, लेकिन कभी-भी इतिहास में ऐसा कोई वर्णन नहीं है कि महलों में रहने वाले, दरबार-ए-खास में रहने वाले ट्रांसजेंडरों ने कभी बादशाह सलामत को, राजाओं को, रानियों को या शहज़ादियों को ज़हर देने का काम किया हो।

महोदया, मैं आपसे यही कहना चाहूंगा कि ट्रांसजेंडर लोग जब अपना सेक्स चेंज का ऑपरेशन कराते हैं, यह पूरी तरह नि:शुल्क होना चाहिए। यह 100 परसेंट नि:शुल्क होना चाहिए। सरकार ने मान-सम्मान, व्यवसाय, रोज़गार, आरक्षण के लिए व्यवस्था की है। हम भी सभ्य देशों में हैं। ऑस्ट्रेलिया ने भी अभी यह किया है। जर्मनी और तस्मानिया ने सेक्स डिस्क्रिमिनेट्री एक्ट का अभिपालन किया है। हम भी उस श्रेणी में आ रहे हैं। यह नया बिल नहीं है। यह चुनाव के पहले लाया गया था। स्टैंडिंग कमेटी के कुछ सुझावों के बाद अब यह और पुख्ता बनकर आया है। मैं अभिभावकों से भी कहना चाहूंगा कि जैसे ही उनको अपने बच्चे का सेक्स पता चलता है, ऐसे कई उदाहरण हैं जिनमें उन्होंने स्लो-पॉइज़न के द्वारा उस ट्रांसजेंडर नवजात शिशु की धीमे-धीमे हत्या करने का काम किया है, सीधे हत्या करेंगे तो पुलिस आ जाएगी। इसलिए उन्होंने धीरे-धीरे स्लो-पॉइज़न देने का काम किया। मैं उनसे इस सदन के माध्यम से कहना चाहूंगा कि आज से आपको चिंता करने की ज़रूरत नहीं है। भगवान न करे कि आपके घर में पैदा हो, लेकिन अगर पैदा जो जाएगा तो थावर चंद गहलोत जी ने और कटारिया जी ने और देश के यशस्वी प्रधान मंत्री जी ने आपके इस स्पेशल बच्चे

के लिए शिक्षा, चिकित्सा, रोज़गार, आरक्षण, मान-सम्मान और व्यवसाय का पूरा इंतज़ाम करने का काम किया है।

सभापति महोदया, आज बहुत महत्वपूर्ण दिन है, जब लोहिया की गैर-बराबरी पूरी हो रही है, अंबेडकर के समतामूलक समाज की स्थापना हो रही है और अंत्योदय योजना का काम हो रहा है। ऐसे समय हमारे विपक्ष के लोग जो सबसे पीड़ित, शोषित, उपेक्षित वर्ग है, उसके लिए विधेयक पास होने में भी कहीं न कहीं परेशानी डाल रहे हैं। इसलिए, आप तालियां बजाने का काम न करें। इस देश से व्यवसाय के लिए ताली बजाने का काम आज से मोदी जी ने समाप्त कर दिया है। हमारे थर्ड जेंडर के लोगों को अब ताली बजाने की ज़रूरत नहीं पड़ेगी। मैं फिर एक बार इस विधेयक के पक्ष में माननीय मोदी जी, माननीय थावर चंद गहलोत जी माननननीय राज्य मंत्री कटारिया जी को अपने हृदय की अनंत गहराइयों से धन्यवाद देना चाहूंगा कि आज का यह बिल संविधान में समानता होते हुए भी जो असमानता थी, बाबा साहब की आत्मा भी आज कहीं न कहीं खुश हो रही होगी कि कहीं जो हमसे चूक हो गई थी, वह मोदी जी और थावर चंद जी ने और इस महत्पूर्ण ऑगस्ट हाउस ने उस कमी को दूर करने का प्रयास किया है। आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

(इति)

(1435/SPS/SM)

1435 बजे

श्री जनार्दन सिंह सिग्रीवाल (महाराजगंज): सभापति महोदया, मैं आपको धन्यवाद देना चाहता हूं कि सबसे महत्वपूर्ण बिल जो आज सरकार ने पेश किया है, उस पर आपने मुझे बोलने का मौका दिया है। मैं देश के यशस्वी प्रधान मंत्री जी, विभागीय मंत्री थावरचंद गहलौत जी, उनके मंत्रिमण्डल के अन्य मंत्री और उनके अधिकारियों को भी बधाई देना चाहता हूं। आपने एक महत्वपूर्ण बिल को देश के ऐसे लोगों के हित में लाने का काम किया है, जिनके अंदर आज तक देश के अन्य लोगों के साथ अपने को जोड़ने की ताकत नहीं थी, आपने वह ताकत देने का काम किया है। …(व्यवधान) महोदया, उभयलिंगी समुदाय, देश में एक ऐसा समुदाय है, जो सर्वाधिक हाशिये पर है, क्योंकि वे पुरुष या स्त्री के लिंग के सामान्य प्रवर्गों में फिट नहीं होते हैं। परिणामस्वरूप वे सामाजिक बहिष्कार से लेकर, भेदभाव, शैक्षणिक सुविधाओं की कमी, बेरोजगारी चिकित्सा सुविधाओं की कमी और इसी प्रकार की अन्य समस्याओं का सामना करते रहे हैं। आज इस सरकार ने उन लोगों को समानता में लाने का काम किया है। वास्तव में इस सरकार की जो दृष्टि है, जो उद्देश्य और मिशन है, सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास, आज उस दृष्टि को भी यह विधेयक पूरा करने का काम कर रहा है।…(व्यवधान) मैं आपके माध्यम से यह कहना चाहता हूं और खासकर अपने विपक्ष के साथियों को भी कहना चाहता हूं कि जब ऐसे उद्देश्यों की पूर्ति के लिए चर्चा हो तो हमें लगता है कि आपको उसका साथ और उसका समर्थन निश्चित रूप से देना चाहिए, नहीं तो वे लोग इस समय माफ नहीं करेंगे। जैसे परिस्थिति और समय किसी को माफ नहीं करता है, वैसे ही वे लोग भी माफ नहीं करेंगे। इन लोगों की सुरक्षा के लिए बिल में जो व्यवस्था बनाई गई है कि उभयलिंगी व्यक्ति की शिक्षा, सामाजिक सुरक्षा और स्वास्थ्य के लिए अलग से इस बिल के खण्ड 6 में प्रावधान किया गया है। …(व्यवधान)

महोदया, वैसे ही खण्ड 5 में स्थापना एवं अन्य व्यक्तियों की बाध्यता, यानी अन्य के समान समतुल्यता की जो व्यवस्था इस बिल में बनाई गई है, वह वास्तव में सराहनीय है। इसके साथ ही सरकार द्वारा एक नहीं, इसमें अनेक कल्याणकारी उपाय किए जा रहे हैं। समुचित सरकारी कल्याणकारी स्कीमें और कार्यक्रम तैयार करना, उभयलिंगी समभेदी लांछन न लगाना तथा ये गैर विभेदकारी होंगे, ये सारी बातें इस बिल के माध्यम से लाने का काम किया गया है। …(व्यवधान) इतना ही नहीं इसके साथ ही उभयलिंगी व्यक्तियों के लिए राष्ट्रीय परिषद के गठन की व्यवस्था है, जो समुचित और व्यापक है। सरकार ने इसे व्यापकता में लाने का काम किया है और आज हमें लगता है कि उनके हृदय में कितनी प्रसन्नता हो रही होगी। जहां विपक्ष के लोग ऐसा कर रहे हैं, वह उनको नजर में आ रहा होगा। कैसे इन लोगों के प्रति उनके मन में विभेद पैदा हो रहा होगा कि आज मुझे समाज में जोड़ने तथा समता के लिए सरकार काम कर रही है तो विपक्ष के लोग उस पर भी विरोध करने का काम कर रहे हैं।…(व्यवधान) हमारे एक साथी कह रहे थे कि उस समाज के लोगों को ताली बजाने का काम करना पड़ता था, लेकिन आज यह बिल पास होगा तो हमें लगता है कि वह काम उन्हें नहीं करना पड़ेगा।

(1440/KDS/AK)

महोदया, दो-तीन महत्वपूर्ण बातें, जो सरकार लाई है, उसके लिए बधाई देते हुए मैं सरकार से कुछ कहना और अपना सुझाव भी देना चाहता हूं। …(व्यवधान)। जैसे दिव्यांग बहनों और भाइयों के लिए पेंशन की व्यवस्था की गई है, यदि वैसे ही इसमें भी किया जाता तो उनके लिए एक और महत्वपूर्ण बात होती। मैं सरकार से कहूंगा कि जब माननीय मंत्री जी अपना जवाब दें, तो इस बात की ओर भी ध्यान दें। सरकार आज सबके लिए कुछ न कुछ कर रही है। …(व्यवधान) आज सरकार देश के लगभग 130 करोड़ लोगों का ध्यान रखने का काम कर रही है। सरकार ऐसे भाई और बहनों के लिए जो काम कर रही है, उसमें मुझे लगता है कि यह भी जोड़ने की आज आवश्यकता है। आज अलग से जो अपने में इन्फीरियॉरिटी कॉम्प्लेक्स देख रहे थे, उनमें यह सकारात्मक भाव और सरकार की ताकत उनके साथ जुड़ेगी।

महोदया, मेरे साथी अभी बोल रहे थे कि परिवार के लोगों को भी लगता था कि क्यों हमारे यहां एक ऐसे बच्चे ने जन्म ले लिया है। उनको भी अपमानित होने जैसा बोध होता था, लेकिन ऐसी व्यवस्था सरकार करने जा रही है कि उनको भी लगेगा कि नहीं, अब ऐसा कुछ नहीं है। यह ईश्वर की देन है। जन्म, मरण, यश-अपयश विधि का विधान है। यह कोई अपने से नहीं कर सकता है। बच्चे दिव्यांग पैदा हो जाते हैं, लेकिन कोई माता-पिता यह नहीं चाहता है कि मेरे बच्चे दिव्यांग हों, कोई माता-पिता यह नहीं चाहता है कि उनके बच्चे उभयलिंगी हों, लेकिन उसके बाद भी कभी-कभी ऐसे बच्चे होते हैं। इसकी वजह से अगर उनके परिवार और खासकर माता-पिता को पीड़ा या प्रताड़ना सहनी पड़ती है या इन्फीरियॉरिटी कॉम्पलेक्स होता है, तो मुझे लगता है कि यह विधेयक उसे भी दूर करने का काम करेगा।

महोदया, मैं आपके माध्यम से सरकार को बधाई देते हुए विशेष रूप से यह जरूर कहूंगा कि उन लोगों के लिए जो सुविधा आपने दी है, उसके लिए यह सरकार बधाई की पात्र है। इसकी जितनी भी प्रशंसा की जाए, कम है। आजादी के इतने वर्षों के बाद भी किसी सरकार ने यह नहीं सोचा और आपने इसे करके दिखाने का काम किया है। आज यह सरकार एक नहीं, बल्कि ऐसे अनेकों काम कर रही है, जो पिछले 70 वर्षों में आज तक नहीं हुए। विपक्ष के लोगों ने सत्ता में रहते हुए जो समस्याएं पैदा करने का काम किया था, उसको भी दूर करने का काम यह सरकार कर रही है। इसके लिए भी मैं हृदय से सरकार को बधाई देना चाहता हूं। …(व्यवधान)

महोदया, यह एक ऐसा बिल है, जिसके माध्यम से उभयलिंगी व्यक्तियों को समाज में समता का अधिकार तो मिलेगा ही, उनके मन में जो एक अलग कैटेगरी होने का भाव था, वह भी दूर होगा। अभी हमारे दिल्ली प्रदेश के भाजपा अध्यक्ष जी बता रहे थे कि जब उनकी इन लोगों से मीटिंग हुई और मीटिंग के बाद जो परिस्थिति बनी थी और उनका जो सीधा संवाद इन लोगों से हुआ था, वह बात वे बता रहे थे। अपनी बात बताते हुए उनके मन में कितना दर्द था, यह बात मैं समझ सकता हूं और समाज भी यह समझता है कि ऐसा व्यक्ति प्रतिदिन अपने मन में कैसा अनुभव करता है। ऐसे व्यक्तियों को निश्चित रूप से यह बिल, यह विधेयक सुकून देगा और आज इन लोगों के मन में प्रसन्नता हो रही होगी और लग रहा होगा कि आज का दिन एक ऐतिहासिक दिन है। आज का दिन कई मामलों में ऐतिहासिक है, उसमें यह मामला भी जुड़ गया है, जिसका निश्चित रूप से इन लोगों को लाभ हुआ है। …(व्यवधान)। मैं आपके माध्यम से पुन: सरकार को, इस देश के यशस्वी प्रधान मंत्री जी को, विभाग के माननीय मंत्री जी को और इस सरकार के ऐसे कैबिनेट में शामिल हमारे वरिष्ठ जनों को हृदय से बधाई देते हुए और इस बिल का समर्थन करते हुए अपनी वाणी को विराम देता हूं। धन्यवाद। (इति)

1444 बजे

श्रीमती क्वीन ओझा (गौहाटी): आदरणीय महोदया, मैं इस बिल के समर्थन में दो शब्द बोलना चाहती हूं। हमारी सरकार ने इस सत्र में बहुत सारे महत्वपूर्ण बिल इस सदन में पास किए हैं, जिसमें से यह भी एक बहुत महत्वपूर्ण बिल है। हम बोलते हैं कि : 'जत जिब, तत सिब।'

महोदया, भगवान हमें जन्म देते हैं, ट्रांसजेंडर समुदाय के लोगों के साथ समाज में हमने ही भेदभाव किया है।

(1445/MM/SPR)

इसलिए मैं समझती हूं कि इनके मन की भावना को समाज ने समझने की कोशिश नहीं की है …(व्यवधान) समाज में जीने का उनका भी हक है, लेकिन उनको अपने ही परिवार से बिछड़ना पड़ता है। …(व्यवधान) समझ की कमी की वजह से माता-पिता अपने ट्रांसजेंडर बच्चों को त्याग देते हैं। यह बिल पास होने के बाद माता-पिता अपने ट्रांसजेंडर बच्चों से इस तरह का व्यवहार अब नहीं करेंगे, क्योंकि अब उन्हें समाज के सवालों का जवाब देने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।…(व्यवधान) इसलिए इस बिल को लाने के लिए मैं हमारे मंत्री जी को बहुत धन्यवाद देती हूं। मैंने शॉर्ट में अपनी बात रखी है, लेकिन मेरे दिल में भी यह बात आती है जब भी मैं रास्ते से गुजरती हूं और देखती हूं ट्रांसजेंडर भीख मांग रहे हैं, कोई उन्हें भीख दे भी देता है, कोई गाली देता है, लेकिन उनका दर्द कोई नहीं समझता है।…(व्यवधान) हमारी सरकार इन सब बातों को समझ कर यह बिल लेकर आयी है, यह बहुत महत्वपूर्ण बिल है और इसके लिए हमारी सरकार धन्यवाद की पात्र है। बहुत सारे बिल्स हैं, लेकिन यह उनसे ऊपर है क्योंकि यह बिल समाज को सुधारने के लिए लाया गया है। इसके लिए मैं अपनी सरकार को धन्यवाद करती हूं। धन्यवाद।…(व्यवधान)

(इति)

1446 बजे

जल शक्ति मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री रतन लाल कटारिया): सभापति महोदया, आज लोक सभा में प्रस्तुत ट्रांसजेंडर बिल पर इस महान सदन में चर्चा हुई है, जिसमें लगभग 18 माननीय सांसदों ने भाग लिया और अपने-अपने विचार इस बिल पर रखे।...(व्यवधान) श्रीमती अपराजिता सारंगी जी, श्रीमती शताब्दी राय जी, श्रीमती गीता विश्वनाथन जी, श्री अच्युतानंद जी, श्रीमती संगीता सिंह देव जी, जयदेव गल्ला जी, श्रीमती किरण खेर जी, पी. रवींदरनाथ जी, डॉ. वीरेन्द्र कुमार जी, कल्याण बनर्जी जी, डॉ. किरीट पी. सोलंकी जी, अजय मिश्रा जी, डॉ. संजय जयसवाल जी, मनोज तिवारी जी, विश्वनाथ जी, एस.पी. सिंह बघेल जी, जनार्दन सीग्रीवाल जी और श्रीमती क्वीन ओझा और अन्य माननीय सदस्यों ने इस बिल पर अपने बहुत ही सारगर्भित और महत्वपूर्ण विचार प्रकट किए हैं।...(व्यवधान)

महोदया, जैसा कि हम सभी जानते हैं कि ट्रांसजेंडर्स के विषय को लेकर भारत सरकार वर्षों से बिल लाने पर विचार कर रही थी। वर्ष 2012 में ट्रांसजेंडर्स के हकों को लेकर बम्बई हाईकोर्ट में सॉलवेशन ऑफ ऑप्रेस्ड लोगों के संबंध में एक पीआईएल दाखिल की गई। उस पीआईएल के आधार पर एक कमेटी बनाई गई।...(व्यवधान) यह मामला चलते-चलते वर्ष 2016 में हमारे सोशल जस्टिस मिनिस्ट्री के पास आया। इससे पहले भी वर्ष 2015 में एक प्राइवेट मेम्बर्स बिल राज्य सभा में पास हुआ लेकिन उसके कुछ क्लॉजेज़ के ऊपर सहमति नहीं बनी। उसके बाद यह महसूस किया गया कि ट्रांसजेंडर्स के हितों की रक्षा के लिए एक व्यापक बिल इस महान सदन में लाया जाए। ...(व्यवधान)

सभापति महोदया, वर्ष 2016 में हमारे आदरणीय मंत्री श्री थावर चंद गहलोत इस महान सदन में एक बिल लेकर आए।...(व्यवधान)

(1450/SJN/UB)

उसके ऊपर कई बार चर्चा हुई है। वह बिल स्टैंडिंग कमेटी में भी गया और स्टैंडिंग कमेटी में जाने के बाद उस बिल के बारे में लगभग 27 रेकमेंडेशन्स आई थीं। हमने उसमें से अधिकतर रेकमेंडेशन्स को मान लिया था। वह बिल 16वीं लोक सभा में पास भी हुआ था, लेकिन उसके साथ ही लोक सभा का विघटन हो गया था। इसलिए वह बिल दोनों सदनों में पास नहीं हो पाया था।...(व्यवधान) उसके बाद एक बार फिर आदरणीय थावर चंद गहलोत जी द्वारा 19 जुलाई, 2019 को लोक सभा में ट्रांसजेंडर्स के अधिकारों से संबंधित इस बिल को लेकर इस महान सदन में आए हैं।...(व्यवधान) इस बिल के अंदर ट्रांसजेंडरों के हितों की रक्षा की बात की गई है कि किस तरह से Prohibition against discrimination, Right to Residence, Right to Employment, Right to Education, Right to Healthcare and certificate जारी करना और ट्रांसजेंडर्स के लिए विविध वेलफेयर्स मीज़र्स को जारी करना है। ट्रांसजेंडर्स के ऊपर जो अपराध किए जाते हैं, उनके लिए पेनल्टी का प्रावधान करना है। उनके हितों की रक्षा के लिए एक नेशनल काउंसिल की स्थापना करना है।...(व्यवधान) इस प्रकार के जो प्रावधान हैं, हमने आने वाले इस बिल के अंदर रखे हैं। आज सभी साथियों ने इसके ऊपर चर्चा की है। वर्ष 2011 की जनसंख्या के आधार पर हम देखते हैं कि सारे देश के अंदर ट्रांसजेडर्स की जो संख्या है, वह लगभग 4,87,803 है, जो भारत की कुल

जनसंख्या का लगभग 0.04 प्रतिशत है। इसमें बार-बार एक्सपर्ट कमेटियों का भी गठन किया गया है। वर्ष 2014 में सुप्रीम कोर्ट की एक रूलिंग आई थी, जिसमें ट्रांसजेंडर को थर्ड जेंडर के रूप में मान्यता प्रदान की गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने विभिन्न प्रकार की हिदायतें भी दी थीं, जिससे इनके हितों की रक्षा हो सके।

आज हम देखते हैं कि इतने वर्षों की आज़ादी के बाद भी कोई ठोस बिल इनके हितों की रक्षा के लिए नहीं बन पाया था। इनके ऊपर यौन उत्पीड़न जैसी कई प्रकार की डिस्क्रिमिनेशन की शिकायतें मिलती रही थीं। यहां तक कि जो पब्लिक प्लेसेस होते हैं, उन पर भी इनको कई बार अपमान सहना पड़ता है। कुछ लोग इनको रहने के लिए मकान इत्यादि नहीं देते थे। इस समुदाय के लोग जब भी किसी की खुशियों में शामिल होने के लिए जाते थे, लेकिन वहां पर भी इनको कई बार अपमान का सामना करना पड़ता था। ऐसी परिस्थितियों में सरकार के सामने उनके लिए गौरवपूर्ण जीवन प्रदान करने और उनके स्वास्थ्य के हितों की रक्षा के लिए एक गंभीर मुद्दा था, जिस मुद्दे को लेकर हमारे मंत्रालय ने विचार-विमर्श किया और एक बहुत ही बेहतरीन विधेयक लेकर हमारे इस महान सदन में आई है। मैं इस महान सदन के सभी साथियों और सदस्यों से यह प्रार्थना करना चाहता हूं कि आप इस विधेयक को सर्वसम्मति से पास करें, ताकि हम अपने ट्रांसजेंडर्स भाइयों के हितों की रक्षा कर सकें।

(इति)

माननीय सभापति (श्रीमती मीनाक्षी लेखी) : प्रश्न यह है:

> "कि उभयलिंगी व्यक्तियों के अधिकारों का संरक्षण और उनके कल्याण का उपबंध करने तथा उनसे संबद्ध तथा आनुषंगिक विषयों का उपबंध करने वाले विधेयक पर विचार किया जाए।"

<u>प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।</u>

(1455/SJN/KMR)

माननीय सभापति (श्रीमती मीनाक्षी लेखी) : अब सभा विधेयक पर खंडवार विचार करेगी।

खंड 2

माननीय सभापति : श्री एन. के. प्रेमचन्द्रन - उपस्थित नहीं।

डॉ. शशि थरूर - उपस्थित नहीं।

प्रो. सौगत राय, क्या आप संशोधन संख्या 31 प्रस्तुत करना चाहते हैं?

PROF. SOUGATA RAY (DUM DUM): I beg to move:

Page 2, line 22,-

after "protection,"

insert "quality of". (31)

माननीय सभापति : अब मैं प्रो. सौगत राय द्वारा खंड 2 में प्रस्तुत संशोधन संख्या 31 को सभा के समक्ष मतदान के लिए रखती हूं।

संशोधन मतदान के लिए रखा गया और अस्वीकृत हुआ।

माननीय सभापति : प्रश्न यह है :

"कि खंड 2 विधेयक का अंग बने।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

खंड 2 विधेयक में जोड़ दिया गया।

खंड 3

माननीय सभापति : डॉ. शशि थरूर - उपस्थित नहीं।

प्रो. सौगत राय, क्या आप संशोधन संख्या 24 और 32 प्रस्तुत करना चाहते हैं?

PROF. SOUGATA RAY (DUM DUM): I beg to move:

Page 3, *after* line 19,-

insert "(j) the denial of human rights available to citizens under the Constitution.". (24)

Page 3, line 12,-

after "movement"

insert "in public places". (32)

माननीय सभापति : अब मैं प्रो. सौगत राय द्वारा खंड 3 में प्रस्तुत संशोधन संख्या 24 और 32 को सभा के समक्ष मतदान के लिए रखती हूं।

संशोधन मतदान के लिए रखे गए और अस्वीकृत हुए।

माननीय सभापति : प्रश्न यह है :

"कि खंड 3 विधेयक का अंग बने।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

खंड 3 विधेयक में जोड़ दिया गया।

खंड 4

माननीय सभापति : डॉ. शशि थरूर - उपस्थित नहीं।

प्रश्न यह है :

"कि खंड 4 विधेयक का अंग बने।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

खंड 4 विधेयक में जोड़ दिया गया।

खंड 5

माननीय सभापति : श्री एन. के. प्रेमचन्द्रन - उपस्थित नहीं।

डॉ. शशि थरूर - उपस्थित नहीं।

प्रो. सौगत राय, क्या आप संशोधन संख्या 33 प्रस्तुत करना चाहते हैं?

PROF. SOUGATA RAY (DUM DUM): I beg to move:

Page 3, line 26,-

after "District Magistrate"

insert "or Revenue Divisional Officer or Additional District Magistrate". (33)

माननीय सभापति : अब मैं प्रो. सौगत राय द्वारा खंड 5 में प्रस्तुत संशोधन संख्या 33 को सभा के समक्ष मतदान के लिए रखती हूं।

संशोधन मतदान के लिए रखा गया और अस्वीकृत हुआ।

माननीय सभापति : प्रश्न यह है :

"कि खंड 5 विधेयक का अंग बने।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

खंड 5 विधेयक में जोड़ दिया गया।

खंड 6

माननीय सभापति : प्रो. सौगत राय, क्या आप संशोधन संख्या 34 और 35 प्रस्तुत करना चाहते हैं?

PROF. SOUGATA RAY (DUM DUM): I beg to move:

Page 3, line 31,--

after "District Magistrate"

insert "or Revenue Divisional Officer or Additional District Magistrate". (34)

Page 3, line 32,--

after "identity"

insert "and an identity card or plastic card with electronic chip". (35)

माननीय सभापति : अब मैं प्रो. सौगत राय द्वारा खंड 6 में प्रस्तुत संशोधन संख्या 34 और 35 को सभा के समक्ष मतदान के लिए रखती हूं।

संशोधन मतदान के लिए रखे गए और अस्वीकृत हुए।

माननीय सभापति : प्रश्न यह है :

"कि खंड 6 विधेयक का अंग बने।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

खंड 6 विधेयक में जोड़ दिया गया।

(1500/KN/SNT)

खंड 7

माननीय सभापति (श्रीमती मीनाक्षी लेखी): श्री एन.के. प्रेमचन्द्रन – उपस्थित नहीं।

श्री हिबी इडन – उपस्थित नहीं।

प्रो. सौगत राय, क्या आप संशोधन संख्या 36 प्रस्तुत करना चाहते हैं?

PROF. SOUGATA RAY (DUM DUM): I beg to move:

Page 4, line 9,--

after "correctness"

insert ", after thorough verification,". (36)

माननीय सभापति : अब मैं प्रो. सौगत राय द्वारा खण्ड 7 में प्रस्तुत संशोधन संख्या 36 को सभा के समक्ष मतदान के लिए रखती हूँ।

संशोधन मतदान के लिए रखा गया और अस्वीकृत हुआ।

माननीय सभापति : प्रश्न यह है:

"कि खण्ड 7 विधेयक का अंग बने।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

खण्ड 7 विधेयक में जोड़ दिया गया।

खंड 8

माननीय सभापति : डॉ. शशि थरूर, क्या आप संशोधन संख्या 17 और 18 प्रस्तुत करना चाहते हैं?

DR. SHASHI THAROOR (THIRUVANANTHAPURAM): I am not moving amendment Nos. 17 and 18.

माननीय सभापति : प्रो. सौगत राय, क्या आप संशोधन संख्या 26 प्रस्तुत करना चाहते हैं?

PROF. SOUGATA RAY (DUM DUM): I beg to move:

Page 4, *after* line 28,--

insert "(6) The appropriate Government shall take necessary measures to ensure that transgender persons do not indulge in begging or extortion for the purpose of their livelihood." (26)

माननीय सभापति : अब मैं प्रो. सौगत राय द्वारा खण्ड 8 में प्रस्तुत संशोधन संख्या 26 को सभा के समक्ष मतदान के लिए रखती हूँ।

संशोधन मतदान के लिए रखा गया और अस्वीकृत हुआ।

माननीय सभापति : प्रश्न यह है:

"कि खण्ड 8 विधेयक का अंग बने।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

खण्ड 8 विधेयक में जोड़ दिया गया।

खंड 9

माननीय सभापति : श्री एन.के. प्रेमचन्द्रन – उपस्थित नहीं।

प्रश्न यह है:

"कि खण्ड 9 विधेयक का अंग बने।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

खण्ड 9 विधेयक में जोड़ दिया गया।

खण्ड 10 और 11 विधेयक में जोड़ दिए गए।

खंड 12

माननीय सभापति : डॉ. शशि थरूर, क्या आप संशोधन संख्या 19 और 20 प्रस्तुत करना चाहते हैं?

DR. SHASHI THAROOR (THIRUVANANTHAPURAM): I am not moving amendment Nos. 19 and 20.

माननीय सभापति : प्रो. सौगत राय, क्या आप संशोधन संख्या 27 प्रस्तुत करना चाहते हैं?

PROF. SOUGATA RAY (DUM DUM): I beg to move:

Page 4, line 39,--

omit "except on an order of a competent court,". (27)

माननीय सभापति : अब मैं प्रो. सौगत राय द्वारा खण्ड 12 में प्रस्तुत संशोधन संख्या 27 को सभा के समक्ष मतदान के लिए रखती हूँ।

संशोधन मतदान के लिए रखा गया और अस्वीकृत हुआ।

माननीय सभापति : प्रश्न यह है:

"कि खण्ड 12 विधेयक का अंग बने।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

खण्ड 12 विधेयक में जोड़ दिया गया।

खंड 13

माननीय सभापति : श्री एन.के. प्रेमचन्द्रन – उपस्थित नहीं।

डॉ. शशि थरूर, क्या आप संशोधन संख्या 21 प्रस्तुत करना चाहते हैं?

DR. SHASHI THAROOR (THIRUVANANTHAPURAM): I am not moving amendment No. 21.

माननीय सभापति : प्रश्न यह है:

"कि खण्ड 13 विधेयक का अंग बने।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

खण्ड 13 विधेयक में जोड़ दिया गया।

खंड 14

माननीय सभापति : डॉ. शशि थरूर, क्या आप संशोधन संख्या 22 प्रस्तुत करना चाहते हैं?

DR. SHASHI THAROOR (THIRUVANANTHAPURAM): I am not moving amendment No. 22.

माननीय सभापति : प्रश्न यह है:

"कि खण्ड 14 विधेयक का अंग बने।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

खण्ड 14 विधेयक में जोड़ दिया गया।

खंड 15

माननीय सभापति : श्री एन.के. प्रेमचन्द्रन – उपस्थित नहीं।

प्रश्न यह है:

"कि खण्ड 15 विधेयक का अंग बने।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

खण्ड 15 विधेयक में जोड़ दिया गया।

खंड 16

माननीय सभापति : श्री एन.के. प्रेमचन्द्रन – उपस्थित नहीं।

प्रश्न यह है:

"कि खण्ड 16 विधेयक का अंग बने।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

खण्ड 16 विधेयक में जोड़ दिया गया।

खण्ड 17 विधेयक में जोड़ दिया गया।

(1505/CS/GM)

खण्ड 18

माननीय सभापति (श्रीमती मीनाक्षी लेखी): डॉ. शशि थरूर, क्या आप संशोधन संख्या 23 प्रस्तुत करना चाहते हैं?

…(व्यवधान)

माननीय सभापति : श्री लावू श्रीकृष्णा देवरायालू, क्या आप संशोधन संख्या 28 और 30 प्रस्तुत करना चाहते हैं?

…(व्यवधान)

माननीय सभापति : श्री हिबी इडन, क्या आप संशोधन संख्या 29 प्रस्तुत करना चाहते हैं?

…(व्यवधान)

माननीय सभापति : प्रश्न यह है:

"कि खण्ड 18 विधेयक का अंग बने।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

खंड 18 विधेयक में जोड़ दिया गया।

खंड 19 से 23 विधेयक में जोड़ दिए गए।

खंड 1, अधिनियमन सूत्र और नाम विधेयक में जोड़ दिए गए।

…(व्यवधान)

माननीय सभापति : अब मंत्री जी प्रस्ताव करें कि विधेयक को पारित किया जाए।

जल शक्ति मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री रतन लाल कटारिया): मैं प्रस्ताव करता हूँ:

"कि विधेयक पारित किया जाए।"

माननीय सभापति : प्रश्न यह है:

"कि विधेयक पारित किया जाए।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

SURROGACY (REGULATION) BILL

1508 hours

HON. CHAIRPERSON (SHRIMATI MEENAKASHI LEKHI): Now we will take up item no. 10 - the Surrogacy (Regulation) Bill.

THE MINISTER OF HEALTH AND FAMILY WELFARE, MINISTER OF SCIENCE AND TECHNOLOGY AND MINISTER OF EARTH SCIENCES (DR. HARSH VARDHAN): I beg to move:

> "That the Bill to constitute National Surrogacy Board, State Surrogacy Boards and appointment of appropriate authorities for regulation of the practice and process of surrogacy and for matters connected therewith or incidental thereto, be taken into consideration."

Hon. Chairperson, Madam, I wish to apprise the hon. Members of the background why this Bill is brought before the Parliament. …(*Interruptions*) Unfortunately, in recent years India has emerged as a hub for surrogacy, especially for couples from other countries. A rough estimate says that there are about two to three thousand surrogacy clinics running illegally in the country and a few thousand foreign couples resort to surrogacy practice within India and the whole issue is thoroughly unregulated. There have been reports concerning unethical practices, abandonment of children born out of surrogacy, exploitation of surrogate mothers, and rackets involving intermediaries importing human embryos and gametes.

The 228th report of the Law Commission had recommended that the Government should enact a legislation to ensure that there is only altruistic surrogacy in the country and commercial surrogacy is banned. Similarly, there had been roughly 11 assurances given by the Government in the last one decade at different times in Lok Sabha as well as Rajya Sabha promising a Bill to regulate surrogacy in the country. There was also a Public Interest Litigation in the Supreme Court by one Shrimati Jayashree Wad, and responding to that Public Interest Litigation, the Supreme Court had also suggested to the Government that there should be a Bill to regulate

surrogacy in the country. This Bill was, in fact, drafted by the Department of Health Research and it was brought before the Cabinet during the tenure of the last Cabinet.

(1510/PS/RV)

It was approved by the Cabinet and then it was also discussed by the Group of Ministers. It was brought to the Parliament and then, it was referred to the Departmentally-related Parliamentary Standing Committee also. …(*Interruptions*) Then, it went back again to the Cabinet with the recommendations and then, it was brought to the Parliament again and was passed by the Parliament in the year 2018. But because of the fact that the term of the Lok Sabha had elapsed, that is why, this Bill had to be brought again after getting a fresh approval from the Cabinet.

I would like to inform the hon. Members what the international scenario is right now. Commercial surrogacy is banned and is considered illegal in countries like New Zealand, Australia, Japan, China, Mexico, United Kingdom, Philippines, South Africa, Canada, Netherlands, Spain, Switzerland, Sweden, France, Germany and most of the European countries. Recently, Nepal and Thailand have also banned commercial surrogacy and declared it illegal. There are only two or three places in the whole world where it is allowed, that is, in Russia, Ukraine, and California, province of USA. …(*Interruptions*)

I would like to quote a resolution of the European Parliament recently where they had condemned the practice of surrogacy and had said that they condemn the practice of surrogacy which undermines the human dignity of women, since their bodies and the reproductive functions are used as a commodity. …(*Interruptions*)

I wish to inform the hon. Members that the Bill proposes to regulate surrogacy in India by establishing a National Surrogacy Board at the Central level and also State Surrogacy Boards at the State Level, and also appropriate authorities at the States as well as at the Union Territories levels. …(*Interruptions*) The purpose of the Bill is to ensure effective regulation of surrogacy, prohibit commercial surrogacy and also allow ethical surrogacy. It will also prevent exploitation of surrogate mothers and children

born through surrogacy. There are various provisions in the Bill which describe how it will be implemented. I think, this is a very important social issue. It is not accepted in the developed countries and anywhere in the world.

I would request this House to discuss this Bill and also to pass this unanimously because it is the need of the hour.

(ends)

HON. CHAIRPERSON (SHRIMATI MEENAKASHI LEKHI): Motion moved:

> "That the Bill to constitute National Surrogacy Board, State Surrogacy Boards and appointment of appropriate authorities for regulation of the practice and process of surrogacy and for matters connected therewith or incidental thereto, be taken into consideration."

1513 hours

DR. KAKOLI GHOSH DASTIDAR (BARASAT): Madam, please put the House in order. I cannot hear my own voice. …(*Interruptions*) How can we speak?

I stand here to support 'The Surrogacy (Regulation) Bill, 2019. This is actually being brought before the ART Bill, which is not right. The ART Bill must first be brought because for surrogacy to happen, Assisted Reproductive Technology must take place. But I cannot speak. …(*Interruptions*) Madam, please put the House in order. …(*Interruptions*) Their demand is that the hon. Prime Minister should be here. …(*Interruptions*) The demand is to put in a song. It is like this.

Ore Halla Rajar Sena Tora Judhho Kore Korbi Ki Ta Bal
Mithhe Astro Shastro Dhore Pranta Kano Jay Beghore

O the soldiers of Halla King, what will you achieve through war?
Why to die in futility by wielding weapons unnecessarily.

So, this is all a hullabaloo. This has to be stopped. Madam, I cannot speak. I am so sorry.

(ends)

1514 hours

SHRIMATI RITA BAHUGUNA JOSHI (ALLAHABAD): Hon. Chairperson, Madam, thank you very much for giving me an opportunity to speak on this very important Bill that has been brought in by the Government.

I congratulate hon. Minister, Dr. Harsh Vardhan and the entire Cabinet for bringing this Bill on such a sensitive issue. I stand here in support of the Bill.

(1515/RC/MY)

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

खंड 16 विधेयक में जोड़ दिया गया।

खंड 17 विधेयक में जोड़ दिया गया।

खण्ड 18

माननीय अध्यक्ष : श्री एन.के. प्रेमचन्द्रन – उपस्थित नहीं।

प्रश्न यह है :

"कि खंड 18 विधेयक का अंग बने।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

खंड 18 विधेयक में जोड़ दिया गया।

खंड 19 से 23 विधेयक में जोड़ दिए गए।

खण्ड 24

माननीय अध्यक्ष : प्रो. सौगत राय – उपस्थित नहीं।

श्री एन.के. प्रेमचन्द्रन – उपस्थित नहीं।

प्रश्न यह है :

"कि खंड 24 विधेयक का अंग बने।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

खंड 24 विधेयक में जोड़ दिया गया।

———

खण्ड 25

माननीय अध्यक्ष : प्रो. सौगत राय – उपस्थित नहीं।

प्रश्न यह है :

"कि खंड 25 विधेयक का अंग बने।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

खंड 25 विधेयक में जोड़ दिया गया।

———

खण्ड 26

माननीय अध्यक्ष : प्रो. सौगत राय – उपस्थित नहीं।

श्री एन. के. प्रेमचन्द्रन – उपस्थित नहीं।

प्रश्न यह है :

"कि खंड 26 विधेयक का अंग बने।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

खंड 26 विधेयक में जोड़ दिया गया।

खंड 27 से 31 विधेयक में जोड़ दिए गए।

खण्ड 32

माननीय अध्यक्ष : प्रो. सौगत राय – उपस्थित नहीं।

श्री एन.के. प्रेमचन्द्रन – उपस्थित नहीं।

प्रश्न यह है :

"कि खंड 32 विधेयक का अंग बने।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

खंड 32 विधेयक में जोड़ दिया गया।

खंड 33 विधेयक में जोड़ दिया गया।

खण्ड 34

माननीय अध्यक्ष : श्री एन.के. प्रेमचन्द्रन – उपस्थित नहीं।

प्रश्न यह है :

"कि खंड 34 विधेयक का अंग बने।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

खंड 34 विधेयक में जोड़ दिया गया।

खंड 35 विधेयक में जोड़ दिया गया।

खण्ड 36

माननीय अध्यक्ष : प्रो. सौगत राय – उपस्थित नहीं।

प्रश्न यह है :

"कि खंड 36 विधेयक का अंग बने।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

खंड 36 विधेयक में जोड़ दिया गया।

खण्ड 37

माननीय अध्यक्ष : प्रो. सौगत राय – उपस्थित नहीं।

प्रश्न यह है :

"कि खंड 37 विधेयक का अंग बने।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

खंड 37 विधेयक में जोड़ दिया गया।

खंड 38 से 40 विधेयक में जोड़ दिए गए।

———

खण्ड 41

माननीय अध्यक्ष : प्रो. सौगत राय – उपस्थित नहीं।

प्रश्न यह है :

"कि खंड 41 विधेयक का अंग बने।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

खंड 41 विधेयक में जोड़ दिया गया।

खंड 42 और 43 विधेयक में जोड़ दिए गए।

———

खण्ड 44

माननीय अध्यक्ष : प्रो. सौगत राय – उपस्थित नहीं।

प्रश्न यह है :

"कि खंड 44 विधेयक का अंग बने।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

खंड 44 विधेयक में जोड़ दिया गया।

खंड 45 से 51 विधेयक में जोड़ दिए गए।

खंड 1, अधिनियमन सूत्र और नाम विधेयक में जोड़ दिए गए।

DR. HARSH VARDHAN: I beg to move:

"That the Bill be passed."

माननीय अध्यक्ष : प्रश्न यह है :

"कि विधेयक पारित किया जाए।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

———

(1725/SPS/SNB)

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्यगण, संकल्प पेश करने दीजिए। मैं आपको बोलने का मौका दूंगा।

…(व्यवधान)

गृह मंत्री (श्री अमित शाह): बालू साहब, मुझे बोलने तो दीजिए। मिस्टर राजा, एक मिनट रुकिए, प्लीज सिट डाउन।

अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सारे विपक्ष के सदस्यों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि अभी बिल पर कोई चर्चा नहीं हो रही है और न ही मैं धारा 370 का संकल्प लेकर आया हूं। अभी सिर्फ कल बिल लाने के लिए इस संकल्प के लिए सदन का अनुमोदन लेना है। कल आराम से चर्चा होगी, जितनी बैटिंग करनी है करिए, जवाब मुझे देना और मैं तैयार हूं। …(व्यवधान) मैं कल सारा जवाब दूंगा, अभी डिस्कशन नहीं है।

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्यगण, मैंने माननीय गृह मंत्री जी को इजाजत दे दी है।

… (*Interruptions*)

जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन विधेयक के विषय में संकल्प

1726 hours

गृह मंत्री (श्री अमित शाह): माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपकी अनुमति से प्रस्ताव करता हूं:

> "कि यह सभा, भारत के राष्ट्रपति की दिनांक 19 दिसम्बर, 2018 की उद्घोषणा के अनुरूप, जम्मू और कश्मीर राज्य की विधायी शक्तियां इस सदन में निहित होने एवं राष्ट्रपति द्वारा भारत के संविधान के अनुच्छेद 3 के प्रावधान के अंतर्गत जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन विधेयक 2019 को सदन के सम्मुख विचार के लिए संदर्भित करने पर, यह सदन जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन विधेयक, 2019 को स्वीकर करने का विचार व्यक्त करती है।"

माननीय अध्यक्ष: प्रश्न यह है:

> "कि यह सभा, भारत के राष्ट्रपति की दिनांक 19 दिसम्बर, 2018 की उद्घोषणा के अनुरूप, जम्मू और कश्मीर राज्य की विधायी शक्तियां इस सदन में निहित होने एवं राष्ट्रपति द्वारा भारत के संविधान के अनुच्छेद 3 के प्रावधान के अंतर्गत जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन विधेयक 2019 को सदन के सम्मुख विचार के लिए संदर्भित करने पर, यह सदन जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन विधेयक, 2019 को स्वीकर करने का विचार व्यक्त करती है।"

<u>प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।</u>

विशेष उल्लेख

माननीय अध्यक्ष: श्री टी. एन. प्रथापन – उपस्थित नहीं।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्यगण, आप सभी को फुल चर्चा का मौका दिया जाएगा।

श्री राजेन्द्र अग्रवाल (मेरठ): अध्यक्ष महोदय, धन्यवाद। मैं आपकी अनुमति से एक महत्वपूर्ण विषय उठाना चाहता हूं। जब कहीं पर कोई दुर्घटना हो जाती है तो दुर्घटना के पश्चात सामान्यतया पोस्टमार्टम होता है। …(व्यवधान) व्यक्ति दुर्घटना के दुख में होता है, परंतु पोस्टमार्टम की जो प्रक्रिया है, वह पुन: उसकी तकलीफ को बढ़ाती है। सबसे पहले पंचनामा कराना होता है। वह चाहे घटनास्थल पर हो या संबंधित थाने के अंदर हो। उसके बाद वह मॉर्चूअरी जहां होती है, उसके थाने में उसकी रिपोर्ट की जाती है, तो वह पोस्टमार्टम के लिए इजाजत देता है। …(व्यवधान) फिर वह विषय वहां से पुलिस लाइन में जाता है। पुलिस लाइन में जाने के बाद जो संबंधित एस.पी. होता है, वह पोस्टमार्टम की इजाज़त देता है। उसके बाद सी.एम.ओ., जो जिले के चीफ मेडिकल ऑफिसर हैं, उनके द्वारा दो डॉक्टरों की नियुक्ति की जाती है। उसके बाद पोस्टमार्टम की प्रक्रिया प्रारम्भ होती है। …(व्यवधान) यदि रात्रि में पोस्टमार्टम की जरूरत पड़े तो जिला अधिकारी के द्वारा उसकी अनुमति दी जाती है। इस सारी प्रक्रिया में जो पीड़ित परिवार है, जो पहले से ही बहुत दुखी होता है, जो चक्कर लगाता रहता है, उसको इस सबका कोई अनुभव नहीं होता है। भगवान न करे कि इस प्रकार का किसी को अनुभव हो। …(व्यवधान)

मेरा आपके माध्यम से निवेदन है कि ये यारी व्यवस्था एकल खिड़की के माध्यम से की जाए। उसको इधर-उधर भागना न पड़े। मानवीय आधार के ऊपर उसकी तकलीफ और ज्यादा न बढ़े। उसका पोस्टमार्टम एक ही जगह पर ही करने की व्यवस्था की जाए।…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: श्रीमती गोमती साय – उपस्थित नहीं।

माननीय सदस्यगण, आप वरिष्ठ सदस्य हैं। जब शून्य काल शुरू हो गया है तो उसमें पॉइंट ऑफ ऑर्डर नहीं होता है।

…(व्यवधान)

(1730/KDS/RU)

SHRI BALLI DURGA PRASAD RAO (TIRUPATI): Sir, I would like to speak on the sanction for a full-fledged stadium at Amaravati in the State of Andhra Pradesh.…(*Interruptions*) Our State, Andhra Pradesh, has been bifurcated in the year 2014 and Amaravati has become the capital city of my State. My State is in developing State and is inviting investments for industrial growth. After bifurcation, we left the full-fledged Stadium, namely, LB Stadium at Hyderabad, Telangana State.…(*Interruptions*)

I wish to state here that all the States and Union Territories of India are having full-fledged stadia except my newly created State. The State

Government has acquired 34,000 acres. …(*Interruptions*) So far, only temporary buildings were constructed for the Secretariat, Assembly and Council whereas all the State Headquarters are having their respective stadia representing their State entity.…(*Interruptions*)

Further, I want to inform the hon. Minister that the State Government of Andhra Pradesh has already earmarked sufficient land for a full-fledged stadium.

We urge upon the hon. Minister of Youth Affairs and Sports, through you, Sir, to look into my request and consider the same.…(*Interruptions*)

… (*Interruptions*)

1732 hours

(*At this stage, Shri T.N. Prathapan and some other hon. Members came and stood near the Table.*)

माननीय अध्यक्ष: श्री तीरथ सिंह जी।

श्री तीरथ सिंह रावत (गढ़वाल): माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपका आभार प्रकट करता हूं कि आपने मुझे बोलने का मौका दिया। …(व्यवधान)। मैं उत्तराखण्ड के दूरदराज क्षेत्रों की ओर माननीय संचार मंत्री जी का ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा। …(व्यवधान)। वहां की संचार व्यवस्था पूरी तरह से डगमगाई हुई है और बीएसएनएल, एयरटेल कई स्थानों पर काम नहीं कर रहा है। संचार व्यवस्था की हालत बहुत खराब है, जिस कारण कई महत्वपूर्ण काम नहीं हो पाते हैं। …(व्यवधान)।

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्यगण, कृपया शांत रहिए और बैठ जाइए।

श्री तीरथ सिंह रावत (गढ़वाल): माननीय अध्यक्ष महोदय, इस कारण लोग बहुत परेशान और त्रस्त हैं। समस्या के समाधान हेतु कई बार अधिकारियों से बात करनी पड़ती है, लेकिन वे अपनी बात अधिकारियों तक पहुंचा नहीं पाते हैं। …(व्यवधान)। मुझे कई बार अपने क्षेत्रों में जाना पड़ता है और वहां की जनता मेरे पास अपनी समस्याएं लेकर आती है और तत्काल बात करनी होती है तो अधिकारियों से बात नहीं हो पाती है। यही नहीं, दो-तीन साल पूर्व जब मैं प्रदेश अध्यक्ष था तो मैं पिथौरागढ़ के धारचूला गया था। एक धारचूला नेपाल में भी है। जब मेरी एयरटेल के नेटवर्क से बात हुई तो पिथौरागढ़ की जगह नेपाल के नेटवर्क से कॉल कनेक्ट हो गई और उस कॉल का तीन-चार गुना चार्ज काट लिया गया। …(व्यवधान)।

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्यगण, कृपया बैठ जाइए। आप सब फिर से बोलने लगे। श्री तीरथ सिंह जी के अलावा कोई खड़ा नहीं रहेगा। सब बैठ जाएं। आपस में डिबेट मत करिए।

श्री तीरथ सिंह रावत (गढ़वाल): मान्यवर, बाद में कंपनी से शिकायत करनी पड़ी, लेकिन पैसा नहीं लौटाया गया। आज वहां की यह स्थिति है। मेरा यह कहना है कि वहां नए टावर लगवाए जाएं। बीएसएनएल और एयरटेल की कॉलें आपस में क्रॉस होती हैं, इसलिए इस स्थिति को ठीक किया जाए।

मान्यवर, बद्रीनाथ, केदारनाथ में भी टॉवरों की समस्या है। पूरे देश से हजारों-लाखों यात्री वहां जाते हैं और कभी वहां किसी कारणवश फंस जाने पर सहायता हेतु बात नहीं कर पाते हैं।

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्य, आप मुझसे डिबेट करें। कुछ कहना है तो आप मुझसे बात करें।

श्री तीरथ सिंह रावत (गढ़वाल): अत: मैं आपके माध्यम से माननीय दूरसंचार मंत्री जी से यह कहना चाहता हूं कि वहां के टॉवरों की व्यवस्था ठीक की जाए। संचार की जो लड़खड़ाई हुई गडबड़ व्यवस्था है, उसे ठीक करने का काम किया जाए। विशेषकर बीएसएनएल, जिसकी स्थिति बिल्कुल ठीक नहीं है। बहुत-बहुत धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष: श्री अधीर रंजन चौधरी जी। आप कृपया बोलिए। बाकी सदस्य कृपया सीट पर बैठ जाइए।

…(व्यवधान)

SHRI T. R. BAALU (SRIPERUMBUDUR): We will not tolerate this. …(*Interruptions*)

श्री अधीर रंजन चौधरी (बहरामपुर): क्या आप लोग जीरो ऑवर में भी मुझे बोलने नहीं देंगे?

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्य जीरो ऑवर में बोल रहे हैं, उन्हें बोलने दीजिए।

…(व्यवधान)

1735 hours

(At this stage, Shri T.N. Prathapan and some other hon. Members went back to their seats.)

… (*Interruptions*)

THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS, MINISTER OF COAL AND MINISTER OF MINES (SHRI PRALHAD JOSHI): Sir, he cannot speak on it during 'Zero Hour'. …(*Interruptions*) There is a listed business before the House. I appeal to you all that, since the hon. Minister of Law has come from the other House, the subject of increasing the number of judges in the Supreme Court may kindly be taken up and tomorrow, we may have enough discussion on it.…(*Interruptions*)

(1735/NKL/MM)

सुप्रीम कोर्ट जजेज़ की संख्या बढ़ाना चाहते हैं, क्या आप ऐसा नहीं चाहते हैं? …(व्यवधान) इसमें क्या प्रॉब्लम है।…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : माननीय मंत्री जी, मैंने इनको ज़ीरो ऑवर में बोलने की परमिशन दे दी है।

…(व्यवधान)

श्री प्रहलाद जोशी : इसको बाद में ले लीजिए।…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : माननीय मंत्री जी, मैंने अधीर रंजन जी को बोलने की परमिशन दी है।

श्री अधीर रंजन चौधरी।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आप लोग बैठ जाइए, आप लोगों को भी बोलने का मौका दूंगा।

…(व्यवधान)

RE: RESOLUTION ON JAMMU AND KASHMIR

1736 hours

श्री अधीर रंजन चौधरी (बहरामपुर): सर, हमारे गृह मंत्री जी सदन में आए, रेज़ोल्यूशन को प्रस्तुत किया और दौड़कर भाग गए।...(व्यवधान) सारे हिन्दुस्तान की फौज जिनके साथ है, वे दौड़कर भाग गए...(व्यवधान) मैं पॉइंट ऑफ ऑर्डर उठाना चाहता हूं...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : शून्य काल में पॉइंट ऑफ ऑर्डर नहीं होता है।

...(व्यवधान)

श्री अधीर रंजन चौधरी (बहरामपुर): रूल 173...

माननीय अध्यक्ष : शून्य काल में पॉइंट ऑफ आर्डर नहीं होता है।

...(व्यवधान)

श्री अधीर रंजन चौधरी (बहरामपुर): सर, हमारे हिन्दुस्तान में क्या हो रहा है? जम्मू-कश्मीर को कैदखाना बना दिया गया है...(व्यवधान) जम्मू-कश्मीर के सारे लोगों के लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन किया गया है...(व्यवधान) पूरे जम्मू-कश्मीर में मोबाइल और इंटरनेट बंद है।...(व्यवधान) लगता है कि जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तान के साथ जंग छेड़ दी गई है...(व्यवधान) इस सदन में जबरदस्ती यह रेज़ोल्यूशन लाया गया है। इस रेज़ोल्यूशन को लाने का इनको हक नहीं है।...(व्यवधान) यह कहा जा रहा है कि ...(व्यवधान)

> "This House resolves to express the view to accept the Jammu and Kashmir Reorganisation Bill, 2019." ...(*Interruptions*)

Where is the Bill? ...(*Interruptions*) बिल नहीं है।...(व्यवधान) इसका मतलब यह है कि आम का पेड़ है और आप उसके नीचे बैठे हैं और आम गिनती कर रहे हैं, जबकि उसमें न फूल आया है और न फल आया है। इस तरह की धज्जियां अगर उड़ाई जाएंगी तो हिन्दुस्तान कहां जाएगा...(व्यवधान) सर, हमारे पास आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस नहीं है, मशीन लर्निंग नहीं है...(व्यवधान) यहां रेज़ोल्यूशन दिया गया और कहा गया कि आप बोलें...(व्यवधान) हमारे पास आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, मशीन लर्निंग नहीं है।...(व्यवधान) Sir, I want to raise a Point of Order. It is Rule 173:

> "In order that a Resolution may be admissible, it shall satisfy the following conditions, namely:—
>
> (i) it shall be clearly and precisely expressed" ...(*Interruptions*)

यह बिल नहीं है और बिल को रेज़ोल्यूशन के हथियार से पास कराया जा रहा है...(व्यवधान) यह सरासर संसदीय सिस्टम के खिलाफ है...(व्यवधान)

SHRI T. R. BAALU (SRIPERUMBUDUR): Sir, it is only a pointed question. ...(*Interruptions*) *... (Not recorded)*

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्य, आप वरिष्ठ सदस्य हैं।

...(व्यवधान)

SHRI T. R. BAALU (SRIPERUMBUDUR): Sir, I am sorry. …(*Interruptions*)
HON. SPEAKER: No.

… (*Interruptions*)

SHRI T. R. BAALU (SRIPERUMBUDUR): Sir, I am sorry. …(*Interruptions*)
HON. SPEAKER: No.

… (*Interruptions*)

SHRI T. R. BAALU (SRIPERUMBUDUR): Sir, I said, I am sorry. …(*Interruptions*) Okay, Sir. I am sorry. …(*Interruptions*) But at the same time, where is the Bill? …(*Interruptions*) You should provide the instrument to us. …(*Interruptions*) Where is the Bill? …(*Interruptions*) Without the Bill, there is a Resolution! …(*Interruptions*) How come this is happening? …(*Interruptions*) Is it not proper to protect us? …(*Interruptions*) You have to protect us. That is why, I said like that. Otherwise, I have no reason of pointing fingers AT you. …(*Interruptions*) You are a very good Speaker. People are admiring you. At the same time, you have to not only give us proper chance but also you should give your ruling on the rules and regulations of the Parliamentary procedure. …(*Interruptions*) You just tell us what is to be done now? There is no Bill. …(*Interruptions*) He has presented the Resolution. The Bill is being discussed in the Rajya Sabha. Where is the chance for us to discuss? Please ask the Government to respond to us.

PROF. SOUGATA RAY (DUM DUM): Sir, please allow me to speak. …(*Interruptions*)

Sir, I have a simple point regarding procedure. I know that Points of Order are not raised during Zero Hour. The Zero Hour has started. But we received the copy of the Resolution just a little while ago. It is written:

> "SHRI AMIT SHAH to move the following Resolution:-
>
> That the President of India has referred the Jammu and Kashmir Reorganisation Bill, 2019 to this House under the proviso to article 3 of the Constitution of India for its views…"

Sir, it has not been the practice of this House ever to put a Resolution ahead of a Bill.

(1740/KSP/SJN)

In our House, Bills are circulated in advance. Then, they are introduced, opposition to introduction is allowed and then the Bill is discussed. The Bill has not come to this House, it has not been circulated among Members, it is still

being debated in the other House, the Home Minister came and presented the Resolution. Now, at the time he presented the Resolution, you took a vote and said, 'those in favour may say aye'. We wanted a division, but you did not allow a division for whatever reason. Whenever there is a Resolution, you ask for 'ayes' and 'noes'.

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्य, यह शून्य काल है। जब भी आपने डिविजन मांगा है, मैंने डिविजन दिया है।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : किसी एक सदस्य ने भी डिविजन मांगा है, तो भी मैंने डिविजन दिया है।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : इस सदन में कभी-भी किसी सदस्य ने डिविजन मांगा है, तो मैंने डिविजन दिया है।

…(व्यवधान)

PROF. SOUGATA RAY (DUM DUM): Sir, please listen to me; without pointing fingers at me, please listen to me. I am talking sense. I am trying to say that whenever there is a Resolution and there is a voting on the Resolution, a division on the Resolution can be asked for. We wanted a division on the Resolution since it concerns basic matters of the Constitution of the State of Jammu and Kashmir. …(*Interruptions*) Sir, what has been done here …(*Interruptions*)

माननीय अध्यक्ष : आप पहले समाप्त कीजिए, तभी तो उनको बोलने दें। यह बंगाल का डिविजन थोड़ी है, जम्मू-कश्मीर पर है।

…(व्यवधान)

श्री हसनैन मसूदी (अनन्तनाग) : जनाब स्पीकर साहब, जम्मू-कश्मीर जल रहा है।…(व्यवधान) इस वक्त सवा करोड़ लोग कर्फ्यू में हैं। बंद है, महसूर हैं, टेलीफोन नहीं हैं, टेलीविजन नहीं है। यह सारी टेलीविजन की खबरें…(व्यवधान) वहां के जो लीडर हैं, उमर अब्दुल्ला साहब जेल में हैं, महबूबा जी जेल में हैं, सज्जाद लोन जी जेल में हैं।…(व्यवधान) आप यह कैसा कानून ला रहे हैं? …(व्यवधान) जिसके लिए आपको कर्फ्यू लगाना पड़ रहा है?…(व्यवधान) आपको 1 करोड़ 25 लाख लोगों को महसूर करना पड़ रहा है। आप यह कैसा कानून ला रहे हैं? यह पहली बात है।…(व्यवधान) कोई टेलीफोन नहीं, कोई मोबाइल नहीं, जो हजारों-लाखों कश्मीरी हैं, पूरी दुनिया का कश्मीर के साथ कोई संपर्क नहीं है।…(व्यवधान) जनाब यह जो रिज़ॉल्यूशन है, इसका फ्रेम प्रापर नहीं है। हमें कहा जा रहा है कि इसको स्वीकार कीजिए, बिल जो कि अभी लाया ही नहीं गया है।…(व्यवधान) आप जरा इस रिज़ॉल्यूशन की भाषा पढ़ लीजिए।…(व्यवधान)

श्री अधीर रंजन चौधरी (बहरामपुर) : अध्यक्ष महोदय, अपनी नाकामयाबी को…(व्यवधान) तैनात करने जा रहे हैं। यह सरासर गलत है।…(व्यवधान) जो बिल कहलाता है…(व्यवधान) यह बिल नहीं

है। इस रिज़ॉल्यूशन को बिल में तब्दील करके इसी कायदे-कानून के साथ पेश करने की अगर कोई कोशिश...(व्यवधान) पार्लियामेन्ट्री डेमोक्रेसी की धज्जियां उड़ाई जा रही है। इसीलिए, हम बहिगर्मन करने पर मजबूर हो रहे हैं।...(व्यवधान)

1743 बजे

(इस समय श्री अधीर रंजन चौधरी, श्रीमती सोनिया गांधी, श्री टी. आर. बालू और कुछ अन्य माननीय सदस्य सभा से बाहर चले गए।)

रक्षा मंत्री (श्री राजनाथ सिंह) : अध्यक्ष महोदय, श्री अंधीर रंजन चौधरी जी, श्री बालू जी और प्रो. सौगत राय जी इस सदन के बहुत ही पुराने और बहुत ही वरिष्ठ सदस्य हैं। जबकि चेयर के द्वारा यह व्यवस्था दे दी गई थी कि शून्य काल में कोई भी पाइंट ऑफ आर्डर मूव नहीं किया जा सकता है, फिर भी इन लोगों ने पाइंट ऑफ आर्डर रेज़ करने की कोशिश की है। आपने अपनी सहनशीलता का परिचय देकर इनको यह बोलने की इजाजत दी है, लेकिन इन लोगों ने उसका भी आदर नहीं किया है।...(व्यवधान) जबकि रिज़ॉल्यूशन पेश किया जा सकता है। गृह मंत्री जी ने नियमों के अनुसार ही रिज़ॉल्यूशन को इस सदन में पेश किया है। मैं इस भारत के संविधान के पार्ट 1 के इस क्लॉज़ 3 की ओर भी आपका ध्यान आकर्षित कराना चाहूंगा कि-

> "Parliament may by law form a new State by separation of territory from any State or by uniting two or more States or parts of States or by uniting any territory to a part of any State, increase the area of any State, diminish the area of any State, alter the boundaries of any State, alter the name of any State, provided that no Bill for the purpose shall be introduced in either House of Parliament except on the recommendation of the President and unless, where the proposal contained in the Bill affects the area, boundaries of any State or States..."

अध्यक्ष जी, हमारा इतना ही कहना है कि गृह मंत्री जी ने इस सदन में रिज़ॉल्यूशन प्रस्तुत कर दिया है।...(व्यवधान)

(1745/KN/SRG)

गृह मंत्री जी ने यह आश्वस्त किया है कि कल जब इस पर चर्चा होगी, जो भी सवाल प्रतिपक्ष के द्वारा खड़े किए जाएँगे, उनका वे विधिवत जवाब देंगे। धैर्यपूर्वक सब की बातों को सुनने के बाद उसका विधिवत जवाब देंगे तो मैं समझता हूँ कि वाक आउट करने का ओवैसी साहब कोई औचित्य नहीं है।

श्री असादुद्दीन ओवैसी (हैदराबाद): मैं बोलने के लिए खड़ा हूँ।...(व्यवधान)

श्री राजनाथ सिंह : इस पर कल चर्चा होगी।...(व्यवधान) इस पर पूरी बात आपकी सुनी जाएगी और उसका जवाब दिया जाएगा।

SPECIAL MENTIONS – Contd.

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल): अध्यक्ष महोदय, आइटम नम्बर 8, जो माननीय रवि शंकर जी के नाम के आगे अंकित है- उच्चतम न्यायालय (न्यायाधीश संख्या) संशोधन विधेयक, 2019. मैं रिक्वेस्ट करूँगा कि हमारे कानून मंत्री उपलब्ध हैं, यह बिल ले लिया जाए।

माननीय अध्यक्ष : अभी पाँच-सात माननीय सदस्यों के ज़ीरो अवर बाकी हैं। उनको निपटा कर फिर इसकी कार्यवाही शुरू करते हैं। एक बार मैंने व्यवस्था दे दी है।

श्री मोहनभाई सांजीभाई देलकर (दादरा और नागर हवेली): सर, आपने मुझे अलाउ किया था।…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : हाँ, माननीय सदस्य, आप बोलिए।

श्री मोहनभाई सांजीभाई देलकर (दादरा और नागर हवेली): सर, बहुत संवदेनशील और बहुत ही गम्भीर मामला मेरे प्रदेश दादरा और नागर हवेली में दो दिन पहले हुआ है। वहाँ 500 कर्मचारियों को बर्खास्त किया गया है, निकाल दिया गया है, जो जिला परिषद में काम करते थे और विलेज पंचायत में काम करते थे। छोटे परिवार के लोग हैं। वे 20-25 सालों से काम कर रहे थे, उसी आमदनी से उनका घर चलता था। उनके बच्चे पढ़ते थे। वे सारे जिला परिषद और ग्राम पंचायतों में कार्यरत थे। जिला पंचायत के जो अध्यक्ष हैं, उनको पता भी नहीं चला। विलेज पंचायत के प्रधान को भी पता नहीं चला और ये सारे परिवार आज बहुत तकलीफ में हैं। उनके घर में आज बच्चों को पढ़ाना मुश्किल हो गया है। मैं चाहता हूँ कि केन्द्र शासित प्रदेश सीधे गृह मंत्रालय के अधीन आता है। तुरंत भारत सरकार इसमें दखल दे, अन्यथा 500 परिवार बर्बाद हो जाएँगे। आपने दो दिन पहले हाउस में ही कहा। उसमें कुछ महिलाएँ हैं, महिलाएँ मिड-डे-मील में काम करती थीं। आपने यह सजेस्ट किया, आपने सारे माननीय सदस्यों को कहा कि आप सब सहभागी बने, वे महिलाएँ मिड-डे-मील में काम करती थी, उन महिलाओं को भी निकाल दिया गया। मैं सबसे गम्भीर बात यह करना चाहता हूँ कि जिन महिलाओं को मिड-डे-मील निकाल दिया गया, मिड-डे-मील की जो स्कीम है, वह एक प्राइवेट एजेंसी को दी गई है। वह एजेंसी दो दिन से वहां डायरेक्ट मिड-डे-मील बच्चों को देती है। दो दिन पहले की यह रिपोर्ट है।…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आपने विषय रख दिया है।

श्री मोहनभाई सांजीभाई देलकर (दादरा और नागर हवेली): वहाँ के सारे अखबारों में यह निकला है कि मिड-डे-मील में जो एजेंसी डिस्ट्रिब्यूट कर रही है, उसमें कॉकरॉच निकले, कीड़े निकले। इसलिए यह बहुत ही गम्भीर मामला है। एक तरफ बहनों को निकाल दिया, महिलाओं को निकाल दिया, परिवार आज मुश्किल में हैं।…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : श्री दुर्गा प्रसाद राव, आप बोल चुके।

श्री मोहनभाई सांजीभाई देलकर (दादरा और नागर हवेली): मैं चाहता हूँ कि सरकार इसमें बयान दें।…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : श्री गोपाल जी ठाकुर।

श्री मोहनभाई सांजीभाई देलकर (दादरा और नागर हवेली): वे परिवार बहुत मुश्किल में हैं। सर, प्लीज मैं आपसे रिक्वेस्ट करता हूँ कि इस हाउस से उनको न्याय मिलना चाहिए। मंत्री महोदय, यहां बैठे हैं।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्य, मैंने आपको आउट ऑफ टर्न मौका दिया है। प्लीज बैठ जाइये।

श्री मोहनभाई सांजीभाई देलकर (दादरा और नागर हवेली): सर, यह बहुत गम्भीर मामला है।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आपकी बात मैंने गम्भीरता से ले ली है।

श्री गोपाल जी ठाकुर।

श्री गोपाल जी ठाकुर (दरभंगा): माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सदन में एक महत्वपूर्ण विषय को रखना चाहता हूं, जो सम्पूर्ण मिथिला के लोगों की चिर लंबित और आवश्यक माँग है। महोदय, मेरे लोक सभा क्षेत्र दरभंगा को मिथिला की संस्कृति, राजधानी कहा जाता है। मिथिला क्षेत्र में हजारों केस माननीय पटना उच्च न्यायालय में लंबित हैं। यहाँ के गरीब लोगों को पटना जाने में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। दरभंगा प्रमंडलीय मुख्यालय है, दरभंगा में दो-दो विश्वविद्यालय हैं। दरभंगा डीएमसीएच जैसा संस्थान है। दरभंगा में अब हवाई सेवा भी उपलब्ध होने जा रही है। मैं आपके माध्यम से सरकार से माँग करना चाहता हूँ कि दरभंगा में माननीय पटना उच्च न्यायालय की एक बेंच की स्थापना की जाए। धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष : श्री भोलानाथ।

श्री भोलानाथ 'बी. पी. सरोज' (मछलीशहर): अध्यक्ष महोदय, मैं आपका आभार प्रकट करता हूँ कि मुझे शून्य काल में बोलने का अवसर दिया। मैं आपका ध्यान एक महत्वपूर्ण विषय पर आकृषित करना चाहता हूँ, जो मेरे संसदीय क्षेत्र मछलीशहर के अंतर्गत रेलवे स्टेशन के सौंदर्यीकरण एवं कुछ गाड़ियों के ठहराव से जुड़ा हुआ है।

(1750/CS/KKD)

महोदय, मेरे क्षेत्र के मडियाहूं रेलवे स्टेशन की हालत बहुत खराब है। यहाँ न तो प्लेटफार्म सही तरीके से है, न वहाँ पीने के पानी की व्यवस्था है और वहाँ शौचालय और सफाई की व्यवस्था भी सही तरीके से नहीं है। यहाँ पर प्रतीक्षालय भी नहीं है, जिसके कारण मडियाहूं के यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से आग्रह करता हूँ कि मडियाहूं रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म को सारी सुविधाएं दी जाएं, एवं इस स्टेशन का सुन्दरीकरण किया जाए। इसके साथ-साथ सुहेलदेव एक्सप्रेस ट्रेन का मडियाहूं स्टेशन पर ठहराव सुनिश्चित किया जाए। जौनपुर से इलाहाबाद व इलाहाबाद से जौनपुर जाने वाली पैसेंजर ट्रेन का पुराना समय बहाल किया जाए। महियाहूं स्टेशन पर ओवरब्रिज न होने के कारण आने जाने वाले लोगों को कभी-कभी दो-दो घंटे जाम में फंसे रहना पड़ता है, जिससे काफी परेशानी होती है।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : श्री हाजी फजलुर रहमान जी।

श्री भोलानाथ 'बी. पी. सरोज' (मछलीशहर): महोदय, एक सेकेंड में मैं अपनी बात समाप्त करता हूँ। एम्बुलेंस एवं आपातकालीन गाड़ियों के जाम में फंसे रहने के कारण मरीजों की मृत्यु कभी-कभी रास्ते में ही हो जाती है।...(व्यवधान)

श्री हाजी फजलुर रहमान (सहारनपुर): महोदय, आपने मुझे शून्यकाल में बोलने का समय दिया, इसके लिए आपका धन्यवाद।

मेरे लोक सभा क्षेत्र सहारनपुर की तहसील रामपुर मनिहारान के ग्राम कल्लरपुर माजरा गुज्जर के सामने पूर्वी यमुना नहर का पुल लगभग 20 वर्षों से टूटा होने के कारण एक दर्जन गांव के लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इन गांव के लोगों को तहसील मुख्यालय आने-जाने के लिए 10 से 20 किलोमीटर का अधिक सफर करना पड़ता है।

मान्यवर, स्कूली बच्चों, मजदूरों व खेती के लिए जाने वाले किसानों को पुल टूटा होने से आवागमन में भारी समस्या का सामना करना पड़ता है। दूर के सफर से बचने के लिए नहर पार करते समय कई बार हादसे हो चुके हैं। बहुत से स्कूली बच्चे नहर में गिरकर कोमा में चले गए हैं, जबकि कई को गंभीर चोटें आई हैं।

मान्यवर, सरकार इस समस्या का संज्ञान ले और पुल बनाने के लिए संबंधित विभाग को निर्देशित करे। धन्यवाद।

श्री देवेन्द्र सिंह भोले (अकबरपुर): महोदय, मैं आपके माध्यम से अपने लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र अकबरपुर के अंतर्गत कानपुर नगर, जो उत्तर प्रदेश का औद्योगिक और सबसे बड़ा नगर है, वहाँ के जी.एस.वी.एम. मेडिकल कॉलेज की तरफ ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ। वहाँ ट्रामा सेंटर लेवर-2 स्तर का है, जो बहुत ही छोटा है। वहाँ ट्रामा सेंटर लेवल-1 होना चाहिए। वहाँ 15 जनपद के मरीज आये दिन आते हैं। वहाँ 6 हाइवे पड़ते हैं, जहाँ पर आये दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। वहाँ मरीजों को सुविधा नहीं मिल पाती है। वहाँ से 100 किलोमीटर की दूरी पर लखनऊ में किंग जॉर्ज मेडिकल कॉलेज पड़ता है। इतनी दूर मरीजों को ले जाने में कठिनाई होती है और तब तक मरीज दम भी तोड़ देता है।

महोदय, मेरा आपसे निवेदन है, वहाँ जी.टी.रोड पर जमीन उसी में उपलब्ध है। न्यूरो सर्जरी विभाग वहाँ बन गया है, सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल बन गया है, कि आप वहाँ ट्रामा सेंटर के लिए संबंधित विभाग को निर्देशित करने की कृपा करें।

हमारे माननीय स्वास्थ्य मंत्री जी भी कानपुर मेडिकल कॉलेज के प्रोडक्ट हैं। मैं आपके माध्यम से उनसे भी यह निवेदन करना चाहता हूँ। धन्यवाद।

श्री जनार्दन सिंह सिग्रीवाल (महाराजगंज): महोदय, भारत के यशस्वी प्रधान मंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में चल रही हमारी सरकार उड़ान योजना के तहत हवाई मार्ग से यात्रा करने के लिए जनता को सुविधा देने के लिए संकल्पित है। ऐसे में हमारी मांग है कि हमारा संसदीय क्षेत्र महाराजगंज बिहार में है। वहाँ महाराजगंज, सारण, सिवान और गोपालगंज को मिलाकर, वहाँ के लोगों को यात्रा सुविधा देने के लिए महाराजगंज में एक हवाई अड्डा बनाया जाए। ऐसा होने से वहाँ से

करोड़ों लोगों को, चूंकि उत्तर प्रदेश के पूर्वी भाग और बिहार के उत्तरी भाग को वहाँ से हवाई यात्रा करने की सुविधा मिलेगी। यह मेरा आपसे आग्रह है।

(1755/RV/RP)

महोदय, आपके माध्यम से माननीय उड्डयन मंत्री जी से आग्रह है कि वे हमारे संसदीय क्षेत्र महाराजगंज में सीवान जिला और उसके अगल-बगल के जिले, जैसे उत्तर प्रदेश के सलेमपुर, बलिया, देवरिया इत्यादि के लोगों को हवाई यात्रा सुविधा देने के लिए 'उड़ान' योजना के तहत महाराजगंज में एक हवाई अड्डे का निर्माण कराएं। माननीय प्रधान मंत्री जी का संकल्प है कि हवाई चप्पल पहनने वाले को भी हम हवाई यात्रा कराएंगे और उसके लिए यह 'उड़ान' योजना चल रही है।

महोदय, मैं पुन: आपके माध्यम से सरकार से यह मांग करता हूं।

श्री अशोक कुमार रावत (मिश्रिख): माननीय अध्यक्ष जी, मेरे मिश्रिख संसदीय क्षेत्र के अन्तर्गत बिलग्राम, मल्लावां विधान सभा क्षेत्र गंगा नदी की बाढ़ से प्रभावित इलाका है। यहां प्रत्येक वर्ष गंगा नदी में आने वाली बाढ़ से कटरी, कछन्दौ, परसोला, छिबरामऊ सहित काफी गांवों के किसानों के आवास बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो जाते हैं। उनकी फसलें भी बर्बाद हो जाती हैं। ऐसी स्थिति में वहां के किसानों की स्थिति बहुत ही खराब और दयनीय हो जाती है।

महोदय, मेरा आपके माध्यम से अनुरोध है कि हमारे मिश्रिख संसदीय क्षेत्र के अन्तर्गत गंगा नदी के बाढ़ प्रभावित ग्रामों का ऊँचीकरण कराने तथा पानी के फैलाव को रोकने और वहां के किसानों के लिए आवास की व्यवस्था करने का काम करें। साथ ही, वहां पर पानी के फैलाव को रोकने के लिए मेहंदीघाट से होते हुए राजघाट, सरिया पुल तक केन्द्रीय आबंटन से एक बाँध बनाए जाने की आवश्यकता है।

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्य, आपका भाषण हो गया। प्लीज, बैठ जाएं।

माननीय सदस्यगण, मैं आप सभी को शून्य काल में बोलने का मौका दूंगा। अभी बिल पर चर्चा शुरू कर रहे हैं, उसके बाद शून्य काल शुरू करेंगे। आज सभी को मौका दूंगा।

उच्चतम न्यायालय (न्यायाधीश संख्या) संशोधन विधेयक

1757 बजे

माननीय अध्यक्ष: आइटम नम्बर 8 - उच्चतम न्यायालय (न्यायाधीश संख्या) संशोधन विधेयक, 2019 - माननीय मंत्री जी।

विधि और न्याय मंत्री; संचार मंत्री तथा इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री (श्री रवि शंकर प्रसाद): अध्यक्ष महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूं:

> "कि उच्चतम न्यायालय (न्यायाधीश संख्या) अधिनियम, 1956 का और संशोधन करने वाले विधेयक पर विचार किया जाए।"

सर, यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण बिल है, जिसे मैं मूव कर रहा हूं। थोड़ा संक्षेप में, मैं इसकी भूमिका रखना चाहता हूं, ताकि सदन में इस पर विस्तार से चर्चा हो सके।

सर, भारत के संविधान में न्यायपालिका के तीन अंग हैं - जिला न्यायालय, उच्च न्यायालय और उच्चतम न्यायालय। भारत के संविधान के अन्तर्गत सुप्रीम कोर्ट जजेज़ एक्ट के अन्तर्गत सुप्रीम कोर्ट के माननीय न्यायाधीशों की संख्या को भी निश्चित किया गया है।

सर, मैं आपको बताना चाहता हूं कि जब माननीय सुप्रीम कोर्ट की स्थापना हुई थी तो यह संख्या 10 थी। बाद में यह बढ़ कर 13 हुई, फिर 17 हुई, फिर 25 हुई, और फिर 30 हुई। 'सुप्रीम कोर्ट नम्बर ऑफ जजेज़ अमेंडमेंट एक्ट्स' के द्वारा समय-समय पर इसमें बदलाव किया गया। वर्ष 1960 में, 1977 में, 1986 में और वर्ष 2009 में इसमें बदलाव किया गया।

सर, 21 जून, 2019 को उच्चतम न्यायालय के माननीय मुख्य न्यायाधीश ने सरकार के पास एक पत्र लिखा था कि सुप्रीम कोर्ट में लम्बित मामलों की संख्या बहुत बढ़ गई है और सुप्रीम कोर्ट को कई बड़े-बड़े मामलों में कंस्टीट्युशनल बेंचेज भी बनाने पड़ते हैं।

माननीय अध्यक्ष: माननीय मंत्री जी, एक मिनट रुकिए।

माननीय सदस्यगण, अगर सभा की इजाजत हो तो इस विधेयक के पारित होने और शून्य काल तक सभा का समय बढ़ाया जाए। क्या सभा इससे सहमत है?

अनेक माननीय सदस्य: हाँ।

माननीय अध्यक्ष: ठीक है। माननीय मंत्री जी।

श्री रवि शंकर प्रसाद: सर, उनके पत्र से ऐसा मालूम हुआ कि as on 1st June, 2019, the total pendency of cases in Supreme Court is 58,669. The hon. Chief Justice of India requested that there are other cases – Constitutional Bench cases of five Judges – we need to increase the number.

सर, न्यायपालिका में केसों के त्वरित निष्पादन के दृष्टिकोण से आज का जो बिल मैंने प्रस्तुत किया है, इसमें हम सुप्रीम कोर्ट के जजों की संख्या को 3 और बढ़ा रहे हैं अर्थात् यह संख्या बढ़ कर 33 हो जाएगी। हमारी सरकार इसके बारे में बिल्कुल गम्भीरता से यह महसूस करती है कि माननीय न्यायालय को उचित सहयोग मिलना चाहिए।

सर, एक सेन्ट्रली स्पॉन्सर्ड स्कीम है, जो वर्ष 1992-93 से चल रही है। इसका 50 परसेंट जो पैसा दिया गया है, यह पिछले पाँच वर्षों में नरेन्द्र मोदी जी की सरकार में ही दिया गया है। हमने माननीय हाई कोर्ट्स के सदस्यों की संख्या भी 906 से बढ़ाकर 1,079 की है। हमने इसे भी बढ़ाया है और आज सुप्रीम कोर्ट में भी बढ़ाने की बात कर रहे हैं।

(1800/MY/RCP)

मैं एक बात और कहना चाहूंगा, जिस पर सदन का एक प्रकार से निर्देश जाना चाहिए। मैं विशेष रूप से कानून से संबंध रखने वाले अपने मित्रों से कहना चाहूंगा। It is high time that India had an all-India National Judicial Service. I am very clear about this. जब हम सुप्रीम कोर्ट के निर्णय को बढ़ा रहे हैं, तो देश में एक से बढ़कर एक मेरिटोरियस बच्चे हैं, नेशनल लॉ स्कूल और बाकी अन्य स्कूल्स के बच्चे हैं, एक ऑल इंडिया एग्जामिनेशन हो, सेन्ट्रलाइज्ड एग्जामिनेशन हो, जिस तरह से आई.ए.एस. तथा आई.पी.एस. का होता है। इसमें बच्चे आए, फिर हम उन बच्चों को स्टेट में एलॉट करें, जिससे वे हाई कोर्ट के डिसप्लिनेरी कंट्रोल में आएंगे।

अध्यक्ष महोदय, एक चीज की चिंता बार-बार होती है कि जो हमारे डिप्राइव्ड समाज के बच्चे हैं, उनको न्यायपालिका में स्थान नहीं मिलता है। मैंने बार-बार भारत के विभिन्न हाई कोर्ट्स के चीफ जस्टिस को लिखा कि the Government of Narendra Modi *ji* will equally appreciate if the deprived sections, marginalised sections are also given representation. हम ऑल इंडिया ज्यूडिशियरी में उनकी भी चिंता करेंगे। मैं इस मत का हूं कि आज जब हम सुप्रीम कोर्ट के जजेज की संख्या बढ़ाने की चर्चा कर रहे हैं, तो ज्यूडिशियरी के इन व्यापक संदर्भों पर भी थोड़ी चर्चा होनी चाहिए, जिससे मुझे माननीय सदस्यों के द्वारा प्रकाश मिलेगा। इससे मुझे बहुत ही सुविधा मिलेगी। ऐसा मेरा आग्रह है। इन्हीं टिप्पणियों के साथ मैं इस बिल को प्रस्तुत करता हूं।

(इति)

माननीय अध्यक्ष: प्रस्ताव प्रस्तुत हुआ:

> "कि उच्चतम न्यायालय (न्यायाधीश संख्या) अधिनियम, 1956 का और संशोधन करने वाले विधेयक पर विचार किया जाए।"

…(व्यवधान)

श्री रवि शंकर प्रसाद: अध्यक्ष महोदय, इस पर पहले चर्चा होगी, उसके बाद बिल पास होगा। …(व्यवधान)

श्री असादुद्दीन ओवैसी (हैदराबाद): …(कार्यवाही-वृत्तान्त में सम्मिलित नहीं किया गया।)…(व्यवधान)

श्री रवि शंकर प्रसाद: अध्यक्ष महोदय, माननीय ओवैसी साहब ने जो बात कही है कि इंडिया को नॉर्थ कोरिया बना दीजिए। …(व्यवधान) सर, यह शब्द ठीक नहीं है।

माननीय अध्यक्ष: इसे रिकॉर्ड से हटा दिया गया है।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: आप भी ऐसी बात नहीं बोलिए। न ही इधर से बैठ-बैठे कोई माननीय सदस्य टिप्पणी करेंगे और न ही उधर से बैठे-बैठे कोई सदस्य टिप्पणी करेंगे।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्यगण, मेरा आप सभी से आग्रह है कि यह भारत की संसद है और हम कभी भी बैठे-बैठे टिप्पणी न करें।

…(व्यवधान)

1803 बजे

श्री पी. पी. चौधरी (पाली): माननीय अध्यक्ष जी, मैं सबसे पहले आपको बहुत-बहुत धन्यवाद करता हूं। आपने मेरा इतना मान-सम्मान बढ़ाया कि मेरे जो दो सीनियर एडवोकेट दोस्त यहां हैं, एक हमारे पिनाकी मिश्रा जी है और दूसरे, श्री कल्याण बनर्जी जी हैं। वे मुझसे कहने लगे हैं कि पिछले 10 दिनों में हमारे क्लाइंट कम हो गए और वे आपकी तरफ कैसे जा रहे हैं? यह अध्यक्ष जी का विशेष पक्षपात करने का तरीका है। …(व्यवधान) वे कह रहे हैं कि हमारा नाम तो लेते ही नहीं हैं और केवल आपका ही नाम लेते हैं। यह हमारे साथ डिसक्रिमिनेशन है। वे आर्टिकल 14 इन्वोक कर रहे हैं।…(व्यवधान)

महोदय, इसके लिए मुझे आपकी मदद की जरूरत है या तो आप इनका भी साथ ले लीजिए, जिससे कोई भेदभाव नहीं रहेगा। …(व्यवधान) वे कह रहे हैं कि हमारे साथ यहां अन्याय हो रहा है।…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: ये लोग बैठे-बैठे सदन को आर्टिकल से चलाना चाहते हैं।

…(<u>व्यवधान</u>)

श्री पी. पी. चौधरी (पाली): सर, माननीय मंत्री जी ने आज इस बिल को पेश किया है। इस बिल का मैं सपोर्ट करता हूं। आज हम सुप्रीम कोर्ट में देखते हैं कि जब पांच जजेज की बेंच बनानी होती है और कांस्टिट्यूशन बेंचेच की जरूरत होती है, तो उस समय जजेज की कमी होती है। भारत के मुख्य न्यायाधीश ने सरकार को जो चिट्ठी लिखी और हमारे प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में माननीय मंत्री जी ने यह बिल पेश किया है। सरकार चाहती है कि केसेज का डिस्पोजल जल्दी हो और किसी तरह की डिले न हो, खास कर सुप्रीम कोर्ट में पेंडेंसी 59,000 के करीब है। इस बिल के आने के बाद तीन जज और इंक्रीज हो जाएंगे और केसेज की पेंडेंसी भी खत्म होगी।

(1805/CP/SMN)

चाहे अयोध्या का केस हो या इस तरह के दूसरे पब्लिक इंट्रेस्ट के मैटर्स हों, उन केसेज़ का डिस्पोजल जल्दी होगा।

1805 बजे (श्रीमती रमा देवी <u>पीठासीन हुईं</u>)

माननीय सभापति महोदया, मैं बताना चाहूंगा कि सबसे पहले जब सुप्रीम कोर्ट बना, तब जजेज़ की स्ट्रेंग्थ 10 थी। वर्ष 1960 में स्ट्रेंग्थ को 13 किया गया, वर्ष 1977 में इसमें बढ़ोतरी करके 17 किया गया, फिर वर्ष 1986 को 25 किया गया और वर्ष 2009 को स्ट्रेंग्थ 30 हो गई और आज इस बिल के द्वारा 33 की जा रही है, जो कि बहुत ही स्वागत योग्य है। प्रधान मंत्री जी का हमेशा विजन है कि हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में केसेज़ का डिस्पोजल क्विक हो। हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में एप्वाइंटमेंट्स जल्दी हों। जहां तक हाई कोर्ट की बात है, तो हाई कोर्ट में भी स्ट्रेंग्थ बढ़ाने का काम हमारी सरकार ने, माननीय मोदी जी ने किया है। पहले हाई कोर्ट में जजेज की संख्या 906 थी, मोदी जी के नेतृत्व में उसे बढ़ाकर 1,079 किया गया। मैं आपका बता दूं कि अभी 200 वैकेंसीज़ ऐसी हैं, जिनमें किसी तरह की रिकमेंडेशन्स हाई कोर्ट से नहीं आई हैं, लेकिन कोलेजियम में जो सिस्टम है,

एमओपी में, उस हिसाब से 6 महीने पहले वैकेंसीज़ की रिकमेंडेशन भेजनी पड़ती है। करीब 206 रिकमेंडेशन्स पाइपलाइन में हैं। वर्किंग स्ट्रेंग्थ जो हाई कोर्ट की पूरे देश में है, वह करीब 671 है।

हम पूरी जुडिशियरी की बात करें, चाहे हाई कोर्ट हो या सुप्रीम कोर्ट हो, क्योंकि पेंडेंसी की बात करें तो पेंडेंसी सबआर्डिनेट पोस्ट्स में भी बहुत हैं। इनमें लगभग 3 करोड़ के आसपास पेंडेंसी है। सबओर्डिनेट कोर्ट का जो कंट्रोल है, वह भारत के संविधान के तहत हाई कोर्ट्स का है और उन स्टेट गवर्नमेंट्स का है। इनफ्रास्ट्रक्चर खड़ा करने के लिए भारत सरकार की योजनाएं आईं, चाहे कोर्ट रूम्स हों या उनके रेजीडेंशियल एकमोडेशन्स हों, भारत सरकार ने समय-समय पर फंड प्रोवाइड किया है। वर्ष 2014 के बाद अगर हम देखें, तो उसमें करीब 50 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है। वर्ष1993 से पहले जो स्कीम चल रही थी, उसमें करीब 50 पर्सेंट की बढ़ोतरी हुई है।

सबआर्डिनेट कोर्ट्स में वैकेंसीज़ की बात करें, तो पूरे देश में लगभग 19,518 वैकेंसीज़ हैं। वर्ष 2013 की यह स्थिति थी। मोदी जी के पिछले कार्यकाल में करीब 2,856 वैकेंसीज़ इनक्रीज हुई हैं। सबआर्डिनेट जुडिशियरी की अगर हम बात करें, तो वर्किंग स्ट्रेंग्थ करीब 15,115 है, लेकिन अभी भी सबआर्डिनेट कोर्ट्स में जो पोस्ट्स खाली हैं, वे लगभग 5,262 हैं। इन पदों के भरने का काम हाई कोर्ट का है, स्टेट गवर्नमेंट का है। इसमें केन्द्र सरकार दखल नहीं कर सकती है, लेकिन समय-समय पर एडवाइजरी जरूर जारी कर सकती है। समय-समय पर चीफ जस्टिसेज़ वगैरह को, स्टेट गवर्नमेंट को चिट्ठियां जरूर भेजी जाती हैं कि आप वैकेंसीज़ फिल-अप करें, केसेज़ की जो पेंडेंसी है, वह खत्म हो, ऐरियर खत्म हो और लोगों को सस्ता, सुलभ और जल्दी न्याय मिले।

सभापति महोदया, मैं यह भी बताना चाहूंगा कि सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट में एप्वाइंटमेंट की जो प्रक्रिया है, उस प्रक्रिया के बारे में बहुत लंबे समय तक, जो पार्लियामेंट की शक्तियां हैं, वहां उनके बारे में डिसकशन होता रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले के द्वारा बताया है कि कोलेजियम सिस्टम के द्वारा एप्वाइंटमेंट्स होंगे। हम आर्टिकल 124 कांस्टीट्यूशन ऑफ इंडिया को देखें, आर्टिकल 217 कांस्टीट्यूशन ऑफ इंडिया को देखें, जो हाई कोर्ट में एप्वाइंटमेंट के संबंध में है, आर्टिकल 124 सुप्रीम कोर्ट में एप्वाइंटमेंट के संबंध में है। हम अगर एप्वाइंटमेंट के इतिहास को देखें, तो जब से देश आजाद हुआ, भारत का संविधान लागू हुआ, वर्ष 1950 से लेकर वर्ष 1993 तक करीब 43 वर्षों तक, भारत के संविधान के तहत आर्टिकल 124 और 217 के तहत नियुक्तियां होती थीं।

(1810/SK/MMN)

इसमें प्राइमेसी एग्जीक्यूटिव की थी, सिर्फ प्रेजीडेंट ऑफ इंडिया एपाइंट करते थे, क्योंकि आर्टिकल 124 में बहुत ही साफ प्रावधान है, 217 में बहुत ही साफ प्रावधान है,

> "The President of India shall appoint the High Court and Supreme Court judges after consultation with the Chief Justice of India."

जहां तक एपाइंटमेंट की बात है, वर्ष 1981 में पहला केस आया, उसमें पहले कहा गया प्राइमेसी एग्जीक्यूटिव की होगी और कन्सलटेशन का मतलब कान्क्रेंस नहीं है, कन्सलटेशन का मतलब ओपिनियन है। चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया की ओपिनियन का ध्यान रखा जाएगा, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया ने ओपिनियन दी है तो बाइंडिंग होगी।

फर्स्ट जज के केस में बहुत ही स्पेसिफिक बात कही गई। पिछले 26 सालों में, वर्ष 1993 से अब तक जो स्थिति थी वह बिल्कुल बदल गई है। सैकण्ड जज का केस आया तो उसमें कहा गया कि प्राइमेसी चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया की होगी। एग्जीक्यूटिव से चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया को लिया गया। इसके बाद रैफरेंस प्रेजीडेंट का आर्टिकल 143 में हुआ, 1993 में रैफरेंस का जवाब आया और कोलिजियम सिस्टम का निर्माण किया गया कि एपाइंटमेंट कोलिजियम सिस्टम से होगी। कोलिजियम सिस्टम में सुप्रीम कोर्ट की एपाइंटमेंट के लिए पांच जजेज़ होते हैं, चीफ जस्टिस और चार सीनियर मोस्ट जजेज़ होते हैं। हाई कोर्ट में एपाइंटमेंट के लिए कोलिजियम चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया और दो सीनियर मोस्ट जजेज़ होते हैं। इस तरह से वापिस कोलिजियम सिस्टम हुआ है, सुप्रीम कोर्ट ने वर्ष 1999 में कह दिया -

> "The appointment of the High Court and Supreme Court judges is nothing but it is a part of the independence of the Judiciary, and independence of Judiciary is the basic structure of the Constitution of India.

ऐसा 1993 से 1999 में हुआ था। वर्ष 2015 में, जिसे फोर्थ जजमेंट कहा जाता है, इसमें कोलिजियम और चीफ जस्टिस आफ इंडिया की प्राइमेसी होगी।

सभापति जी, सुप्रीम कोर्ट की जजमेंट का हौआ क्रिएट हुआ था जब माननीय इंदिरा जी प्रधान मंत्री थीं, उस समय ज्यूडिशियल इंडीपेंडेंस के इरोड करने के लिए, इंटरफेयर करने के लिए कुछ एक्शन हुए थे। सुप्रीम कोर्ट को लगा कि अगर एग्जीक्यूटिव को पावर होगी तो इस तरह का इंटरफेरेंस एपाइंटमेंट के मामले में होगा। फंडामेंटल राइट केस में जस्टिस सेलट, हेगड़े और ग्रोवर थे, उनको इंदिरा जी के समय में सुपरसीड किया गया था और बाद में हैबियस कॉर्पस केस हुआ, जिसमें जस्टिस एच.आर. खन्ना थे, वह भी सुपरसीड हुए। इस तरह से ज्युडिशियरी के माइंड में पेनिक क्रिएट हो गया, उनको लगा कि ज्युडिशियरी की इंडीपेंडेंस इरोड हो रही है और कोलिजियम सिस्टम 1993 से कम्पलीट चेंज हुआ।

जहां तक कन्सलटेश के कान्क्रेंस की बात है, भारत के संविधान में कहीं भी प्रावधान नहीं है, सिर्फ वर्ल्ड कन्सलटेशन यूज है। अगर हम डिक्शनरी में कन्सलटेशन का मीनिंग देखें तो उसका मतलब कान्क्रेंस नहीं होगा, सिर्फ ओपिनियन होगा, डिसकसन होगा। इस तरह से पूरा का पूरा कोलिजियम सिस्टम ज्युडिशियरी द्वारा क्रिएट किया हुआ है, इसमें पार्लियामेंट की कोई शह नहीं है।

हम देखते हैं कि जज एकाउंटेबल नहीं हैं, पार्लियामेंट एकाउंटेबल हैं, एग्जीक्यूटिव एकाउंटेबल हैं, लेकिन आज जिस हिसाब से कोलिजियम सिस्टम वर्क कर रहा है, वह एक डार्क कर्टेन के पीछे कर रहा है। जब भी बात होती है, कर्टेन की तरह डिफेंसिव हो जाता है। किसी भी तरह का डिसीपिलेन नहीं है। अगर जजिस के बारे में एक्शन की बात होती है, एकाउंटेबिलिटी नहीं है तो सिर्फ इम्पीचमेंट है जो हरकुलियन टास्क है और इसका सक्सैस होना बहुत मुश्किल का काम है।

जहां तक फोर्थ जज की बात है, इसमें सुप्रीम कोर्ट ने एग्जीक्यूटिव का इन्वाल्वमेंट माना गया है। इसमें ऐसा कोई एग्जीक्यूटिव का इन्वाल्वमेंट नहीं था। नेशनल ज्युडिशियल कमीशन बना था, इसके बारे में मैं अभी बताउंगा। उन्होंने माना कि ज्युडिशियल इंडीपेंडेंस में इंटरफेरेंस है। मैं आपको

बताना चाहता हूं कि पूरे देश में चाहे हाई कोर्ट जज हो, सुप्रीम कोर्ट जज हों, अगर कैटेगिरी वाइज़ एपाइंटमेंट देखें तो ओबीसी के लोग नहीं पाएंगे, एससी के नहीं पाएंगे, एसटी के नहीं पाएंगे, माइनोरिटी के बहुत कम होंगे और इसके अलावा वूमेन भी कम होंगी, जिसके कम्पेरिजन में दूसरे एपाइंट होंगे। (1815/MK/VR)

गवर्नमेंट ऑफ इंडिया और लॉ मिनिस्ट्री से टाइम-टू-टाइम एडवाइजरी जाती है कि इन लोगों का रिप्रजेंटेशन होना चाहिए। इसलिए यह कहना कि इंडिपेंडेंट ऑफ जूडिशियरी में इन्क्राचमेंट है, जहां तक जजेज के इंडिपेंडेंस की बात है, मुझे 45 मिनट तक बोलने के लिए कहा गया है।

माननीय सभापति (श्रीमती रमा देवी): आप बोलिए।

श्री पी. पी. चौधरी (पाली): मैंने इसलिए कहा कि कहीं आप बीच में घंटी न बजा दें, नहीं तो मेरा फ्लो टूट जाएगा। एक घंटे का समय मिला है 45 मिनट बोलूंगा,15 मिनट लेस।

हम इंडिपेंडेस किसको कहेंगे? इंडिपेंडेंस के लिए कंस्टिट्यूशनल बैकिंग है। अपॉइंटमेंट का राइट से होने इंडिपेंडेंस ऑफ जूडिशियरी नही हो जाता है। जहां तक फिक्स्ड टेन्योर की बात है, कंस्टिट्यूशन स्कीम के तहत जजेज के टेन्योर फिक्सड हैं। Salaries and allowances cannot be reduced. परमानेंट टेन्योर में एक्सेप्शन यह है कि केवल इम्पीचमेंट के ग्राउंड पर हटाया जा सकता है। अगर हम इसको होलिस्टिक वे में देखें, जो इनका कंस्टिट्यूशनल बैकिंग है, उस हिसाब से These are sufficient safeguards for keeping the independence of the judiciary.

मैं यह भी बताना चाहूंगा कि जहां तक एकाउंटेबिलिटी की बात है, डेमोक्रसी में सबसे बड़ी बात यह है कि डेमोक्रेसी के तीन बड़े विंग्स हैं, तीन पिलर्स हैं- पार्लियामेंट, एग्जिक्यूटिव और जूडिशियरी। अगर हम इनको अच्छी तरह से देखें तो पार्लियामेंट पब्लिक के लिए और एग्जिक्यूटिव पार्लियामेंट के लिए एकाउंटेबल है, लेकिन डेमोक्रसी में जूडिशियरी एक ऐसा विंग है, जो किसी के प्रति एकाउंटेबल नहीं है। एकाउंटेबिलिटी नहीं होने की वजह से, हम मान लेते हैं कि इससे इंस्टिट्यूशन बहुत स्ट्रैंथन होगी, जबकि जितनी ज्यादा किसी इंस्टिट्यूशन की एकाउंटेबिलिटी होगी वह इंस्टिट्यूशन उतनी ही मजबूत होगी। इसलिए एकाउंटेबिलिटी होना जरूरी है और आज एकाउंटेबिलिटी नहीं है।

जहां तक कंसल्टेशन वर्ड की बात है। मैं बताना चाहूंगा कि भारत के संविधान में 366 एक ऐसा आर्टिकल है, जिसमें लगभग तीस शब्द को डिफाइन किया गया है। लेकिन, जब वर्ष 1950 में भारत का संविधान लागू हुआ तो उस समय आर्टिकल 366 में कंसल्टेशन वर्ड डिफाइन नहीं किया गया था। मुझे लगता है कंसल्टेशन वर्ड डिफाइन नहीं होने की वजह से सुप्रीम कोर्ट के जो तीन जजमेंट हुए, उनमें कंसल्टेशन वर्ड को डिफाइन किया गया और डिफाइन करके ऐसी डेफिनिशन दी, जिससे लगता है कि उन्होंने कंसल्टेशन का मतलब कन्करेंस मान लिया।

मैं आपको यह भी बताना चाहूंगा कि आर्टिकल 124 और 217, सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट जजेज अपॉइंटमेंट के संबंध में हो, चाहे सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस के संबंध में हो या एडहॉक जजेज के संबंध में हो, जहां पर भी कंसल्टेशन वर्ड है, उस कंसल्टेशन को उन्होंने कन्करेंस मान लिया, इफेक्टिव मान लिया, यहां तक कि आर्टिकल 317 में भी कंसल्टेशन वर्ड को

यूज किया गया है। कंस्टिट्यूशनल फ्रेमर्स ने जहां कन्करेंस की जरूरत है, वहां कन्करेंस यूज किया है। अगर हम कंसल्टेशन वर्ड को देखें तो पूरे संविधान में केवल यह नहीं है कि आर्टिकल 124 और 217 सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट जजेज अपॉइंट करने के लिए है। भारत के संविधान में करीब 18 आर्टिकल ऐसे हैं, जिनमें कंसल्टेशन वर्ड का उपयोग हुआ है। इसका मतलब यह हुआ कि जहां सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट के जजेज अपॉइंट होने हैं, वहां कंसल्टेशन का मतलब कन्करेंस हुआ, कंसल्टेशन का मतलब बाइंडिंग ओपिनियन हुई। दूसरी ओर जहां सुप्रीम कोर्ट किसी यूनियन पब्लिक सर्विस कमीशन से कंसल्टेशन ले रहा है, वहां पर बाइंडिंग नहीं है। इसलिए मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से निवेदन करना चाहूंगा कि क्यों न आर्टिकल 366 में कंसल्टेशन वर्ड को डिफाइन कर दिया जाए, जिससे कम से कम कंस्टिट्यूशनल फ्रेमर्स की जो मंशा थी कि कंसल्टेशन वर्ड का मतलब सिम्पली एक ओपिनियन हो, उसको हम रिस्टोर कर सकें।

मैं आपको यह भी बतना चाहूंगा कि आर्टिकल 103 और 192 जो इलेक्शन कमीशन और डिस्क्वालिफिकेशन के संबंध में है।

(1820/YSH/SAN)

मैम्बर ऑफ पार्लियामेंट और स्टेट लेजिसलेचर का मैम्बर अगर डिसक्वालिफाइड होता है तो उसके लिए क्या प्रावधान है? मैं डिस्टिंगेशन इसलिए बताना चाहता हूं, क्योंकि कांस्टिट्यूशनल फ्रेमर्स के माइंड में यह क्लीयर था कि जहां पर वर्ड कंसलटेशन यूज करना है, वहां बाइंडिंग होगी कि नहीं होगी। जहां पर ओपिनियन बाइंडिंग होगी तो वहां बाइंडिंग यूज किया है। जो आर्टिकल 103 और 192 है, जो कि मैम्बर ऑफ पार्लियामेंट के ऑफिस ऑफ प्रोफिट के ग्राउण्ड पर डिसक्वालिफाइंग के और स्टेट लेजिसलेचर मैम्बर के ऑफिस ऑफ प्रोफिट की वजह से डिसक्वालिफाइंग है तो उस स्थिति में प्रेसिडेंट ऑफ इंडिया इलेक्शन कमीशन से ओपिनियन मांगेगा। यह कांस्टिट्यूशन में लिखा हुआ है कि इलेक्शन कमीशन की ओपिनियन प्रेसिडेंट ऑफ इंडिया पर बाइंडिंग होगी तो जहां बाइंडिंग लिखा हुआ है, वहां बाइंडिंग होगी, लेकिन कांस्टिट्यूशनल फ्रेमर्स के कंसलटेशन का मतलब बाइंडिंग होता तो वे वर्ड जो आर्टिकल 103 में और 192 में है वे बाइंडिंग इफेक्ट आर्टिकल 124 और 217 सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट जज के अपॉइन्टमेंट में प्रयोग में लेते। यह इन्टेंट और आब्जेक्ट कांस्टिट्यूशनल फ्रेमर्स का नहीं था, क्योंकि यह पावर एक्जीक्यूटिव की प्राइवेसी रखने के लिए था। ज्यूडिशियरी किसी न किसी को अकाउंटेबल होगी, जिस तरह से दूसरी संस्था अकाउंटेबल है। यह डेमोक्रेसी में चेंज रिएक्शन है। ज्यूडिशियरी एक्जीक्यूटिव को अकाउंटेबल होती है, पब्लिक को होती है। अगर एक्जीक्यूटिव पार्लियामेंट को अकाउंटेबल होती है और पार्लियामेंट पब्लिक को अकाउंटेबल होती है तो हम कह सकते हैं कि डेमोक्रेटिक सेटअप और हमारे कांस्टिट्यूशनल फ्रेमर्स ने इसे फ्रेम किया है। मैं यह बताना चाहूंगा कि जिस तरह से नेशनल ज्यूडिशियल अपॉइन्टमेंट कमीशन आया। हमारे मंत्री जी ने बहुत अच्छी तरह से उसे रखा। मोदी जी के नेतृत्व में जिस तरह से वर्ष 2014 में यह नेशनल ज्यूडिशियल अपॉइन्टमेंट आया, आप देखेंगे कि उसमें चेयरमैन सी.जे.आई को रखा गया। उसके मैम्बर दो सीनियर मोस्ट जजेस थे। लॉ मिनिस्टर उस कमीशन का मैम्बर था। दो एमिनेन्ट पर्सन्स चूज करने के लिए उस कमेटी के चेयरमैन प्राइम मिनिस्टर थे। उसमें भी यह कहा गया कि दो

सर, मैं एक-दो बातें और कहकर अपनी बात समाप्त करूंगा। मैं आई.टी. मंत्री हूं। एक कॉमन सर्विस सेंटर मूवमेंट को हमने आगे बढ़ाया है। देश की साढ़े तीन लाख ग्राम पंचायतों में लगभग 12 लाख बच्चे-बच्चियां काम करते हैं। आपको बताना चाहता हूं कि मैंने उनसे कहा कि तुम प्रीलिटिगेशन एडवाइज दो। कहीं कोई किसान परेशान है, कोई खेतिहर मजदूर परेशान है। आज मैंने बिहार, यूपी और नॉर्थ-ईस्ट में लगाया, तो 80 हजार प्रीलिटिगेशन एडवाइज मिले हैं और अब पूरे देश को मैं इसमें ले जा रहा हूं। हम इस तरह से काम कर रहे हैं और आगे भी करेंगे। कुछ लोगों ने कहा कि हाईकोर्ट जजेस की उम्र बढ़ा दीजिए, पिनाकी बाबू जी ने कहा और आपने भी कहा। यह मेरी सरकार का व्यू नहीं है, बल्कि उनका विचार है।

(2025/MM/AK)

अगर हाई कोर्ट के जजेस का मैं बढ़ा दूं तो क्या गारंटी है कि सुप्रीम कोर्ट नहीं कहेगा कि हमारे जजों की भी बढ़ा दो। आप ऐसी बात मत कीजिए। इसके अलावा बाकी कांस्टीट्यूशनल अथॉरिटीज़ हैं, सीएजी, सीवीसी और इलेक्शन कमीशन इत्यादि है, उनकी भी बात आएगी। हमारी सेना के चीफ कह सकते हैं कि हम भी 60 साल में स्वस्थ रहते हैं। उसके बाद आईएएस सेक्रेटरी कहेंगे कि हम भी तो ठीक रहते हैं। इस बारे में पूर्णता में विचार करना होगा। This matter is not free from difficulty, though, I acknowledge that a request has been made. लेकिन एक बात किसी ने कही कि रिटायर्ड जजेस की सीमा होनी चाहिए। मैं इससे बिलकुल एग्री करता हूं कि रिटायर्ड जज कितने लगेंगे, इस पर विचार करना चाहिए। Let fresh people get appointed. हां, कुछ जगह हैं, जैसे प्रेस काउंसिल और ह्यूमन राइट्स कमीशन है, वहां सिर्फ रिटायर्ड जज ही बन सकते हैं, इसलिए इसको ध्यान में रखना होगा।

सर, नाम बदलने की बात भी कही गयी। इस पर हमारी गम्भीर समस्या है। नये बैंच खोलने की भी बात है। मैं बिल लेकर आया था। we do not want a change. आप मुम्बई की बात कर रहे थे, कुछ लोग कहते हैं कि महाराष्ट्र हाई कोर्ट कर दो। आप कह रहे हैं, लेकिन मैं आपको पूरा विचार दे रहा हूं। ओडिशा की बात आयी तो वहां भी दो व्यू हैं कि चार बैंच और कर दो। सर, मैं यह

सोच रहा हूं कि सभी के कन्सेन्सेस से इसको आगे बढ़ाया जाए, क्योंकि इसमें सभी के अलग-अलग विचार हो सकते हैं। लेकिन नये बैंच के बारे में आप ध्यान रखिए, चाहे कोल्हापुर हो या शोलापुर हो, मेरठ या मलियान हो, इसके लिए हाई कोर्ट का कंकरेंस जरूरी है, तभी मैं कार्रवाई कर सकता हूं। आपके यहां तो औरंगाबाद में भी है, नागपुर में भी है, मुम्बई में भी है और गोवा में भी है, अब आप शोलापुर कह रहे हैं, लेकिन कोल्हापुर के लिए भी हम से आकर मिल चुके हैं। इसलिए इसके बारे में विचार करना पड़ेगा। वेस्टर्न यूपी के बारे में मैं दानिश अली जी को बताना चाहता हूं कि हमारे मित्र राजेंद्र अग्रवाल जी इस बारे में कई बार मिल चुके हैं। यह आज से नहीं अपितु पिछले पांच साल से सक्रिय हैं। इनकी सक्रियता के लिए मैं इनका अभिनंदन करता हूं। इसलिए कन्सेन्सेस बनना चाहिए। मैं पूरी कोशिश करूंगा। अर्जुन मुंडा जी यहां नहीं हैं, वह भी दुमका के लिए बैंच की मांग कर रहे हैं। इस के बारे में विचार करना होगा, लेकिन मैं एक बात सदन में अंत में कहना चाहूंगा कि इतनी अच्छी चर्चा हुई, जिसके लिए मैं सभी का अभिनंदन करता हूं, लेकिन ज्यूडिशियरी के प्रति सम्मान रहना चाहिए और ज्यूडिशियरी को हमारा पूरा सहयोग होना चाहिए। यही बात कहकर मैं अपनी बात समाप्त करता हूं। धन्यवाद।

(इति)

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, अगर सर्किट बैंचों की बात करेंगे, तो जितने माननीय सदस्य बैठे हैं, सब डिमांड करने लग जाएंगे और पूरी रात हो जाएगी तो भी यह डिमांड पूरी नहीं हो सकती है।

प्रश्न यह है :

"कि उच्चतम न्यायालय (न्यायाधीश संख्या) अधिनियम, 1956 का और संशोधन करने वाले विधेयक पर विचार किया जाए।"

<u>प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।</u>

माननीय अध्यक्ष : अब सभा विधेयक पर खंडवार विचार करेगी।

खंड 2

प्रश्न यह है :

"कि खंड 2 विधेयक का अंग बने।"

<u>प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।</u>

<u>खंड 2 विधेयक में जोड़ दिया गया।</u>

<u>खंड 1, अधिनियमन सूत्र और नाम विधेयक में जोड़ दिए गए।</u>

माननीय अध्यक्ष : माननीय मंत्री जी प्रस्ताव करें कि विधेयक को पारित किया जाए।

श्री रवि शंकर प्रसाद : मैं प्रस्ताव करता हूं :

"कि विधेयक पारित किया जाए।"

माननीय अध्यक्ष : प्रश्न यह है :

"कि विधेयक पारित किया जाए।"

<u>प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।</u>

(2030/SPR/SJN)

विशेष उल्लेख

2030 बजे

SHRI P. VELUSAMY (DINDIGUL)

:{For English translation of the submission
made by the hon. Member,
Shri P. Velusamy in Tamil,
please see the Supplement. (PP 193A to 193B)}

माननीय अध्यक्ष: श्रीमती गोमती साय – not present.

SHRI G.M. SIDDESHWAR (DAVANAGERE): Hon'ble Speaker Sir, I would like to draw the attention of the hon. Minister of Finance and the hon. Minister of Health and Family Welfare for setting up of a Medical College and a High-Tech Hospital in my Parliamentary Constituency, Davanagere in Karnataka.

The hon. Finance Minister, in the year 2017-18, had announced that a Medical College and a High-Tech Hospital would be set up in three Lok Sabha Constituencies. Davanagere is one of the education hubs in Karnataka.

At present, there is one 1,020-bedded Government hospital in Davanagere. Based on this, a Medical College can be established. Medical education is a distant dream for a backward constituency like Davanagere. There is an urgent need to set up a Medical College which will help the poor students to a great extent.

Setting up of a High-Tech Hospital is also the need of the hour and one of the genuine demands of the people of my Constituency.

Keeping in view the above, I urge upon the Union Government to establish a Medical College and a High-Tech Hospital in Davanagere Constituency in Karnataka at the earliest for the benefit of the poor students and their parents.

(2035/KN/UB)

कुमारी चन्द्राणी मुर्मु (क्योंझर) : अध्यक्ष महोदय, मुझे बोलने का मौका देने के लिए बहुत-बहुत शुक्रिया।

माननीय अध्यक्ष : हमारी माननीय सदस्या सबसे कम उम्र की हैं।

कुमारी चन्द्राणी मुर्मु (क्योंझर) : थैंक यू सर। मेरा संसदीय क्षेत्र क्योंझर ओडिशा माइन्स और मिनरल से भरा हुआ डिस्ट्रिक्ट है। वहाँ से बहुत मात्रा में मैंगनीज, आयरन ओर देश के विभिन्न हिस्सों में तथा देश के बाहर भी एक्सपोर्ट किया जाता है। एक्सपोर्ट के लिए मुख्यत: रेलवे और रोडवेज का इस्तेमाल होता है। विदेश एक्सपोर्ट करने के लिए मुख्यत: धामरा पोर्ट यूज होता है, जो कि मेरे डिस्ट्रिक्ट से नियरेस्ट पोर्ट है। धामरा तक रॉ मटिरियल्स पहुँचाने के लिए मुख्यत: ट्रक्स का यूज होता है। भारी मात्रा में यातायात के कारण वहाँ हैवी ट्रैफिक की प्रॉब्लम दिखाई पड़ती है, जिससे आये दिन दुर्घटनाएँ होने की खबरें आती हैं, जिसमें बहुत लोगों की जानें भी जाती हैं।

अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री को यह रिक्वेस्ट करना चाहूँगी कि लोगों की कीमती जान और समस्याओं को ध्यान में रखते हुए अगर सड़क परिवहन की मात्रा कम की जाए तो उनकी समस्याओं का हल किया जा सकता है। इसलिए माननीय मंत्री जी से मेरी माँग है कि जो एग्जिस्टिंग रेलवे लाइन है, उसको चम्पुआ से धामरा वाया आनंदपुर, जाजपुर जिससे कि रॉ

मटिरियल को रेलवे लाइन से पोर्ट तक पहुँचाया जा सके, उसको एक्सटैंड किया जाए। अगर प्रपोज्ड एक्सटेंशन लाइन होती है तो लोगों को रेलवे की सुविधा मिलेगी। स्पेशली चम्पुआ और आनंदपुर मेरे दो सब-डिविजनल हैडक्वाटर्स हैं लेकिन बहुत दु:ख की बात है कि आज भी वे लोग रेल सेवा से वंचित हैं।

माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से रेल मंत्री जी को यह रिक्वेस्ट करना चाहूँगी कि मेरे इस प्रस्ताव पर ध्यान दें और जितनी जल्दी हो सके, इस पर काम करें। बहुत-बहुत शुक्रिया।

श्री राम शिरोमणि (श्रावस्ती): महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र श्रावस्ती में इन दिनों तेंदुए का आतंक चरम सीमा पर है। विकास खंड सिरसिया के ग्राम सभा पटखौली के मजरे घोलिया बालू में तेंदुए ने उर्मिला पत्नी राम मिलन उम्र 55 वर्ष, रूपमणि पुत्री योगेन्द्र प्रसाद 8 वर्ष, राम जियायन पुत्र मुनेश्वर 17 वर्ष, सुदामा पुत्र रामचन्द्र 6 वर्ष, खुशबू पुत्री घुरऊ 8 वर्ष को अपना निवाला बना चुका है तथा ओमकार पुत्र छविलाल 11 वर्ष, सीमा पुत्री राजेन्द्र प्रसाद 13 वर्ष घायल हैं। इनके साथ-साथ ग्राम पंचायत घोघवा, मिड़किया, अतपरि व अन्य कई गाँवों में भी लोगों को अपना शिकार बना चुका है।

जनपद बलरामपुर के ग्राम सभा फुलवरिया में शीला देवी पुत्री रामप्रसाद को तेंदुए ने अपना निवाला बना लिया है। ग्राम सभा विनहौनी, कटकुइया व गैसड़ी विधान सभा के नेपाल बॉर्डर से सटे दर्जनों गाँवों में जंगली जानवरों का आतंक हमेशा बना रहता है।

माननीय अध्यक्ष : आप जानवरों के नाम तो सब बता दोगे, बहुत सारे जानवर हैं। आप सरकार से क्या चाहते हैं?

श्री राम शिरोमणि (श्रावस्ती): आदमखोर तेंदुए के आतंक से इलाके में इस कद्र दहशत फैली हुई है कि लोगों का घर से बाहर निकलना दूभर हो गया है, जिससे वे अपने बच्चों को स्कूल भी नहीं भेज पा रहे हैं। शाम को 6 बजे के बाद कोई शौचालय भी नहीं जा पाता है। वन विभाग के अधिकारियों की लापरवाही के कारण दर्जनों लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी है।

महोदय, मेरी आपके माध्यम से सरकार से माँग है कि संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही सुनिश्चित करते हुए पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा दिया जाए और जंगल से सटे गाँवों में सुरक्षा की सुनिश्चित व्यवस्था की जाए, जिससे जंगली जानवरों का आतंक बंद हो जाए और जान-माल की सुरक्षा हो सके तथा लोगों का जीवन सुगम हो सके। धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष : सुश्री महुआ मोइत्रा – उपस्थित नहीं।

श्री लल्लू सिंह।

श्री लल्लू सिंह (फैजाबाद): अध्यक्ष महोदय, आज पूरे देश में कैंसर का रोग बढ़ रहा है। जिस परिवार में कैंसर हो जाता है, वह परिवार एक तरीके से आर्थिक रूप से कमजोर हो जाता है या बिकने की कगार पर पहुंच जाता है। पूर्वी उत्तर प्रदेश के 26 जिलों में लखनऊ, बनारस और गोरखपुर छोड़कर कहीं भी कैंसर हॉस्पिटल नहीं है। अयोध्या जनपद में मेडिकल कॉलेज है, उसके आस-पास सुल्तानपुर, बाराबंकी, अम्बेडकर नगर, गोंडा, बस्ती आदि कई जनपद ऐसे हैं, जहाँ पर बहुत तेजी के साथ कैंसर रोग फैल रहा है। मैं आपके माध्यम से सरकार से निवेदन करता हूँ कि अयोध्या

मेडिकल कॉलेज में लगभग 23 एकड़ जमीन भी उपलब्ध है, वहाँ एक कैंसर संस्थान और सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल बनाने का कष्ट करें। धन्यवाद।

(2040/CS/KMR)

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्य श्री लल्लू सिंह जी मेरे पडोसी थे। हमारी सीट पास-पास थी। पिछले पाँच सालों में माननीय सदस्य जितनी बार नहीं बोले होंगे, इस सत्र में उतनी बार माननीय लल्लू सिंह जी बोल चुके हैं।

श्री डी. रविकुमार – उपस्थित नहीं।

डॉ. महेन्द्रभाई कालूभाई मुंजपरा।

माननीय सदस्य रोज बोलते हैं।

DR. MAHENDRABHAI KALUBHAI MUNJAPARA (SURENDRANAGAR): Hon. Speaker, Sir, today I would like to speak for development of two Talukas of my Constituency. The first one is Sayala, known as Bhagat Nu Gam due to Laljee Maharaj ni Jagya; and the second is Muli, well known for the temple of our beloved God Shri Mandavrayjee. Many pilgrims regularly visit these two holy places seeking the blessings of God. Despite this, these two Talukas are lagging behind in development when compared to other Talukas of my Constituency. There is the six-lane National Highway No.8 passing by these two Talukas and many casualties happen there in accidents throughout the year. So, I request the Government, through you, to sanction special grants for development of both these holy places and creation of facilities for temple visitors. I would request that two well-equipped ambulances be provided for each Taluka for transfer of patients in serious condition to better hospitals. Thank you.

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण मुझसे आग्रह कर रहे हैं कि अगर हमारा बोलने का चांस आए तो हम रुकें। किसका चांस आएगा, यह तो पता नहीं है, किसी से कोई कमिटमेंट नहीं है। किसी का भी बोलने का चांस आ सकता है।

श्री एंटो एन्टोनी - उपस्थित नहीं।

श्री भर्तृहरि महताब ।

SHRI BHARTRUHARI MAHTAB (CUTTACK): Sir, I want to raise a very important issue. The Government has recently instructed to capture the number of people belonging to Scheduled Castes and Scheduled Tribes in Census 2021 likely to be started next year. However, the Government has not instructed to count the number of people who come under the category of Other Backward Classes. It is believed that the decision not to enumerate OBCs flies in the face of the expectation that Census 2021 will collect data on people who fall under

the category to assess the effectiveness of the affirmative action programmes and welfare schemes they have been entitled to for years. A previous attempt to map the number of OBCs and their socioeconomic conditions through Census 2011 ran aground because as many as four million permutations and combinations of different communities were reported by the respondents. The result of that Census has not been made public so far. They are still under consideration of the NITI Aayog. I, therefore, urge upon the Government to give instructions to the concerned authorities to capture the number of OBCs in Census 2021 on the lines of SCs and STs. Thank you.

माननीय अध्यक्ष : श्रीमती रेखा वर्मा को श्री भर्तृहरि महताब द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

माननीय सदस्यगण, मेरे पास एक लंबी सूची है और मैं कोशिश कर रहा हूँ कि आज सभी माननीय सदस्यों को बोलने का मौका दूँ। मेरा आप सभी से इतना ही आग्रह है कि आप अपनी-अपनी सीट से बोलें और एक मिनट में अपनी बात खत्म करें। क्या सभी माननीय सदस्यों की इस बात से सहमति है?

अनेक माननीय सदस्य : जी बिल्कुल, महोदय।

माननीय अध्यक्ष : आप सभी एक-एक मिनट में अपनी बात खत्म कर दें, ताकि सभी माननीय सदस्यों का नम्बर आ सके। अब ऐसा है कि सत्रावसान भी होगा।

श्री अण्णासाहेब शंकर जोल्ले ।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : सत्र कल भी है। कल भी नम्बर है। माननीय सदस्य, कल भी शाम को शून्यकाल चल सकता है।

श्री अण्णासाहेब शंकर जोल्ले ।

SHRI ANNASAHEB SHANKAR JOLLE (CHIKKODI): Hon. Speaker, Sir, I would like to bring to the kind notice of the Government, through you, that there is an issue of severe floods in five Talukas - Nipani, Chikkodi, Raybag, Athane and Kagwad – of my Parliamentary Constituency Chikkodi, Karnataka.

(2045/SNT/RV)

The statistics received from the district administration reveal that an urgent attention from the Ministry concerned is required for the reason that over 76 villages have been severely affected. There is a further threat to the lives of common man and cattle, apart from the huge loss of property and crops.

May I, through you, Sir, request the Government to take cognizance of the matter and depute additional central help to overcome the difficult situation like,

military, paramilitary, CDRF and helicopters. Also, I urge upon the Government to make assessment of the loss and grant more funds for my constituency at the earliest.

Thank you, Sir.

श्री सोयम बापू राव (आदिलाबाद): अध्यक्ष जी, मैं तेलुगू में बोलूंगा।

*Hon. Speaker Sir, Thank you for giving me this opportunity to speak in Zero Hour. 119 km railway line between Adilabad and Armoor was sanctioned and survey has been carried out. But even after ten years, this railway line is still in proposal stage. I request the Union Government to direct State Government to complete this project at the earliest. Though 75 crores were sanctioned for Rail Over Bridge (ROB) in Adilabad, it is still pending for the last twenty years. This is causing severe inconvenience to the people of this area, while crossing railway line. I would like to know whether State Government has released it's share money for this ROB.

There is famous Gnana Saraswati temple in Basara and pilgrims visit this temple from various parts of our state and the country. I request that the passenger train from Kacheguda to Nizamabad may kindly be extended to Basara to facilitate pilgrims. Adilabad is land of many natural resources; therefore the railway station may kindly be upgraded to handle transportation of resources. I also request more trains for Adilabad where poor and tribals constitute major part of population. I request the Union Government to improve rail connectivity of Adilabad & Maharashtra where tribals live in large numbers. Trains from Secunderabad – New Delhi may be allowed through this district. Thank you sir.

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्यगण, मैं फिर से आप से आग्रह कर रहा हूं कि घड़ी लगी हुई है। आप बोलते समय घड़ी को भी देखते रहें।

श्री अनुराग शर्मा (झांसी): अध्यक्ष महोदय, आपका धन्यवाद कि आपने मुझे इस ऐतिहासिक दिन पर बोलने का मौका दिया है। आज इस संसद में इतिहास बन रहा है। इसलिए मैं माननीय मोदी जी,

* Original in Telugu.

माननीय अमित शाह के प्रति जिन्दगी भर आभारी रहूंगा और आपका भी आभारी रहूंगा क्योंकि आपने आज मुझे बोलने का मौका दिया।

मोदी जी हैं तो मुमकिन है और शाह जी हैं तो साहस है। पिछले पन्द्रह अगस्त पर माननीय प्रधान मंत्री जी ने लाल किले से आयुष्मान कार्ड्स का ऐलान किया था। मैं बुंदेलखण्ड से आता हूं। मेरे यहां दो जिले हैं, जहां से मैं सांसद हूं - झाँसी और ललितपुर। हमारे वहां से 65,000 परिवारों को आयुष्मान कार्ड्स मिले थे, जिनमें से आज तक केवल 1,022 की ही फंडिंग हो पाई है क्योंकि वहां पर जो क्लीनिक्स हैं, वे इनका ट्रीटमेंट नहीं करते हैं। उन्हें पैसे नहीं मिलते हैं और इसकी वजह से वहां पर यह समस्या है। मेरा जिला ललितपुर 5,000 वर्ग किलोमीटर में फैला क्षेत्र है और वहां 16 लाख से ज्यादा की आबादी है। वह तीनों तरफ से मध्य प्रदेश से घिरा हुआ है और उसके 200 किलोमीटर की परिधि में कोई भी अच्छी स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध नहीं है। वहां कोई भी मेडिकल कॉलेज नहीं है।

महोदय, मैं आपके माध्यम से यह आग्रह करना चाहता हूं कि अगर वहां पर हमें एक मेडिकल कॉलेज मिल जाए तो वहां के बहुत सारे रोगियों का उद्धार हो जाएगा।

महोदय, एक छोटी-सी बात और है। मेरे झाँसी में एक टर्शियरी केयर सेन्टर भी नहीं है, जिसके लिए पैसे स्वीकृत हो गए थे। वर्ष 2016 से मशीन आई हुई है और वहां वे मशीन चालू नहीं कर पा रहे हैं। अगर आपके माध्यम से उसके लिए हमें कुछ ट्रेन्ड मैन पावर्स मिल जाएं तो वह कोबाल्ट मशीन चालू हो जाएगी, नहीं तो मेरे यहां के सारे रोगी दिल्ली आ रहे हैं। मैं आपसे इतना ही आग्रह करना चाहता हूं।

बहुत-बहुत धन्यवाद।

(2050/GM/MY)

SHRI KANUMURU RAGHURAMA KRISHNARAJU (NARSAPURAM): Hon. Speaker Sir, there is a crisis situation caused by heavy floods in Godavari district. Yesterday, alongwith our local Minister and Deputy Chief Minister we had also travelled in that area on boats. The main problem is that in the last two and a half days, almost 230 TMC of water has gone into the sea from the river Godavari whereas for both the crops put together, we need only 130 TMC of water for our district. We cannot stop the water from flowing down into the sea. Our Polavaram project is slightly delayed. But it is more because of the non-modernisation of the irrigation system and lack of development of the delta area. If that had been in place, we would have stored at least 30 to 40 TMC of water in our Kolleru lake and other water bodies. The main problem is that our canal system has a lot of hyacinth which has grown up massively, prohibiting the flow of water. There are almost 30 island villages and their size is coming down because of the soil erosion resulting from floods. I would request the Jal Shakti

Minister to give some funds for the demarcation of the entire area with the grills. There is a proposal which we will be submitting to the hon. Minister. The Minister may also consider delta modernisation which would need around Rs. 1500 crore. We will come up with our State's share of 30 per cent and I would request the hon. Minister to consider the proposal with 70 per cent share from the Central Government. It will solve our problem permanently. In that case, flood is not an issue. Thank you.

डॉ. निशिकांत दुबे (गोड्डा): स्पीकर महोदय, आज जिस तरह से बिल आया है, इसके लिए आप, हमारी सरकार, प्रधान मंत्री जी और गृह मंत्री जी सहित सभी बधाई के पात्र हैं। उसी तरह का एक मुद्दा है, आप जिस जिले से आते हैं, वह कोटा जिला है। वहां सभी विद्यार्थी प्रतियोगिता की तैयारी करने के लिए जाते हैं। वे इंजीनियरिंग, मेडिकल, मैनेजमेंट या अन्य विद्या में एडमिशन के लिए कोटा जाते हैं। केन्द्र सरकार ने धीरे-धीरे एक ऐसा सिस्टम डेवलप किया है, जिसमें एक ही तरह का एग्जाम होता है। उसमें मेडिकल का एग्जाम होता है, इंजीनियरिंग का एग्जाम होता है और जो बढ़िया कॉलेजेज हैं, उनका भी एग्जाम होता है। लेकिन, सभी राज्यों के जो बोर्ड्स हैं, वे अलग-अलग हैं। केन्द्र में भी दो तरह के बोर्ड्स हैं। इस कारण से ग्रामीण क्षेत्र के जो बच्चे हैं, वे ज्यादातर कम्पीट नहीं कर पाते हैं। इस कारण से जो हमारी प्रतिभा है और जिस प्रतिभा को मौका मिलना चाहिए, वह प्रतिभा मौका नहीं ले पाती है। आज इतना अच्छा दिन है, मैं आपके माध्यम से सरकार से आग्रह करना चाहता हूं, क्योंकि इससे राज्यों का खर्चा भी काफी बढ़ता है। आपको पता है कि जिसको फर्स्ट होना है, वह फर्स्ट नहीं होता है और जो फेल है, वह फर्स्ट हो जाता है। कई एक राज्यों में ऐसा हुआ है। इसके लिए मैं आपके माध्यम से सरकार से आग्रह करता हूं। सरकार ने देश के सभी जिलों में केन्द्रीय विद्यालय खोला है। पूरे देश में एक ही बोर्ड हो और एक ही तरह का एग्जाम हो, जैसे सी.बी.एस.ई. का होता है। इससे भारत का इंटीग्रेशन भी होगा। तमिलनाडु के बच्चे वही पढ़ रहे हैं, जो बिहार, राजस्थान तथा कर्नाटक के बच्चे पढ़ रहे हैं। इस कारण से हमारे बच्चों को मौका मिलेगा। यदि पूरे देश के लिए एक बोर्ड हो जाएगा, तो सभी राज्यों के खर्च भी कम हो जाएगा। यही मेरा आपके माध्यम से आग्रह है। इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं। जय हिन्द – जय भारत।

माननीय अध्यक्ष: श्रीमती रेखा वर्मा को डॉ. निशिकांत दुबे द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

डॉ. संजय जायसवाल (पश्चिम चम्पारण): अध्यक्ष महोदय, मैं सरोगेसी बिल पर बोल रहा था, लेकिन जब आपका इशारा हुआ, तो मैं एक मिनट ही बोल कर बैठ गया। आपने मुझे इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपका धन्यवाद करता हूं।

महोदय, चंपारण स्वतंत्रता आंदोलन की पहचान है। महात्मा गांधी हमारे यहां चंपारण आंदोलन के दरम्यान दो वर्षों तक रहे थे। जिस हजारीमल धर्मशाला में महात्मा गांधी, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद तथा आचार्य कृपलानी जैसी विभूतियां रही हैं, वह धर्मशाला आज पूरी तरह से जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है।

(2055/CP/PS)

उस बिल्डिंग को एएसआई ने ले लिया है, हमारे कला और संस्कृति विभाग ने ले भी लिया है। इस धर्मशाला में, जहां महात्मा गांधी जी ने दो सालों तक रहकर, निलहों पर जो अत्याचार हुए थे, उसकी पूरी रिकार्डिंग की थी। उसको उसने अपने अंतर्गत ले भी लिया है, लेकिन आज तक उसका जीर्णोद्धार नहीं हो पाया है।

मैं आपके माध्यम से यह अनुरोध करता हूं कि महात्मा गांधी जी की 150वीं जयन्ती है और लोक सभा की महात्मा गांधी जी को श्रद्धांजलि होगी कि अगर माननीय मंत्री हजारीमल धर्मशाला का जीर्णोद्धार करके, महात्मा गांधी जी की जो भी चीजें चम्पारण की विभिन्न जगहों पर रखी हुई हैं, उनको बेतिया में उस हजारीमल धर्मशाला में संग्रहालय के रूप में रखा जाए। पूरी जमीन का पुनरुद्धार किया जाए। वह मार्केट और काम्पलेक्स के बीच में इस तरह से छिप गया है कि अब पता भी नहीं चलता है कि यहां पर महात्मा गांधी जी वर्षों तक रहे थे।

आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं।

माननीय अध्यक्ष: डॉ. निशिकांत दुबे को डॉ. संजय जायसवाल द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

श्री विनायक भाउराव राऊत (रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग): महोदय, महाराष्ट्र में रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग काफी पहाड़ी एरिया है। दुर्भाग्य से पिछले छ: महीनों में वहां के कम से कम 100 मोबाइल टावर्स बिजली के बिल का भुगतान न होने की वजह से बंद पड़े हैं। इससे वहां काफी परेशानी हो रही है।

मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से, माननीय मंत्री जी से विनती करना चाहता हूं कि आजकल सारी स्कीम्स बीएसएनएल के माध्यम से लोगों तक पहुंचती हैं। रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग जिले के जो-जो मोबाइल टावर्स बिजली के बिल का भुगतान न करने की वजह से बंद हो गए हैं, निधि का प्रावधान करके उन्हें देने की कृपा करें।

SHRI K. NAVASKANI (RAMANATHAPURAM):

{For English translation of the speech
made by the hon. Member,
Shri K. Navaskani in Tamil,

श्री लालूभाई बी. पटेल (दमन और दीव): अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपका आभार व्यक्त करता हूं। मैं आपके माध्यम से माननीय गृह मंत्री जी को बताना चाहता हूं कि जिस बच्चे का दमन और दीव के अस्पताल में जन्म नहीं होता है, उनके घर में होता है, तो उनको प्रशासन दमन, दीव में रजिस्टर नहीं करते। इन बच्चों का जन्म दमन या दीव के भौगोलिक क्षेत्र में इसलिए नहीं हो पाता, क्योंकि उनका जन्म वैकेशन में गई हुई माता के घर में होता है। हमारे संस्कार की वजह से वह अपने बच्चे का जन्म अपने पीहर में ही करती है या फिर काम्प्लिकेशन की वजह से इसका निवारण दमन या दीव में नहीं हो सकता है। ट्रीटमेंट के लिए उनको दमन या दीव के बाहर किसी हास्पिटल में जाना पड़ता है।

मेरा आपके माध्यम से गृह मंत्री जी से आग्रह है कि दमन और दीव के ऐसे जन्मे बच्चे का पंजीकरण दमन या दीव में ही करें, ताकि इन बच्चों को दमन और दीव के प्रशासन द्वारा दी जाने वाली सभी स्कीम्स का लाभ प्राप्त हो।

(2100/MK/RC)

श्री मनोज तिवारी (उत्तर पूर्व दिल्ली): अपनी कार्यशैली से न सिर्फ सदन का बल्कि पूरे देश का दिल जीत चुके माननीय लोक सभा अध्यक्ष जी आपने मुझे बोलने का मौका दिया है। मैं पिछले 3-4 वर्षों से बहुत तकलीफ में हूं। नार्थ-ईस्ट दिल्ली हमारी लोक सभा क्षेत्र है। मैंने इस क्षेत्र में पहली बार एक रेलवे हाल्ट स्टेशन बनाया है और अभी इस स्टेशन पर एक ही ट्रेन रुकती है। कहा गया था कि 4-5 ट्रेनें रूकेंगी। लगभग 45 हजार लोग वहां से रोज आते-जाते हैं। दिल्ली में शामली-बागपत से जितनी दूध और सब्जियां आती हैं, वहीं उतरती हैं। यह स्टेशन रोड और सिग्नेचर ब्रिज से कनेक्टेड है। मेरी तीन मुख्य मांगें हैं। इस स्टेशन पर चार और ट्रेनें रुकनी शुरू हो जाएं, इसके आस-पास जो बहुत सारी शराब की दुकानें हैं, जिनको यहां के …(कार्यवाही-वृत्तान्त में सम्मिलित नहीं किया गया।) ने खुलवाया है, उनको बंद कर दिया जाए और इस रेलवे स्टेशन का सौंदर्यीकरण किया जाए। मैं यही प्रार्थना करता हूं।

माननीय अध्यक्ष जी, इस स्टेशन का नाम -मीत नगर सबोली गोकुलपुरी है। यह मेरे क्षेत्र में पहला रेलवे हाल्ट स्टेशन है।

*SHRI Y. DEVENDRAPPA (BELLARY): Hon'ble Speaker, Sir, thank you for giving me the opportunity to raise an important issue pertaining to water scarcity in my Parliamentary constituency Bellary in Karnataka state.

Sir, I express my sincere thanks to our hon'ble Prime Minister shri Narendra Modi ji and the people of my constituency as got elected with their blessings. For the Ten or Fifteen years there has been no rain in my district. Water scarcity is major problem in my constituency as the water tanks and lakes are dried up due to deficit rainfall. Both people and cattle are facing severe shortage of water for drinking and also for irrigation. About 69 big and 79 small water tanks were built during Vijay Nagara empire. So, these water tanks and lakes should be filled with back water from the river Tungabhadra. It would help to meet the needs of water for drinking and irrigation activities and also help in recharging the ground water in my district and surrounding regions.

The government of Karnataka has come forward to take up the work to fill the water tanks and lakes with river water. So I would like to request the union government to extend financial and technical support to complete the work at the earliest. I once again express my thanks and conclude my speech.

* Original in Kannada

SHRI ADALA PRABHAKARA REDDY (NELLORE): Mr. Speaker, Sir, I thank you for allowing me to raise a very important issue pertaining to my State of Andhra Pradesh. As per the A.P. Reorganisation Act, 2014 the construction of a major port at Dugarajapatnam in Nellore district was envisaged but due to a number of reasons the experts have found that the site is not suitable.

In view of this situation, a demand is being revived again to shift the proposed port-cum-shipyard and locate it at Ramayapatnam in Prakasam district as the site is found to be more suitable for the construction of a major port.

In fact, the proposal to construct a port at Dugarajapatnam in Nellore district was mooted much before the bifurcation of Andhra Pradesh State and a technical committee was appointed. The expert committee found that Dugarajapatnam in Nellore district was not suitable, as the Space Research Station (SHAR) is located in the vicinity and further the Pulicat lake is also in its vicinity. The construction of a port would jeopardise the lake, it was pointed out.

The then Congress Government, then, suggested in 2013 that the port be located at Ramayapatnam in Prakasam district. It offered to bear the land acquisition cost as also provide relief and rehabilitation package cost. The total outlay of the port, at that time, was estimated at Rs. 25,000 crore.

(2105/SNB/YSH)

Hon. Speaker Sir, through you, I would like to request the Government to take up this matter on an urgent basis.

Thank you.

माननीय अध्यक्ष: श्रीमती रमा देवी,

माननीय सदस्य आपको यहां पर रुकना है।

श्रीमती रमा देवी (शिवहर): अध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र के शिवहर जिले में स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय का नव निर्मित भवन में शैक्षणिक वर्ष 2019-20 की कक्षाओं का पठन-पाठन कार्य प्रारम्भ हो चुका है। सदन को बताते हुए यह खेद हो रहा है कि जितने बच्चे इस विद्यालय में शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं अर्थात् जितनी इसकी क्षमता है, उतनी संख्या में बच्चों को शिक्षा नहीं दी जा रही है। इस संबंध में वहां के प्राचार्य ने जवाहर नवोद्य विद्यालय पटना स्थित क्षेत्रीय कार्यालय को पत्र के माध्यम से कहा है कि प्रथम चरण में क्लास-6 में 80 विद्यार्थियों के नामांकन की स्वीकृति से विद्यालय की क्षमता को 560 तक हो सकेगी। अध्यक्ष महोदय, जब इस विद्यालय का अपना भवन नहीं था तो वर्ग 6 में 40 विद्यार्थियों का नामांकन हुआ करता था, जबकि वर्तमान में इसके अपने भवन होने के बाद इसकी क्षमता 80 विद्यार्थियों की है। जैसा कि हम जानते हैं कि ग्रामीण क्षेत्र के प्रतिभावान बच्चों का प्रवेश जवाहर नवोदय विद्यालय में होता है। यदि क्लास 6 के नामांकन में विद्यार्थियों की संख्या

बढ़ाकर 80 कर दी जाती है, तो इससे ग्रामीण क्षेत्र के प्रतिभावान बच्चों को बेहतर शिक्षा मिल सकती है।

सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि जवाहर नवोदय विद्यालय शिवहर के क्लास-6 में विद्यार्थियों के नामांकन की क्षमता 40 से बढ़ाकर 80 की जाए, जिससे कि ग्रामीण परिवेश के प्रतिभावान बच्चों को बेहतर शिक्षा मिल सके। इसी उद्देश्य के साथ मैं सरकार से प्रार्थना करती हूं।

माननीय अध्यक्ष: श्रीमती संगीता कुमारी सिंह देव।

आज माननीय सदस्या को एक दिन में दो बार बोलने का अवसर मिला है।

श्रीमती संगीता कुमारी सिंह देव (बोलंगीर): सर, आपकी कृपा बनी रहे।

Sir, I represent the Bolangir Parliamentary constituency. under that parliamentary constituency, the Muribahal block is one of the remotest areas having a very high population of people living below the poverty line as well as a high population of people belonging to the Scheduled Castes and the Scheduled Tribes. In fact, the tribal population is around 1.5 lakh persons.

The Muribahal railway station falls under the Sambhalpur Division of the East Coast Railways. On the 14th of February, 2019, the Railway Department passed an order for the stoppage of the Puri – Durg Intercity Express at Muribahal railway station. Now, they are planning to discontinue this stoppage at this halt from the 13th of August, 2019.

Sir, my humble request to you is that you could kindly direct the hon. Minister of Railways to consider this genuine and justified demand of the tribal population that this stoppage should continue as this is the only means of transport for the people of the Muribahal block to reach the State Headquarters which is Bhubaneswar, the capital of Odisha. It is almost 400 kilometres away. Bolangir being an aspirational district, I would like your intervention in the matter.

Thank you.

DR. BEESETTI VENKATA SATYAVATHI (ANAKAPALLE): Sir, thank you very much for giving me this opportunity to raise a matter of public importance during the Zero Hour.

Vaidya Narayana Hari – many students have an ambition in their lives to become doctors and many select students with BIPC combination in their Higher Secondary level aspire to become doctors. As you know, the seats in the medical colleges are very less and also the number of medical colleges are also few in the country. As an alternative to this, many students opt for B.Pharmacy. In my Parliamentary constituency we have a Pharma city. The former Minister of

Chemicals and Fertilizers, the late Ananth Kumar, during his visit to Visakhapatnam, promised a Petro-chemical University and establishment of a NIPER Institute at Paravada since the Pharma city is located there.

Sir, through you, I would like to request the hon. Minister for Chemicals and Fertilizers to sanction a NIPER so that many students can study in that prestigious national institute in order that they have quality education and better job opportunities.

Thank you.

(2110/RPS/RU)

श्रीमती रेखा वर्मा (धौरहरा): अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देती हूं।

महोदय, मैं शिक्षा से जुड़ा हुआ एक अत्यंत आवश्यक निवेदन करना चाहती हूं कि वर्ष 2017-18 से चलने वाले विद्यालयों का सत्र बदल दिया गया है, इससे वहां पढ़ने वाले बच्चों का बहुत नुकसान हो रहा है। विद्यार्थी मार्च में परीक्षा देने के बाद 1 अप्रैल से पढ़ने नहीं आता है, बल्कि जुलाई में ही पढ़ने आता है। ऐसी स्थिति में बच्चों की पढ़ाई के लगभग दो महीने व्यर्थ चले जाते हैं। अत: आपसे आग्रह है कि पुन: पुरानी परम्परा को लागू करते हुए, 1 जुलाई से सत्र प्रारम्भ करने पर विचार किया जाए। धन्यवाद।

श्रीमती रंजीता कोली (भरतपुर): अध्यक्ष महोदय, आज बहुत बड़ा दिन है। मैं आपको धन्यवाद देती हूं कि आपने मुझे सदन में बोलने का मौका दिया है।

महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहूंगी कि भारत सरकार ने भरतपुर जिले को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में शामिल किया हुआ है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना में वहां किसी भी प्रकार का विकास नहीं हुआ है। मेरे लोक सभा क्षेत्र भरतपुर के निवासियों को कई प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। किसानों के दस साल से पुराने ट्रैक्टरों का रजिस्ट्रेशन बन्द है, भू उपयोग परिवर्तन में बहुत लम्बी प्रक्रिया अपनानी पड़ रही है। सड़क सम्पर्क की स्थिति ठीक नहीं है। आपके माध्यम से, मेरा अनुरोध है राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले भरतपुर जिले में आधारभूत संरचना के विकास हेतु बजट आवंटित किया जाए और किसानों के पुराने ट्रैक्टरों के रजिस्ट्रेशन आदि से पाबन्दी हटाई जाए। धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष : श्रीमती रंजीता कोली जी जब प्रचार करती थीं, तब नहीं बोलती थीं, लेकिन यहां संसद में हर बार बोलती हैं।

सुश्री प्रतिमा भौमिक (त्रिपुरा पश्चिम): अध्यक्ष महोदय, आज मुझे इस ऐतिहासिक दिन पर बोलने का मौका मिल रहा है, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देती हूं।

यह मेरी कांस्टीटुएंसी और मेरे स्टेट का विषय है, लेकिन यह पूरे नॉर्थ-ईस्ट का भी विषय है। नीप्को का एक प्रोजेक्ट है, जो अटल बिहारी वाजपेयी जी के टाइम में 560 मेगावाट का पावर प्रोजेक्ट मानारचक में बनना था। जब हमारी सरकार चली गई, तब यूपीए सरकार ने 560 मेगावाट की जगह

100 मेगावाट का पावर प्रोजेक्ट बना दिया। आपके माध्यम से मैं कहना चाहती हूं कि नीप्को के ऑफिसर लोग चाहते हैं कि वहां 560 मेगावाट का पावर प्रोजेक्ट बने। उसके लिए पूरा इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार है। अगर पेट्रोलियम मंत्रालय से गैस मिलने का एश्योरेंस मिल जाए तो वहां पर दो साल के अंदर 560 मेगावाट पावर प्रोजेक्ट की जो प्लानिंग है, जो 460 मेगावाट का प्लांट लगना बाकी है, उसे करने के लिए नीप्को तैयार है। आपके माध्यम से, मैं पेट्रोलियम मिनिस्टर से रिक्वेस्ट करती हूं कि गैस मिलने का एश्योरेंस मिल जाएगा तो नॉर्थ-ईस्ट में 90 प्रतिशत लोगों को, चाहे वे स्किल्ड हों या अनस्किल्ड हों, उनको काम मिलेगा, नौकरी मिलेगी। मैं आपके माध्यम से पेट्रोलियम मिनिस्टर से रिक्वेस्ट करती हूं कि अगर वे गैस देने का एश्योरेंस दें तो नीप्को वह प्रोजेक्ट दो साल में पूरा करने के लिए तैयार है। धन्यवाद।

साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर (भोपाल): अध्यक्ष महोदय, आज के ऐतिहासिक दिन के लिए अखण्ड भारत की जय, भारत माता की जय।

महोदय, मैं समस्त भारतवर्ष को अखण्ड भारत की, स्वतंत्र भारत की, जो आज सच्चे अर्थों में स्वतंत्रता मिली है, बहुत-बहुत बधाई देती हूं।

मन बहुत आह्लादित है, लेकिन शून्य काल का यह जो अवसर है, इसमें कुछ ऐसी समस्या मैं कहने वाली हूं, मैंने हिम्मत बहुत कर ली है, क्योंकि पता नहीं कितने दिन से यह प्रक्रिया चल रही है, इसकी मुझे जानकारी नहीं है, परन्तु मैं जब से आई हूं, उसे सहन करती जा रही हूं। *…(Interruptions) …(Not recorded)*

(2115/RAJ/NKL)

महोदय, आज मैंने शेर की सवारी कर ली है। मैं यह कहना चाहती हूं कि यह जो व्यवस्था है।…(व्यवधान) महोदय कोई नहीं यह कहता है, इसलिए मैं कहना चाहती हूं। …(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्या, आप मेरी बात सुनिए। संसद के परिसर की बात संसद में नहीं की जाती है। आप व्यक्तिगत रूप से मुझसे मिल कर अपनी बात कहिएगा। यह नियम है, अपनी प्रक्रिया है।

आप कोई दूसरे विषय के बारे में कह दें।

साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर (भोपाल): महोदय, मैं अपना दूसरा विषय सदन में रखती हूं। अभी भोपाल लोक सभा क्षेत्र के सीहोर जिला में बहुत अधिक बाढ़ आई है, जिसके कारण बहुत जनहानि हुई है और वहां शासन के कारण प्रशासन भी ढ़ीला है। वहां उनके लिए ठीक से व्यवस्था नहीं की जा रही है। वहां रोग भी फैल रहे हैं, लोगों के घरों में पानी भरा है और जिन लोगों के घर गिर गए हैं, उनको सुव्यस्थित तरीके से पर्याप्त भोजन, पानी और रहने की भी व्यवस्था नहीं मिल पा रही है। ये

अव्यवस्थाएं हैं। पीड़ित लोगों की सहायता करने के लिए कोई धर्मधारी और राष्ट्रवादी खड़ा होता है तो उसको बदनाम कर दिया जाता है और कहा जाता है कि ये आपका लाभ उठा रहे हैं, स्वार्थवश ये लोग ऐसा काम कर रहे हैं। मध्य प्रदेश में वर्तमान सरकार के शासनकाल में किसी की सहायता करना भी दूभर हो रहा है और उनको बदनाम किया जा रहा है।

मेरा आपसे आग्रह है कि ऐसी जो प्राकृतिक आपदाएं आती हैं, उनको सहयोग मिले और हम उनका कार्य अच्छी तरह से कर सकें, इसके लिए हमारा कुछ सहयोग कीजिए।

श्री राम कृपाल यादव (पाटलीपुत्र): सर, मैं आपका आभारी हूं कि आपने मुझे अपने संसदीय क्षेत्र के संदर्भ में कुछ व्यथा रखने की कृपा की है। मेरे संसदीय क्षेत्र पाटलीपुत्र के कई स्थानों पर रोड ओवर ब्रिज नहीं है, जिसके कारण बहुत ही परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कई गांव हैं, जहां आबादी है, लेकिन रोड ओवर ब्रिज नहीं होने के कारण वहां आये दिन दुघर्टनाएं होती रहती हैं और लोगों की जानें चली जाती है।

सर, मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से आग्रह करूंगा कि मेरे संसदीय क्षेत्र पटना-गया रेल खंड पर कुरथौल के पास गुमटी है, वहां आरओबी की स्थापना की जाए। दूसरा, पटना-गया रेल खंड के पास रामगोविन्द हॉल्ट के पास आरओबी का निर्माण किया जाए। पटना रेल खंड के पास गांधी हॉल्ट के पास आरओबी का निर्माण किया जाए। मैं समझता हूं कि यह बहुत ही आवश्यक है। लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। हजारों की तादाद में लोग उस इलाके से आते-जाते हैं। वहां आये दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं, लोगों की जानें जाती रहती हैं। मैंने रेल मंत्री जी से मिल कर आग्रह किया है।

पुन: मैं आपके माध्यम से रेल मंत्री जी से आग्रह करूंगा कि इस मांग को पूरा करके वहां के लोगों के जीवन की रक्षा की जाए।

श्री जगदम्बिका पाल (डुमरियागंज): अध्यक्ष महोदय, मैं एक अत्यंत लोक महत्व के विषय की ओर सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। प्रदेश के सभी जनपदों में आंगनवाड़ी की कार्यकर्ता और सहायिका कार्य करती हैं। वे सभी आंगनवाड़ी के केन्द्रों पर जा कर मातृत्व या उनके बच्चों के हेल्थकेयर के लिए समर्पित भाव से काम करती हैं। आज जब महिला सशक्तीकरण की बात हो रही है, तो सौभाग्य से इस सदन में महिलाओं की संख्या बढ़ रही है। खुद प्रधान मंत्री जी द्वारा पिछली लोक सभा में उनके मानदेय में वर्षों के बाद पहली बार वृद्धि की गई। उनकी भूमिका जहां पहले केवल पुष्टाहार, मातृत्व और उनके बच्चों के देखभाल के लिए थी, अब वे पल्स पोलियो, जनगणना और बीएलओ का भी काम कर रही हैं। उन्होंने चुनाव में बीएलओ की भूमिका निभाई है। इस तरह से उनका व्यक्तित्व बहुआयामी हो रहा है। हमारी आंगनवाड़ी के कार्याकर्ता बहनों से इस तरह का काम लिया जा रहा है। जो शासकीय, राजकीय कर्मचारी की तरह दायित्व का निर्वहन करते हैं, उस तरह से वे बहनें कार्य कर रही हैं, लेकिन विभिन्न राज्यों में उनका अलग-अलग मानदेय है। मैं आपके माध्यम से सरकार से यह कहना चाहता हूं कि आज देश में उनके मानदेय में एकरूपता लाई जाए।

(2120/IND/KSP)

उनके मानदेय में वृद्धि की जाए। जिस तरह के दायित्व का वे निर्वहन कर रही हैं, निश्चित रूप से वे महिलाएं देश के लिए उपयोगी हैं और वे देश को आगे ले जाने वाले तमाम कार्यों को कर रही हैं इसलिए उन्हें सरकारी कर्मचारी का दर्जा दिया जाए।

माननीय अध्यक्ष : श्रीमती रेखा वर्मा और डॉ. संजय जायसवाल को श्री जगदम्बिका पाल द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

SHRI ANUBHAV MOHANTY (KENDRAPARA): Hon. Speaker, Sir, it is for the first time that I am participating in 'Zero Hour' in this Session and I thank you for providing me this opportunity.

Sir, as you are aware, Odisha houses the beautiful yet fragile ecosystem of Bhitarkanika National Park, which falls in my constituency of Kendrapara. The Park is home to rich and diverse variety of flora and fauna, including the Saltwater Crocodile, the Black Ibis, the Indian Python and a large number of Mangrove species, to name a few.

Bhitarkanika has a rich historical and cultural past. It has been a favoured hunting ground for erstwhile Kings, and many temples dot its lands. But the wealth of its wildlife is where it is the richest. This creates a unique opportunity for ecological and educational tourism in this region. Tourism can contribute heavily to a State's revenue, especially to a State such as Odisha, which is home to a diverse variety of destinations. Further, it is important for the Government to understand that India has many different regions with a host of different ancient cultures as well as areas of vast natural and ecological beauty.

I laud the Government for its efforts and plans to boost tourism in India and thank the hon. Finance Minister Madam Nirmala Sitharamanji for according tourism due importance in the current Union Budget. Other than tourism, the Budget for the year 2019-20 also has policies which encourage energy conservation and sustainable development. All this leads us to the conclusion that 'green tourism' is the need of the hour and the biodiverse Bhitarkanika region provides us with such a unique opportunity. It comes across as a surprise that this beautiful region has not been identified by the Government and earmarked for development so that it meets its true potential.

So, I request the Government, through you, Sir, to take up special measures to develop the Bhitarkanika National Park so as to boost tourism,

while maintaining and preserving its fragile ecological balance and identify and honour it as one of the Iconic Places in India.

माननीय अध्यक्ष : श्री महेश साहू और श्री रमेश चन्द्र माझाी को श्री अनुभव मोहंती द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

श्री रमापति राम त्रिपाठी। माननीय सदस्य श्री शरद त्रिपाठी के पिताजी हैं।

श्री रमापति राम त्रिपाठी (देवरिया): माननीय अध्यक्ष जी, आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपका आदरपूर्वक आभार व्यक्त करता हूं। मैं देवरिया लोक सभा क्षेत्र से चुनकर आता हूं। उसके अंतर्गत कुशीनगर जिले में फाजिल नगर विधान सभा है। उसमें दुधई रेलवे स्टेशन है, जो गोरखपुर छपरा मार्ग पर अवस्थित है। यह कृषि बहुल क्षेत्र है और यहां से बहुत मजदूर बाहर काम करने के लिए आते-जाते हैं। लखनऊ से छपरा तक ट्रेन संख्या 15113 डाउन चलती थी और ट्रेन संख्या 15114 अप ट्रेन चलती थी, लेकिन यह छह महीने चली है और अब बंद होने जा रही है। मैं आपके माध्यम से रेल मंत्री जी से आग्रह करता हूं कि इसे जारी रखा जाए और इसका स्टॉपेज दुधई स्टेशन पर अवश्य हो।

दूसरी समस्या यह है कि दुधई में रेलवे का एक आरक्षण केन्द्र था, जो 23 मई, 2018 से बंद कर दिया गया है। इस वजह से लोगों को आरक्षण के लिए 90 किलोमीटर गोरखपुर, 70 किलोमीटर देवरिया, 50 किलोमीटर पडरौना जाना पड़ता है। इस आरक्षण केंद्र को पुन: दुधई में चालू किया जाए। एक बात यह भी है कि यहां जन सुविधाएं बिलकुल नहीं हैं। वहां न बैठने की जगह है और न शौचालय है और न ही पानी है। आपके माध्यम से रेल मंत्री जी से आग्रह है कि वहां जन सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं।

श्री अरूण साव (बिलासपुर): अध्यक्ष महोदय, मेरे लोक सभा क्षेत्र मल्हार में नवोदय विद्यालय है। वहां 500 बच्चे रहकर पढ़ाई करते हैं। वर्तमान में 100 से ज्यादा बच्चे बीमार हैं। उस विद्यालय में न तो बच्चों के शुद्ध पेयजल की व्यवस्था है और न अच्छे खाने की व्यवस्था है और न अच्छे बिस्तरों की व्यवस्था है। वहां मिसमैनेजमेंट के कारण स्थिति बहुत खराब है, जबकि सरकार वहां सारी सुविधाएं उपलब्ध कराती है। वहां मैनेजमेंट और व्यवस्था खराब होने के कारण बच्चे परेशान हो रहे हैं।

मैं आपके माध्यम से सरकार से आग्रह करता हूं कि नवोदय विद्यालय, मल्हार की व्यवस्था दुरुस्त करे, ताकि बच्चों का भविष्य उज्ज्वल हो सके।

(2125/VB/KKD)

श्री कनकमल कटारा (बांसवाड़ा): माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं एक ऐसी घटना के बारे में निवेदन करना चाहता हूँ, जो जलियांवाला बाग से भी बड़ी है। यह कांड मेरे निर्वाचन क्षेत्र बांसवाड़ा-डूंगरपुर के तहत मानगढ़ धाम में हुआ था। मैं आपके माध्यम से मानगढ़ धाम को राष्ट्रीय स्मारक का दर्जा दिलाने के लिए सरकार से माँग करना चाहता हूँ। इस धाम का महत्त्व है। आप मुझे दो मिनट बोलने की स्वीकृति प्रदान करें।

मानगढ़ धाम जो बांसवाड़ा का जलियांवाला बाग है, में देशभक्ति और गुरु भक्ति दिखती है। मानगढ़ धाम का कांड, जलियांवाला बाग से भी बड़ा कांड था। उससे पहले भी कुछ कांड हुए हैं। उदयपुर, राजस्थान का दक्षिणी जनजातीय बहुल क्षेत्र आंचल-बांसवाड़ा-डूंगरपुर आज़ादी के इतिहास की एक ऐसी लोमहर्षक घटना का साक्षी है, जहाँ महान् संत गोविन्द गुरु के नेतृत्व में डेढ़ हजार आदिवासी भक्तों ने देश की आजादी के लिए अंग्रेजों से संघर्ष करके 17 नवम्बर, 1913, मार्ग शीर्ष पूर्णिमा के दिन अपना बलिदान दिया था। यह देश का एक ऐसा स्मारक है, जो गोविन्द गुरु और देशभक्ति का साथ दर्शाता है। मानगढ़ धाम की स्थिति राजस्थान, मध्य प्रदेश और गुजरात की सीमा से मिलती है। मानगढ़ धाम में पहाड़ ही नहीं, राजस्थान के डूंगरपुर-बांसवाड़ा सहित गुजरात-मध्य प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में, जो गुरु-शिष्यों के द्वारा स्थापित हुई है, उस बलिदान की साक्षी हैं।

गुजरात के झालोर तहसील की नटरापुंधेला ढुणी, राजस्थान के डूंगरपुर में,....

माननीय अध्यक्ष: माननीय कनकमल जी, आप अपनी माँग रखें। आप क्या चाहते हैं, यह बताएँ।

श्री कनकमल कटारा (बांसवाड़ा): मैं चाहता हूँ कि जिस तरह से इन आदिवासियों ने देश की स्वतंत्रता के लिए गोविन्द गुरु जी के साथ संघर्ष करते हुए, लोक गीत के माध्यम से इन लोगों ने जिस तरह से अंग्रेजों से संघर्ष किया है, वह स्थान बहुत ही महत्त्वपूर्ण है। वहाँ माननीय प्रधान मंत्री जी दो बार पधार चुके हैं। वहाँ राजस्थान सरकार ने भी नौ करोड़ रुपये खर्च करके बहुत अच्छे काम किये हैं और गुजरात सरकार ने भी बहुत अच्छे काम किये हैं। उस स्थान को राष्ट्रीय दर्जा प्रदान किया जाए।

माननीय अध्यक्ष: बहुत अच्छे काम हुए हैं, तो आपकी क्या माँग है, यह बताएँ।

श्री कनकमल कटारा (बांसवाड़ा): मैं दो पंक्तियाँ निवेदन करना चाहता हूँ। वे लोग जिस तरह से लोक गीत के माध्यम से अंग्रेजों से संघर्ष करते थे, उनको ललकारते थे, मैं वे पंक्तियाँ निवेदन करना चाहता हूँ- "झालोद में म्हारी उंडी है, दाहोद में म्हारी थाड़ी है भूरेटिया, नइ मानो रे नइ मानो।"

इस तरह से, लोक गीत के माध्यम से वे अंग्रेजों से संघर्ष करते थे। ...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: रवि किशन जी, आप भी एक गीत सुना दो।

श्री रविंद्र श्यामनारायण उर्फ रवि किशन (गोरखपुर) : माननीय अध्यक्ष महोदय, आपका आदेश था, इसलिए मैं कहूँगा कि "दिल दिया है, जाँ भी देंगे ऐ वतन तेरे लिए।" आज एक ऐतिहासिक दिन है। श्रद्धेय प्रधान मंत्री जी और हमारे होम मिनिस्टर श्री अमित शाह जी को कोटि-कोटि नमन है। आज इस ऐतिहासिक दिन को मुझे बोलने का अवसर दिया, आपके सान्निध्य में और आपके आशीर्वाद से अद्भुत बिल पास हो रहा है, ऐसा लग रहा है जैसे जियरा गद-गदा गईल बा।

अन-आर्म्ड कॉम्बैट के बारे में मेरे मन में एक विचार था। मेरी भी बेटियाँ हैं। मैं हमेशा सोचता था कि पापा साथ में नहीं हैं, तो हमारी बेटियाँ डिफेंस कैसे करेंगी।

(2130/PC/RP)

स्कूल और कॉलेजेज़ में यह कम्पलसरी हो जाए, जैसे चाइना और इज़रायल में है। यह छ: महीने के लिए किया जाए। इसे मिलिट्री ट्रेनिंग कहा जाए। यह हमारे बच्चों के लिए बहुत अच्छा होगा। अगर हमारे बच्चे कहीं विदेश की यात्रा पर होते हुए फंस जाएं तो वे अपना डिफेंस कर सकेंगे, उनके

लिए यह हेल्थ-वाइज़ भी अच्छा रहेगा। यदि कभी हमारे देश पर आतंकवादी हमला हुआ या बाहरी हमला हुआ तो हमारे देश के बच्चे भी इससे लड़ने के लिए तैयार रहेंगे, जिससे उनमें एक राष्ट्रहित की भावना जगेगी। वे ड्रग्स, शराब और अन्य गलत चीज़ों से भी दूर रहेंगे। छ: महीने की एक कम्पलसरी ट्रेनिंग हमारे देश में होनी चाहिए। अगर आप हैं तो यह ज़रूर मुमकिन है, मोदी जी हैं तो ज़रूर मुमकिन है। यह हमारे बच्चों के लिए एक बहुत अद्भुत आशीर्वाद होगा। इससे हमारे देश में राष्ट्रहित की भावना जागेगी। …(व्यवधान)

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल) : रवि किशन जी कहीं से आ रहे थे, जहां कुछ बच्चे फंस गए थे। रवि किशन जी ने उन बच्चों को बचाया। उन्होंने यह बहुत अच्छा काम किया, नहीं तो लोग समझते हैं कि एमपी कुछ करते ही नहीं हैं।

माननीय अध्यक्ष : रवि किशन जी पूरे समय संसद में रुकते हैं।

…(<u>व्यवधान</u>)

श्री अर्जुन राम मेघवाल : अध्यक्ष जी, आपको बच्चों वाला केस पता है या नहीं?

श्री रवि किशन (गोरखपुर) : अध्यक्ष महोदय, मैं बताता हूं। मैं यह इसलिए बता रहा हूं, ताकि हमारे देश में यह भावना सब में जागे। मैं द्वारका से आ रहा था, जहां भयंकर बारिश हो रही थी। मैंने देखा कि बच्चों के स्कूल का एक छोटा सा रिक्शा उलट गया था। उसमें तीन-चार साल के छोटे-छोटे बच्चे थे। जैसा कि मुझमें भावना रहती है, मैं तुरंत उतरा और मैंने सारे बच्चों को निकालकर बचाया। यह पूरे देश में बड़ा वायरल हुआ, जिसके लिए पूरे देश ने मुझे बहुत आशीर्वाद दिया।

SHRI B. B. PATIL (ZAHIRABAD): Sir, as we all know, there is an effective programme called the Jal Shakti Abhiyan which is a time-bound and a mission mode water conservation campaign for India's most water-stressed districts. It is meant for water conversation and water resource management.

As a part of it, I would like to state that out of 47 Mandals, only ten Mandals have been selected from my Zahirabad constituency which consists of more drought prone districts. I would also like to state that some of the Mandals, which have been left out, are those districts which are most water-stressed than the Mandals which have been selected under the Jal Shakti Abhiyan. There is an urgent need to include these Mandals under the said programme for the welfare of the people.

In view of the above, I request the hon. Minister, through the Chair, to include the remaining Mandals of my Zahirabad constituency, which are more water-stressed, under the said programme at the earliest.

Thank you, Sir.

श्री श्रीरंग आप्पा बारणे (मावल) : अध्यक्ष महोदय, धन्यवाद।

महोदय, महाराष्ट्र के पुणे डिस्ट्रिक्ट में बाढ़ आई है, जिसके बारे में मैं यहां बोलने के खड़ा हुआ हूं। मेरे चुनाव क्षेत्र पिंपरी-चिंचवड में बारिश की वजह से बहुत बड़ा इलाका प्रभावित है। मावल इलाके में सबसे ज़्यादा बारिश होती है। वहां से बहने वाली इन्द्रायणी और पौना नदी में सबसे ज़्यादा बाढ़ आई है। पिंपरी-चिंचवड शहर को स्मार्ट सिटी में समाविष्ट किया गया है। पौना और इन्द्रायणी नदी के सुधार हेतु राज्य सरकार द्वारा केन्द्र सरकार को प्रस्ताव भेजा गया है। केन्द्र सरकार ने इस प्रस्ताव को मंजूरी नहीं दी है। अगर इन्द्रायणी और पौना नदी के सुधार हेतु केन्द्र सरकार मंजूरी दे दे तो निश्चित रूप से आगे चलकर जान-माल का नुकसान नहीं होगा और पिंपरी-चिंचवड शहर में नदी किनारे रहने वाले लोगों को राहत मिलेगी। मैं आपके द्वारा सरकार से विनती करता हूं कि पौना और इन्द्रायणी नदी के सुधार हेतु केन्द्र सरकार द्वारा स्वीकृति मिले। धन्यवाद।

श्री बिद्युत बरन महतो (जमशेदपुर) : अध्यक्ष महोदय, धन्यवाद।

महोदय, आपने मुझे बहुत महत्वपूर्ण विषय उठाने का मौका दिया है। मेरा लोक सभा क्षेत्र जमशेदपुर है, जो कि एस्पिरेशनल डिस्ट्रिक्ट, आकांक्षी जिला की श्रेणी में आता है। यहां चार विधान सभा क्षेत्र हैं, जो आदिवासी, जनजाति क्षेत्र में आते हैं। पिछले दिनों आदरणीय मानव संसाधन राज्य मंत्री श्री उपेन्द्र कुशवाहा जी विवेकानंद विश्वविद्यालय के उद्घाटन समारोह में वहां गए थे। उस समय उन्होंने उस पिछड़े इलाके को देखते हुए वहां दो केन्द्रीय विद्यालय देने की घोषणा की थी, लेकिन अभी तक इस विषय को आगे नहीं बढ़ाया गया है।

अत: मैं आपके माध्यम से वर्तमान मानव संसाधन विकास मंत्री जी से आग्रह करता हूं कि यह नक्सल प्रभावित पिछड़ा आदिवासी और जनजाति क्षेत्र है। मेरी यह मांग है कि उस समय घोषणा किए गए दो केन्द्रीय विद्यालय मेरे लोक सभा क्षेत्र के लिए दिए जाएं, ताकि वहां पढ़ने लिखने वाले आदिवासी छात्र-छात्राओं को सुविधा मिल सके। धन्यवाद।

(2135/SPS/RCP)

श्री भोला सिंह (बुलंदशहर): अध्यक्ष महोदय, धन्यवाद। आज हमारे देश का ऐतिहासिक दिन है और पूरा देश आज दीपावली मना रहा है। आपने मुझे इस अवसर पर बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपका बहुत-बहुत आभार व्यक्त करता हूं। मेरे संसदीय क्षेत्र बुलंदशहर में 1 जनवरी, 1991 को परमाणु विद्युत उत्पादन के संयंत्र का यूनिट शुरू हुआ था। दूसरा यूनिट 1 जुलाई 1992 को 220 मेगावाट का शुरू हुआ था। कुल 440 मेगावाट विद्युत ऊर्जा उत्पादन बुलंदशहर में होता है। माननीय प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में वर्ष 2017 में पूरे देश में 7000 मेगावाट परमाणु ऊर्जा उत्पादन के लिए सरकार ने 10 नए यूनिट स्थापित किए हैं, जिनमें से हरियाणा में दो हैं, गोरखपुर, उत्तर प्रदेश में 4 यूनिट हैं। कर्नाटक में दो यूनिट हैं और बांसवाड़ा, राजस्थान में दो हैं। मैं आपके माध्यम से आग्रह करना चाहूंगा कि मेरे संसदीय क्षेत्र नरौरा में परमाणु ऊर्जा संयंत्र है, उसमें दो यूनिट अधिक की आवश्यकता है। उसके लिए वहां पर पर्याप्त मात्रा में जमीन और पानी की उपलब्धता है। मेरा आपसे आग्रह है कि सरकार दो यूनिट 800 मेगावाट के बुलंदशहर में स्थापित करवाने की कृपा करे।

श्री राजकुमार चाहर (फतेहपुर सीकरी): अध्यक्ष महोदय, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। आपने मुझे इस ऐतिहासिक दिन पर बोलने का मौका दिया है। जैसे 15 अगस्त और 26 जनवरी मनाए जाते हैं, वैसे ही 5 अगस्त और 6 अगस्त मनाया जाएगा, ऐसा मुझे विश्वास है। मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान दिलाना चाहता हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र में बटेश्वर एक बहुत पवित्र स्थल है और पूर्व प्रधान मंत्री माननीय अटल बिहारी जी की जन्म स्थली है। मेरा आपसे आग्रह है कि अटल जी की जन्म स्थली पर एक विशाल स्मारक और उनकी एक विशाल प्रतिमा लगाई जाए, जिससे पूरे देश और दुनिया के लोग उनके दर्शन करने आ सकें। मेरा आपसे यह आग्रह है।

श्री धर्मेन्द्र कश्यप (आंवला): अध्यक्ष महोदय, धन्यवाद। मैं बधाई भी देना चाहता हूं और आदरणीय प्रधान मंत्री जी से कहना चाहता हूं कि मोदी जी ने हिन्द में वह काम कर दिया, श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सपनों को साकार कर दिया। आदरणीय श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने कहा था कि एक देश, दो निशान, दो विधान, दो संविधान नहीं चलेंगे। इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि:

"मोदी जी ने हिन्द में वह काम कर दिया,
श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सपनों को साकार कर दिया,
अमित शाह जी ने जब से रखा गृह मंत्री की कुर्सी पर कदम,
कश्मीर में भी एक नया चमत्कार कर दिया।"

मैं बधाई देते हुए आपके माध्यम से अपने क्षेत्र की एक बहुत महत्वपूर्ण समस्या को रखना चाहता हूं। मैं आंवला लोक सभा क्षेत्र से आता हूं, जो जनपद बरेली के अंतर्गत आती है। आंवला लोक सभा के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 24, जो बरेली से शाहजहांपुर और दिल्ली से लखनऊ को जोड़ता है। बरेली से शाहजहांपुर की स्थिति बहुत खराब है। मान्यवर, सड़कों में गड्ढे हो गए हैं, सड़कें धंस गई है। वहां कई-कई किलोमीटर का लम्बा जाम लग जाता है और मरीजों की मृत्यु हो जाती है।

2139 बजे (श्री राजेन्द्र अग्रवाल पीठासीन हुए)

महोदय, मैं आपके माध्यम से सड़क परिवहन मंत्री जी से निवेदन करना चाहता हूं कि बरेली से शाहजहांपुर की स्थिति सुधारने का काम करें, ताकि मेरे क्षेत्र के लोगों को आवागमन की सुविधा मिल सके। जो लगातार मृत्यु हो रही हैं और लम्बा जाम लोगों को झेलना पड़ता है, उससे राहत मिल सके। महोदय, आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

श्री संगम लाल गुप्ता (प्रतापगढ़): सभापति महोदय, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। मैं अपने लोक सभा क्षेत्र जनपद प्रतापगढ़ की एक महत्वपूर्ण समस्या से अवगत कराना चाहता हूं। वर्ष 2008 में सीवर लाइन बिछाने और सीवर ट्रीटमेंट प्लांट लगाने की परियोजना को स्वीकृत कर, उसमें धन आबंटित कर दिया गया था।

(2140/KDS/SMN)

लेकिन 11 वर्षों का लम्बा अन्तराल बीत जाने के बाद भी आज तक सीवर लाइन में कनेक्टिविटी नहीं हो सकी है। हालात इतने खराब हैं कि करोड़ों रुपये से तैयार किए गए ट्रीटमेंट महज शो पीस बनकर रह गए हैं और अधिकारी कहते हैं कि कुछ लोगों द्वारा खोलकर बेच दिए गए

और थोड़े बचे हुए जंग खा गए। यही नहीं, कागजों पर बिछी सीवर लाइन और पाइपों का धरातल के नीचे कोई अता-पता नहीं है। सरकार का करोड़ों रुपया सिर्फ कागजों में बिछाकर बांट लिया गया। हालात जस के तस बने हुए हैं। अभी शुरु हुई बरसात के कारण पूरे शहर के हालात गंदगी और जल निकासी के अभाव के कारण बदतर बने हुए हैं। लोगों का निकलना और जीना भी दुश्वार हो गया है। यहां तक कि प्रतापगढ़ की अधिष्ठात्री देवी, मां बेला देवी के मन्दिर परिसर के ठीक पीछे ही शहर के दो बड़े गन्दे नालों का पानी सई नदी में जा रहा है।

माननीय सभापति (श्री राजेन्द्र अग्रवाल) : कृपया समाप्त कीजिए। श्री अजय भट्ट जी।

श्री संगम लाल गुप्ता (प्रतापगढ़): सर, केवल एक मिनट और दे दीजिए।

माननीय सभापति : आपको कुल एक मिनट का समय ही दिया गया था।

श्री संगम लाल गुप्ता (प्रतापगढ़): नमामि गंगे परियोजना भी शामिल की गई है, जिसे छोड़कर नदी के जल में मंदिर के सामने प्रदूषण किया जा रहा है। आपके माध्यम से मैं सरकार से यह मांग करता हूं कि करोड़ों रुपये का बन्दरबांट करने वालों के लिए विशेष टीम गठित कर उनसे धन की वसूली कराई जाए।

माननीय सभापति (श्री राजेन्द्र अग्रवाल): कृपया ध्यान रखें कि एक मिनट की सीमा निर्धारित है।

श्री अजय भट्ट (नैनीताल-ऊधमसिंह नगर): माननीय सभापति महोदय, मैं बहुत आभारी हूं कि आपने मुझे एक महत्वपूर्ण ऐतिहासिक दिन पर बोलने का अवसर दिया है। मैं भारत के माननीय प्रधान मंत्री जी और गृह मंत्री जी को हृदय की गहराइयों से बधाई देते हुए अपने लोक सभा क्षेत्र नैनीताल, ऊधमसिंह नगर की एक गंभीर समस्या को आपके सामने रखना चाहता हूं। विश्व प्रसिद्ध झील, नैनीताल, उसको बहुत खतरा है। वहां पर इतना ज्यादा भार बढ़ गया है कि पिछले दिनों मालरोड, जहां सब लोग अंग्रेजों के जमाने से घूमते आ रहे हैं, वह धंस गई थी। करीब डेढ़-पौने दो साल में इस शहर में इतना ज्यादा भार हो गया है कि जहां 700 वाहन आने की गुंजाइश थी, वहां पर आज 7000 वाहन प्रतिदिन आ रहे हैं। पर्यावरण बहुत प्रदूषित होता जा रहा है। वहां पर रुकने के लिए कोई स्थान नहीं है। हलद्वानी से नैनीताल पहुंचने में जहां कम से कम एक या डेढ़ घण्टा लगता था, आज लोग आठ-आठ घण्टे जाम में लगे रहते हैं। एनजीटी की रिपोर्ट भी बहुत गंभीर है। मान्यवर, एक बहुत ही महत्वपूर्ण बात मैं कहना चाहता हूं कि वहां की झील की जो क्षमता है, वह समाप्त हो गई है और साथ ही वहां के शोध भी सूखते जा रहे हैं।

श्री गिरीश चन्द्र (नगीना): सभापति महोदय जी, आपके माध्यम से मैं केन्द्र सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र नगीना की ओर दिलाना चाहता हूं।

श्री अजय भट्ट (नैनीताल-ऊधमसिंह नगर): माननीय सभापति जी, कृपया थोड़ा अतिरिक्त समय दे दीजिए।

माननीय सभापति: आपको यह सब शुरु में बोलना चाहिए था।

श्री गिरीश चन्द्र (नगीना): सभापति महोदय, शिक्षा के क्षेत्र में एक केन्द्रीय विद्यालय की मांग वहां के गरीबों के हित एवं उनकी शिक्षा हेतु रखना चाहता हूं। गरीब व्यक्तियों के उत्थान के लिए शिक्षा वह माध्यम है, जिसके द्वारा गरीब का बच्चा यदि अच्छी शिक्षा ग्रहण करता है, शिक्षित बनता है तो वह

भी आईएएस और आईपीएस बनता है। मैं आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध करता हूं कि अच्छी शिक्षा की शुरुआत मेरे संसदीय क्षेत्र नगीना में भी हो। अत: मेरी यह मांग है कि एक केन्द्रीय विद्यालय मेरे संसदीय क्षेत्र नगीना में स्थापित करने की कृपा करें। धन्यवाद।

माननीय सभापति: यदि भूमिका में ज्यादा समय लगाएंगे तो मांग रखने में दिक्कत हो जाएगी। कृपया इस बात का ध्यान रखें। श्री अच्युतानंद सामंत जी।

श्री अच्युतानंद सामंत (कंधामल): सभापति महोदय, आपने मुझे शून्य काल में बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपका बहुत आभार व्यक्त करता हूं। मैं एक महत्वपूर्ण विषय पर आपके माध्यम से भारत सरकार की ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। महात्मा गांधी जी के 150 वर्षों का सपने का देश भर में पालन हो रहा है। इसके लिए कमेटी भी बनी है और बहुत बजट भी रखा गया है। महात्मा गांधी जी का ओडिशा के लिए एक विशेष आकर्षण था। 1921 से 1946 तक महात्मा गांधी जी 8 बार ओडिशा गए थे। उन्होंने लगभग 69 दिन ओडिशा विजिट किया था। इस सिलसिले में गोपबंधु दास जी, जिनको ओडिशा का गांधी जी कहा जाता है, उनके साथ वे ठहरे। पहली बार महात्मा गांधी जी 23 मार्च, 1921 में काठजोड़ी नदी के तट पर बहुत बड़ी सभा की थी, जिसमें महिलाओं की संख्या काफी अधिक थी, जिसे देखकर महात्मा गांधी जी बहुत खुश हुए थे। महिलाओं ने भी महात्मा गांधी जी से प्रभावित होकर भारत की आजादी के लिए भारी मात्रा में अपने गहने दान किए थे। उसके बाद गांधी जी ने छुआछूत उन्मूलन हेतु पद यात्रा की थी। गांधी जी के प्रयास से ओडिशा में खादी स्टोर बना।

माननीय सभापति: कृपया तुरन्त डिमांड रखिए।

श्री अच्युतानंद सामंत (कंधामल): सभापति महोदय, मेरी आपके माध्यम से सरकार से यह मांग है कि गांधी सर्किट मेमोरी पाथ, गांधी वार्ड इन ओडिशा बनना चाहिए और गांधी जी व गोपबंधु दास जी का ज्वाइंट स्टैच्यू कटक में बनना चाहिए। धन्यवाद।

माननीय सभापति: श्री महेश साहू और श्री रमेश चन्द्र माझी, श्री अनुभव मोहंती और कुमारी चन्द्राणी मुर्मु को श्री अच्युतानंद सामंत द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

(2145/MM/MMN)

डॉ. ढालसिंह बिसेन (बालाघाट): महोदय, मैं सर्वप्रथम आदरणीय प्रधान मंत्री जी और हमारे देश के गृह मंत्री जी का आभार व्यक्त करता हूं जिनके कारण से देश को आज यह दिन देखने का अवसर मिला। मुझे भी आज अपनी आंखों से यह अवसर देखने को मिला तो मैं अपने को गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं कि मैं सत्रहवीं लोक सभा में आया।

महोदय, मेरा बालाघाट जिला नक्सलवाद से प्रभावित है। यह कृषि और वन से आच्छादित है। यहां काफी बेरोजगारी है। इस दृष्टि से मैं कहना चाहता हूं कि बालाघाट और शिवनी जिले में वन और कृषि पर आधारित उद्योग खोले जाएं ताकि यहां के नौजवानों को रोजगार मिल सके और लोगों को वहां से पलायन न करना पड़े। कृषि आधारित उद्योग होने से निश्चित रूप से लोगों को रोजगार मिलेगा और अभी जो पलायन की स्थिति है, उस पर रोक लगेगी। इस साल भी वर्षा नहीं हुई है। देश

एक तरफ बाढ़ से डूब रहा है और दूसरी तरफ बालाघाट और शिवनी जिले में अल्पवर्षा हुई है। यहां हर एक-दो साल में अकाल पड़ता है। कृषि आधारित और वन आधारित उद्योग यहां लगाए जाएं ताकि नौजवानों को प्रशिक्षण देकर रोजगार दिया जा सके।

SHRI MAHESH SAHOO (DHENKANAL): Hon. Chairperson, Sir, I am really grateful to you for giving me the opportunity.

Sir, as you know, I am representing the Dhenkanal Parliamentary Constituency of Odisha that gives the maximum revenue to the Government of India to fulfil its national interest. But I am sorry to say that whoever is in the Government in the welfare State, one should not neglect the regional interest due to some reason. My submission is that prior to Independence, a railway station at Talcher and also a Coalfield were constructed. At that time, the Talcher Railway Station was designed as a station to transport goods. But as of today, that has not yet been declared as a passenger railway station. At that time, one railway line was going from Talcher to Puri. Now, one train is running from Cuttack to Puri and it is unnecessarily stationed at Cuttack. If that will be extended up to Kaniha *via* Dhenkanal and Talcher, it will be helpful to the Government and also simultaneously, it will serve the welfare of my State.

My submission is very clear that the Government should take care of my demand, and I hope that the train from Cuttack to Puri, which is unnecessarily stationed at Cuttack, should be extended up to Talcher. Thank you.

श्री संतोष पाण्डेय (राजनंदगाँव): सभापति महोदय, छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा संवैधानिक मूल्यों की अनदेखी की जा रही है और मूल्यों पर आधारित संस्थाओं को धवस्त करने का षड्यंत्र रचा जा रहा है। 29 जुलाई 2019 को सहकारी चुनाव आयुक्त श्री गणेश शंकर मिश्रा, जो सेवानिवृत्त हैं और भारतीय प्रशासनिक सेवा में थे, उनको अवैधानिक ढंग से, नियम परिवर्तित करके, षड्यंत्र करके हटा दिया गया। वर्ष 2011 में तत्कालीन भारत सरकार ने संविधान में 97वां संशोधन पारित कर शक्ति विकेन्द्रीकरण की गांधीवादी नीति का विस्तार करते हुए सहकारी समितियों के गठन के अधिकार को संविधान के अनुच्छेद 19(1)(c) के तहत मौलिक अधिकार का दर्जा दिया था।

महोदय, अपने दलीय और अपने दल के लोगों को बिना किसी निर्वाचन प्रक्रिया के वह सरकार बैठना चाहती है और आयुक्त द्वारा लंबित चुनाव को कराए जाने से यह संभव नहीं हो पाता।

माननीय सभापति (श्री राजेन्द्र अग्रवाल): आप अपनी डिमांड रखिए।

श्री संतोष पाण्डेय (राजनंदगाँव): महोदय, महात्मा गांधी जी की 150वीं जयंती पर गांधीवादी मूल्यों पर आधारित प्रावधानों को ताक पर रखकर छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा राज्य में अराजकता का माहौल निर्मित किया जा रहा है।

महोदय, एडवोकेट जनरल, महाधिवक्ता श्री कनक तिवारी को भी इसी प्रकार हटाया गया था। पेपरों में छपा था कि उन्होंने इस्तीफा नहीं दिया है उनको हटाया गया है। मेरा आपके माध्यम से सरकार से निवेदन है कि इस पर कार्रवाई की जाए।

SHRI BELLANA CHANDRA SEKHAR (VIZIANAGARAM): Hon. Chairperson, Sir, thank you for giving me an opportunity.

This is an important issue of my Parliamentary Constituency, Vizianagaram. I would like to bring to your kind notice that fishermen of Vizianagaram, Srikakulam and East Godavari districts of Andhra Pradesh State went on fishing expedition to Veraval of Gujarat State in August, 2018. After that, in the second week of November, 2018, from Gujarat harbour they left for catching fish. Due to lack of awareness of the sea boundaries, they inadvertently entered into the border of Pakistan.

(2150/VR/SJN)

The Coast Guard of Pakistan arrested them. Of them, 17 fishermen are from Machilisam of Srikakulam district, four are from Vizianagaram and the other four are from East Godavari district of Andhra Pradesh. They are put in jail in Pakistan.

Through you, Sir, I request the hon. Minister for External Affairs to let us know the present status of these 25 fishermen. I also request the Government to get them released.

Sir, I request the hon. Minister of External Affairs to kindly extend every possible support to them and get them released as soon as possible.

श्री विजय बघेल (दुर्ग) : माननीय सभापति महोदय, मेरे दुर्ग लोक सभा क्षेत्र एवं छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में आन्ध्र उत्कल समाज के लाखों लोग निवासरत हैं। इनमें से अधिकांश तटीय आन्ध्र प्रदेश के श्रीकाकुलम एवं सीमावर्ती ओड़िशा के निवासी हैं। उनको अपने पैतृक गांवों तक आने-जाने के लिए दुर्ग, पलासा और बह्मपुर से विजयनगरम के लिए एक नई एक्सप्रेस ट्रेन प्रारंभ करने का अनुरोध मैं सरकार से करता हूं। इसी तरह दुर्ग लोक सभा के अंतर्गत पुरानी भिलाई रेलवे स्टेशन में यात्रियों के दबाव को देखते हुए निम्न एक्सप्रेस ट्रेनों का स्टॉपेज दिया जाए - गोंदिया-बरौनी एक्सप्रेस, दुर्ग-नौतनवा गोरखपुर एक्सप्रेस, दुर्ग-छपरा सारनाथ एक्सप्रेस, कोरबा-त्रिवेन्द्रम एक्सप्रेस, दुर्ग-दानापुर दक्षिण बिहार एक्सप्रेस, कोरबा-यशवंतपुर वैनगंगा एक्सप्रेस तथा जो मेमू (लोकल) ट्रेन चलती है, उसमें यात्रियों का दबाव अधिक होता है। उसमें 8 कोचेस लगे हैं। मैं सरकार से यह निवेदन करना चाहता हूं कि उसमें 12 कोचेस की व्यवस्था की जाए।

SHRI P. RAVEENDRANATH KUMAR (THENI): Sir, I would like to bring a matter of urgent public importance to the notice of the Government.

A number of 22 sailors, of which 18 are Indians, including Thiru. Adithya Vasudevan, the Third Officer of a ship, hailing from my State of Tamil Nadu, who were on board in the United Kingdom registered ship Stena Impero, were detained last month on 19th July by the Iranian Revolutionary Guards at the Strait of Hormuz.

In this regard, the hon. Chief Minister of Tamil Nadu has written a letter to the hon. Minister for External Affairs. Since recent past, our Indian sailors on various ships in the high seas are under threat of annoying detention.

Sir, through you, I urge the Government of India to secure and arrange for the immediate release and repatriation of all 18 Indian crew members on board.

श्री कृष्ण पाल सिंह उर्फ डॉ. के. पी. यादव (गुना) : सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से मेरे संसदीय क्षेत्र गुना के शिवपुरी नेशनल पार्क, अशोक नगर जिले की प्राचीन नगरी चन्देरी और मुंगावली के मां जानकी प्राचीन मंदिर करीला की ओर पर्यटन की दृष्टि से सदन का ध्यान आकर्षित कराना चाहता हूं। महोदय, शिवपुरी में स्थिति माधव नेशनल पार्क की स्थापना सन् 1958 में हुई थी। यह देश के सबसे पुराने नेशनल पार्कों में से एक है। वर्ष 2005 में शिवपुरी नेशनल पार्क में बाघों की पुनर्स्थापना के लिए प्रस्ताव संबंधित विभाग को भेजा गया था। अभी तक अधिकारियों की कई मीटिंगें हुई हैं, लेकिन अभी भी कार्य पूर्ण नहीं हुआ है।

महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र के अशोक नगर जिले की प्राचीन नगरी चन्देरी की हैंडलूम साड़ी पूरे देश में विख्यात है। वहां पर कई प्राचीन स्मारक हैं, जिन्हें विकसित किया जाए। मेरे अशोक नगर जिले में करीला जानकी माता मंदिर है। ऐसी मान्यता है कि वहां पर मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम और सीता माताजी के पुत्र लव और कुश का जन्म हुआ था। वहां पर लाखों की संख्या में श्रद्धालु आते हैं। सभापति जी, मेरा आपके माध्यम से माननीय पर्यटन मंत्री जी से यह अनुरोध है कि शिवपुरी नेशनल पार्क, चन्देरी व करीला जानकी माता मंदिर जो मेरे लोक सभा क्षेत्र में हैं, इनको विकसित किया जाए, ताकि पर्यटन को बढ़ावा मिल सके। इसके साथ ही साथ युवाओं को रोजगार भी मिल सके।

(2155/SAN/KN)

SHRI KARADI SANGANNA AMARAPPA (KOPPAL): Mr. Chairperson, Sir, I thank you for allowing me to raise an important issue pertaining to desiltation of Tungabhadra Dam in Karnataka.

Tungabhadra Dam is one of the biggest dams in Karnataka. In the recent years, its storage capacity has come down because about 0.5 tmcft of silt is getting deposited annually. At present, it cannot store more than 15 per cent of its capacity.

The farmers in Karnataka are facing severe water scarcity for irrigation. Therefore, I would like to suggest to the Union Government to take immediate steps for desiltation of the Tungabhadra Dam. In this connection, I would also like to state that irrigation experts are saying that desiltation is practically impossible due to technical reasons.

In case it is not possible to remove silt, the Union Government may consider constructing a balancing reservoir to offset the silt. I would also like to submit that the Government of Karnataka has proposed to construct a balancing reservoir at Navali Village in Koppal District. It is estimated that about Rs. 10,000 crore are required for the project.

I would like to request the Union Government to give financial and all other support for the construction of a balancing reservoir at Navali Village. It would help the farmers of Karnataka in utilising water from the reservoir.

Thank you.

श्री भागीरथ चौधरी (अजमेर) : माननीय सभापति महोदय, आपने ऐतिहासिक दिन के अवसर पर मुझे बोलने का अवसर दिया, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। मैंने चुनाव में यह कहा था कि जो धारा 370 है, हमारे सिद्ध पुरुष प्रधान मंत्री नरेन्द्र भाई मोदी जी और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने जो बलिदान दिया है, धारा 370 और 35ए को प्रधान मंत्री नरेन्द्र भाई मोदी जी हटाएँगे। आज यह ऐतिहासिक दिन है। मैंने अपने लोक सभा क्षेत्र में जनता से यह वायदा किया था कि आप मुझे जिताइये, नरेन्द्र भाई मोदी जी प्रधान मंत्री बनेंगे, गृह मंत्री अमित शाह जी और रक्षा मंत्री जी ने एक ऐतिहासिक काम किया है। आज 5 अगस्त एक ऐतिहासिक दिन है। मैंने जनता से जो वायदा किया था कि धारा 370 और 35ए हटेगी, आधा काम तो मेरा हो गया। सभापति महोदय, आप मुझे एक मिनट और दे दीजिए।

माननीय सभापति (श्री राजेन्द्र अग्रवाल): आप जल्दी खत्म कीजिए।

श्री भागीरथ चौधरी (अजमेर) : हमारे देश में राजस्थान एक ऐसा प्रदेश है, जिसमें मार्बल और ग्रेनाइट का सबसे ज्यादा भंडार है। हमारे 23 जिलों में मार्बल और ग्रेनाइट हैं। सभापति महोदय, मेरा एक निवेदन है कि हमारा जो स्वदेशी मार्बल है, यदि कृषि के बाद कोई क्षेत्र सबसे ज्यादा रोजगार देता है तो मार्बल देता है। राजस्थान में 75 लाख लोग इससे जुड़े हुए हैं। मेरा आपसे निवेदन है कि जो 18 परसेंट जीएसटी लगा हुआ है, पहले 5 परसेंट सेल्स टैक्स था, तब तीन गुना रेवेन्यू मिल रहा था।…(व्यवधान)

माननीय सभापति : ठीक है।

श्री भागीरथ चौधरी (अजमेर) : सभापति जी, 30 सैकेंड और दे दीजिए।

माननीय सभापति : आप बोलिए।

श्री भागीरथ चौधरी (अजमेर) : सभापति महेदय, आपकी मेहरबानी चाहिए। मेरा निवेदन है कि 10 हजार करोड़ रुपये का जो व्यापार है, वह सारा बंद सा हो गया है। मेरा निवेदन है कि एक बार आप मार्बल और ग्रेनाइट पर जीएसटी कम कीजिए, मैं वित्त मंत्री जी से निवेदन करना चाहूँगा कि एक बार कम करके देख लें, रेवेन्यू भी बढ़ेगा और व्यापार भी चलेगा।

माननीय सभापति : ठीक है। श्री रमेश बिधूड़ी।

श्री रमेश बिधूड़ी (दक्षिण दिल्ली) : माननीय सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम माननीय प्रधान मंत्री और गृह मंत्री, हमें यह सौभाग्य प्राप्त होगा कि 17वीं लोक सभा के अंदर इतिहास के पन्नों में हमारा भी जीवन सार्थक साबित होगा, जो निर्णय हुआ है। दिल्ली राजधानी में लगभग 40 लाख लोग झुग्गी-बस्ती में रहते हैं, जिनमें 20 लाख के करीब वोटर्स हैं। जे.जे. कलस्टर में वे नारकीय जीवन जी रहे हैं। साढ़े चार साल पहले एक ऐसा *... (Not recorded)* मुख्य मंत्री बन गया, जिसने नारा दिया था कि बिजली हाफ, पानी माफ। गरीब लोग यह समझ नहीं पाए कि झुग्गी-झोपड़ी में लोग पहले भी पानी का बिल नहीं देते थे और अनऑथोराइज्ड कालोनीज में भी नहीं देते थे, क्योंकि न बिजली की सप्लाई है, न मीटर है। पानी के टैंकरों से पानी के लिए माता-बहनें दर-दर की ठोकरें खाती हैं। वे नारकीय जीवन जी रहे हैं। उन लोगों को कहीं न कहीं सरकार द्वारा प्रधान मंत्री आवास योजना के अंदर पूरे देश में सवा डेढ़ करोड़ परिवारों को मकान दिए गए, लेकिन दिल्ली में उस मुख्य मंत्री के कारण नरेला में जो मकान बने हुए हैं, उन झुग्गीवासियों को वे मकान नहीं दिए गए। मैं आपके माध्यम से एक निवेदन करना चाहता हूँ कि डूसिब, दिल्ली सरकार उसमें काम करती है, झुग्गियों का बड़ा सेंसेटिव मामला है। दिल्ली अर्बन शेल्टर इंप्रूवमेंट बोर्ड (डूसिब) जो दिल्ली सरकार के अधीन आता है, न तो एमसीडी का साढ़े 4 करोड़ रुपये दे रहे हैं, जिससे सफाई व्यवस्था हो जाए। पानी की सप्लाई नहीं होती है। मेरा आपके माध्यम से एक निवेदन है कि भारत सरकार उनको आदेश करे कि उन लोगों को झुग्गियों के बदले में, क्योंकि जब वे 20 साल पहले आए थे, उनके पास एक कमरा था, अब उन्होंने दो-तीन कमरे बना लिए। उनके तीन बेटे हो गए, अब वे गरीब लोग कहाँ बदले में मकान लेंगे तो दो कमरे 10 बाय 10 के और एक ड्राइंग रूम, उनके लिए ऐसी व्यवस्था हो और उन गरीब लोगों को नारकीय जीवन जीने से रोका जाए। बहुत-बहुत धन्यवाद।

(2200/CS/RBN)

श्री रमेश चन्द्र माझी (नबरंगपुर): महोदय, आपने मुझे शून्यकाल में बोलने का मौका दिया, इसके लिए आपका धन्यवाद।

महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र नबरंगपुर में 5 मेजर इरीगेशन प्रोजेक्ट्स हैं, जो तेल इंटीग्रेटिड प्रोजेक्ट्स हैं। एक प्रोजेक्ट नबरंगपुर जिले के चंदाहांडी ब्लॉक में है। एक नबरंगपुर इरीगेशन प्रोजेक्ट है, एक तुरी-गुंटा प्रोजेक्ट है, लोअर भास्केल प्रोजेक्ट और मलकानगिरि जिले का सप्तधारा इरीगेशन प्रोजेक्ट है। इनकी बहुत दिनों से माँग हो रही है। मैं जलशक्ति मंत्रालय से निवेदन कर रहा हूँ कि इन 5 मेजर इरीगेशन प्रोजेक्ट्स की बहुत दिनों से माँग हो रही है। इन्हें शुरू किया जाए।

डॉ. सुकान्त मजूमदार (बालूरघाट): महोदय, क्या मैं यहाँ से बोल सकता हूँ?

माननीय सभापति (श्री राजेन्द्र अग्रवाल): हाँ बोलिए।

डॉ. सुकान्त मजूमदार (बालूरघाट): मैंने अपनी जीरो ऑवर की स्पीच अंग्रेजी में शुरू की थी। बीच में मैं हिन्दी में बोला और आज मैं बांग्ला में बोलना चाह रहा हूँ।

*Sir my constituency is Balurghat. Near Balurghat, on the banks of river Ganga in Gangarampur, there is a historical place called Bangarh. Very significant historical artefacts have found in that place. Many years ago, in 1938, excavation work was started there. Thereafter in the year 2007, the Patna circle of Archaeological Survey of India (ASI) resumed excavation work. Not only historical artefacts, mythological Puranic remnants were also unearthed from that region. It is said that the princess of Bangarh Usha had an affair with the grandson of lord Krishna Anirudhha. There is a mention of King Ban in the Mahabharata as well. His daughter Usha and Krishna's grandson had also married. There is a road named Ushaharan by which Usha and Krishna's grandson eloped. So, this is a very important historical site. Thus, through you Sir, I urge upon Hon. Minister to direct Archaeological Survey of India to carry out excavation work of this region which will unearth many more unknown, hidden, undisclosed facts of history for the future generations. I thank you very much Sir for giving me this opportunity to raise this matter during Zero Hour.

श्री नरेन्द्र कुमार (झुन्झुनू): महोदय, आपने आज मुझे इस ऐतिहासिक दिन पर बोलने का मौका दिया, इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद और आभार।

मेरे संसदीय क्षेत्र झुन्झुनू जिले में दो विधान सभा क्षेत्र ऐसे हैं, जिनमें पेयजल की बहुत बड़ी समस्या है। वहाँ कुओं और हैडपम्पों का पानी सूख गया है। उसमें उदरयपुरवाटी व सूरजगढ़ विधान सभा क्षेत्र हैं। राजस्थान सरकार द्वारा क्रमश: 718.41 एवं 612.25 करोड़ रुपये 25-04-2016 को स्वीकृत किए जा चुके हैं। वर्ष 2016-17 की बजट घोषणा में इन परियोजनाओं की क्रियान्वति हेतु राज्य सरकार द्वारा बहुराष्ट्रीय वित्तीय संस्थानों से वित्त पोषण के माध्यम से कार्य प्रारम्भ करवाने की घोषणा की गई, दिनांक 16-05-2018 को भारत सरकार के जल संसाधन मंत्रालय द्वारा भारत सरकार के वित्त मंत्रालय की स्वीकृति हेतु भिजवाई गई थी। जायका की बाह्य वित्तीय सहायता हेतु इस संबंध में दिनांक 22-04-2019 को भारत सरकार के वित्त मंत्रालय में डिपार्टमेंट ऑफ इकोनॉमिक अफेयर्स के निदेशक श्री अविनाश कुमार मिश्रा द्वारा जन स्वा.अभि. विभाग जयपुर व जायका के साथ बैठकर विस्तृत चर्चा भी की जा चुकी है व दिनांक 01-08-19 को जायका मिशन द्वारा सूरजगढ़ व उदयपुरवाटी विधान सभा क्षेत्रों का दौरा भी किया जा चुका है। यह जायका कंपनी जापान की है। मैं यही निवेदन करना चाहता हूँ कि केंद्र सरकार द्वारा यह स्वीकृति शीघ्र निकाली जाए, जिससे इस समस्या का समाधान हो सके। इसमें पैसे की स्वीकृति हो चुकी है।

---

* Original in Bengali

माननीय सभापति : श्री अनिल फिरोजिया – उपस्थित नहीं।

श्री प्रदीप कुमार सिंह।

श्री प्रदीप कुमार सिंह (अररिया): महोदय, मैं अररिया लोक सभा क्षेत्र बिहार से आता हूँ। मैं सबसे पहले आज माननीय प्रधान मंत्री जी, माननीय गृह मंत्री आदरणीय अमित शाह जी और सम्पूर्ण सरकार को बधाई देता हूँ कि हमारे देश में 5 और 6 तारीख इतिहास के पन्नों में स्वर्णिम अक्षरों में लिखी जाएगी। जो काम आजादी के बाद से आज तक किसी ने नहीं किया, पूरे देश में आज खुशी का माहौल है। मैं अपने हृदय, आत्मा से उनको कोटि-कोटि बधाई देता हूँ, धन्यवाद देता हूँ।

2205 बजे (माननीय अध्यक्ष पीठासीन हुए)

महोदय, मैं बहुत ही महत्वपूर्ण विषय पर बोलने के लिए खड़ा हुआ हूँ। मैं नेपाल बॉर्डर से आता हूँ। नेपाल में हमारे यहाँ के मेडिकल के विद्यार्थी हजारों की संख्या में पढ़ रहे हैं। मेरा क्षेत्र नेपाल बॉर्डर पर आता है, इसलिए नेपाल की हर गतिविधि मुझे मालूम पड़ती है।

(2205/RV/SM)

माननीय स्पीकर महोदय, मैं एक बहुत ही महत्वपूर्ण विषय पर बोल रहा हूं। मैं बताना चाहता हूं कि भारत के बच्चे जो मेडिकल के छात्र के रूप में नेपाल में हजारों की संख्या में पढ़ाई करने के लिए जाते हैं और नेपाल के भी छात्र हमारे यहां पढ़ने आते हैं।

महोदय, नेपाल से हमारा संबंध बहुत अच्छा है। परन्तु, मुझे लगता है कि आजकल जो गतिविधि नेपाल में चल रही है, वर्ष 2011 में जिन बच्चों ने नेपाल मेडिकल कॉलेज में एडमिशन लिया है, उनमें काठमांडू यूनिवर्सिटी के लगभग दस मेडिकल कॉलेजेज हैं। मेरे क्षेत्र के बगल में नेपाल में विराटनगर है। उसके आस-पास दस मेडिकल कॉलेजेज हैं।

महोदय, वर्ष 2011 में जिन बच्चों ने एडमिशन ली, उन्हें फेल कर दिया गया।

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्य, आप अपनी मांग रख दें।

श्री प्रदीप कुमार सिंह (अररिया): महोदय, मैं आपके माध्यम से यह बताना चाहता हूं कि भारत सरकार के विदेश मंत्री वहां बात करें क्योंकि वहां हमारे बच्चों के साथ नाइंसाफी होती है।

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्य, आप मुझसे व्यक्तिगत रूप से मिल लेना। मैं विदेश मंत्री जी से बात करवा दूंगा।

श्री सुशील कुमार सिंह (औरंगाबाद): अध्यक्ष महोदय, आज एक ऐतिहासिक दिन है। भारत के करोड़ों लोगों की आकांक्षाओं की पूर्ति माननीय प्रधान मंत्री जी और आदरणीय गृह मंत्री श्री अमित शाह जी के नेतृत्व में हुई है। इस ऐतिहासिक दिन पर मैं कहना चाहता हूं कि किडनी की खराबी जैसी गम्भीर और खर्चीली बीमारी से देश में लाखों लोग ग्रसित हैं। एक आदमी के डायलिसिस में एक वर्ष में लगभग ढाई लाख रुपये खर्च होते हैं। गरीब लोग इस खर्च को वहन नहीं कर पाते हैं। इसीलिए, हमारी सरकार वर्ष 2016 में एक योजना 'प्रधान मंत्री डायलिसिस योजना' लाई। इसके तहत अभी तक 2,28,000 लोगों ने इस सुविधा का लाभ लिया। सबसे अच्छा काम गुजरात के अन्दर हुआ, जहां लगभग 829 ऐसे केन्द्र खुले और वहां के गरीब लोग इसका लाभ ले रहे हैं। लेकिन, मेरे संसदीय क्षेत्र औरंगाबाद जिले के सदर अस्पताल में यह सुविधा नहीं है, यह केन्द्र नहीं खुला।

महोदय, मैं आपके माध्यम से भारत सरकार से यह मांग करना चाहता हूं कि प्रधान मंत्री डायलिसिस योजना के तहत औरंगाबाद जिला अस्पताल में यह केन्द्र खोला जाए, ताकि गरीब लोग इस सुविधा का लाभ उठा सकें क्योंकि निजी अस्पतालों में इसमें बहुत ज्यादा खर्च होता है और उनके लिए इसे करा पाना संभव नहीं होता।

श्री शंकर लालवानी (इन्दौर): माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपका ध्यान सी.बी.एस.ई. के स्कूलों के पाठ्यक्रम की ओर दिलाना चाहता हूं। उस पाठ्यक्रम में बहुत सारे महापुरुषों के बारे में पढ़ाया जाता है। लेकिन, उस पाठ्यक्रम में आदि शंकराचार्य के बारे में पढ़ाया नहीं जाता है। दो वर्ष की आयु में आदि शंकराचार्य को वेदों का ज्ञान हो गया, आठ वर्ष की आयु में वे संन्यासी हो गए, बारह वर्ष की आयु में उन्हें शास्त्रों का ज्ञान हो गया और सोलह वर्ष की आयु में उन्होंने 100 ग्रन्थों की रचना कर दी। इतनी छोटी-सी उम्र में उन्होंने पूरे भारत का भ्रमण किया और सनातन धर्म को पूरे भारत में एक करने का जिम्मा लिया। हिन्दू की सभी जातियों को इकट्ठा कर एक समरसता का भाव पैदा किया। उन्होंने दशानामी सम्प्रदाय की स्थापना भी की थी। देश के चारों कोनों में धामों की स्थापना की थी। माननीय प्रधान मंत्री जी ने 18 अप्रैल, 2018 को लंदन में आदि शंकराचार्य जी के बारे में जिक्र भी किया था।

महोदय, मैं आपके माध्यम से निवेदन करना चाहता हूं कि सी.बी.एस.ई. स्कूल्स के पाठ्यक्रम में जो पढ़ाया जाता है, उसमें महापुरुषों के साथ आदि शंकराचार्य जी के बारे में भी पढ़ाया जाना चाहिए।

प्रो. एस.पी. सिंह बघेल (आगरा): अध्यक्ष जी, धन्यवाद। विश्व विख्यात आगरा शहर की जनता ने मुझे मोदी जी को प्रधान मंत्री बनाने के लिए और अपनी बात कहने के लिए यहां भेजा है। आज का दिन मेरे क्वैश्चन से संबंधित है कि आदरणीय मोदी जी और अमित शाह जी ने धारा 370 और 35ए को हटाने का काम किया है, उसकी वजह से आतंकवाद की रीढ़ की हड्डी टूटी है। इसलिए मैं आगरा के ताजमहल को रात में खोलने का निवेदन करने का साहस कर पा रहा हूं क्योंकि वह लॉ एण्ड ऑर्डर की वजह से बंद रहता था।

(2210/MY/AK)

महोदय, ताजमहल चांदनी रात के दो दिन पहले और दो दिन बाद पूर्णमासी को खुलता है। जब हम इसे पांच दिन खोल सकते हैं, तो 30 दिन क्यों नहीं खोल सकते हैं? जब अंधेरा हो, तो कृत्रिम प्रकाश से ताजमहल को दिखाया जाए, इससे पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। अब जहां तक सुरक्षा का सवाल है, जब सीआईएसएफ हिन्दुस्तान के हर एयरपोर्ट की 24 घंटे सुरक्षा कर सकती है, तो वह ताजमहल की भी सुरक्षा कर सकती है। वहां वाइट कैटेगरी के उद्योग आ गए हैं। यह डबल जीरो का हो गया है। अब हम उद्योग के मामले में कुछ नहीं कर सकते हैं। ऐसा एनजीटी और सुप्रीम कोर्ट की रूलिंग है।

महोदय, हम पर्यटन पर ही जिंदा हैं। अगर वहां बैराज बन जाए, तो इससे किसानों को पानी मिल जाएगा, गिरता हुआ भूजल स्तर उठ जाएगा, लोगों को ड्रिंकिंग वाटर मिल जाएगा और इसके

साथ ही लोग वहां जल क्रीड़ा पर्यटन भी कर सकेंगे। मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार और पर्यटन मंत्री से निवेदन करता हूं कि रात में भी ताजमहल को खोला जाए। धन्यवाद।

श्री विष्णु दत्त शर्मा (खजुराहो): अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे जीरो ऑवर में बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपका धन्यवाद करता हूं।

सबसे पहले मैं अपने खजुराहो लोक सभा क्षेत्र की जनता की ओर से देश के यशस्वी प्रधान मंत्री और गृह मंत्री जी का आज के ऐतिहासिक निर्णय पर बहुत-बहुत शुभकामनाएं और बधाई देता हूं। अध्यक्ष जी, पन्ना जिला मेरे क्षेत्र में है, जहां हीरे की खदानें हैं। देश के अंदर हीरे की खदान मात्र पन्ना जिले में हैं। एन.एम.डी.सी. द्वारा वे खदानें संचालित हो रही हैं। ये खदानें देश में बड़ी मात्रा में राजस्व देती हैं तथा हजारों लोगों को इनके माध्यम से रोजगार भी मिलता है। पन्ना टाइगर रिजर्व के कारण वहां की हीरे खदानें संकट में हैं। आज कई प्रकार के कोर्ट के केस होने के कारण हीरा की खदानें संकट में आई हैं। इसलिए, मैं आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध करता हूं कि खनिज विभाग और वन पर्यावरण मंत्रालय कुछ रास्ता निकाल कर हीरे की खदानों को बचाने का प्रयास करें। देश के अंदर हीरे की खदानें मात्र पन्ना जिले के अंदर हैं और ये ऐतिहासिक खदानें हैं। उनको बचाया जाए और पन्ना के अंदर डायमंड पार्क की स्थापना की जाए। इसके लिए आज मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूं।

श्री गुमान सिंह दामोर (रतलाम): अध्यक्ष महोदय, आज सावन के तीसरे सोमवार और विजयापंचमी के अवसर पर मैं भारत के प्रधान मंत्री, युगपुरुष, परम आदरणीय नरेन्द्र मोदी जी को भारत रत्न देने की मांग करता हूं। दुनिया के कई देशों ने सर्वोच्च सम्मान से हमारे प्रधान मंत्री जी को नवाज़ा है। आज हमारे देश के 130 करोड़ भारतवासियों के दिल में खुशी की लहर है। इस खुशी की लहर पैदा करने वाले युगपुरुष, परम आदरणीय नरेन्द्र मोदी जी को मैं भारत रत्न देने की मांग करता हूं।

महोदय, रतलाम मेरा लोक सभा क्षेत्र है। इसकी दो-तीन छोटी-छोटी समस्याएं है, जिनकी ओर मैं आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं।

माननीय अध्यक्ष: आप बहुत सारी समस्याओं की ओर ध्यान न देकर एक ही समस्या पर ध्यान दीजिए।

श्री गुमान सिंह दामोर (रतलाम): अध्यक्ष महोदय, मैं सिर्फ दो समस्याओं की ओर ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा। अलीराजपुर-छोटा उदयपुर लाइन पर रेलवे ट्रैक बनकर तैयार है। रेलवे के सेफ्टी कमिश्नर द्वारा इस ट्रैक का परीक्षण भी किया जा चुका है। महोदय, 8 महीने से स्टेशन उद्घाटन की राह देख रहा है। मैं आपके माध्यम से रेल मंत्री जी से निवेदन करना चाहता हूं कि इसका उद्घाटन शीघ्र किया जाए, ताकि जनता को इसका लाभ मिल सके। हमारे यहां दाहोद, पीथमपुर, अलीराजपुर, धार और बांसवाड़ा रेलवे लाइन का कार्य धीमी गति से चल रहा है। मेरा निवदन है कि इस कार्य को भी तीव्र गति से करवाया जाए। धन्यवाद।

*DR. SUBHAS SARKAR (BANKURA): Hon. Speaker Sir, this is the third week of the Sravana month and a historic day when the soul of Dr. Shyama Prasad Mukherjee is at peace. You have given me the opportunity to speak during Zero Hour on this auspicious day and I thank you from the bottom of my heart. There are 3 blocks of our Eastern Coal Field – Saltora, Mejia and Mituria where illegal coal mining is going on with huge machineries. This is happening in collusion with the state police and the ruling party. I am however on a different point. A social transformation is taking place in that region due to illegal mining. Farm labourers are now not available easily. They are conveniently switching over to coal mine jobs. The reason is that the farm labourers after farming get a meagre sum of Rs.250 or Rs.300 whereas the coal mine workers can earn anything between Rs.500 to Rs. 2000. This is leading to a strange social change. Few days back, someone narrated a story of a horrible accident to me. A child got stuck inside the coal mine and his brother was asked to go inside and find him out. How such major accidents are happening often?

महोदय, हमारी तीन मांग हैं। एक मांग है कि इसकी लीगल टेंडर दी जाए और कड़ी से कड़ी व्यवस्था करके इलीगल कोल माइनिंग को बंद करना चाहिए। यह पहली बात है और जो दूसरी बात है, वह यह है कि वहां रोजी-रोजगार के लिए इंडस्ट्री की व्यवस्था की जाए और सिंचाई के लिए पानी की भी व्यवस्था की जाए। यह हमारी मांग है

(2215/CP/SPR)

श्री दिलीप साईकिया (मंगलदाई): माननीय अध्यक्ष जी, इस ऐतिहासिक दिन में मैं पहले माननीय प्रधान मंत्री जी और गृह मंत्री जी को बहुत धन्यवाद और कृतज्ञता देना चाहता हूं। मेरे संसदीय क्षेत्र मंगलदाई के अंतर्गत नलबाड़ी में एक स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया का एक अच्छा स्टेडियम बनाया जाए, यह मेरी पहली मांग है। दूसरा, मेरे यहां उदालगुरी एक कांस्टीट्युएंसी है, वहां पर भी स्पोर्ट्स अकादमी खोली जाए, यह मेरी दूसरी डिमांड है। तीसरा, मेरे यहां कमालपुर विधान सभा कांस्टीट्युएंसी है, वहां पर एक केन्द्रीय विद्यालय खोला जाए, यह मेरी तीसरी मांग है।

अध्यक्ष महोदय, भारत सरकार के विभागीय मंत्रियों के सामने ये विषय रखकर उनसे ये काम कराने की कृपा करें।

माननीय अध्यक्ष : कोई और मांग हो, तो उसे भी रख दीजिए।

श्री दीपक बैज।

श्री दीपक बैज (बस्तर): माननीय अध्यक्ष महोदय, केन्द्र सरकार के महत्वपूर्ण विभाग की योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए प्रदेश में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व मध्यान्ह भोजन रसोइया कार्य कर रहे हैं। वर्तमान में इनका मानदेय कुशल व अकुशल श्रमिकों से भी कम है। ये सरकारी काम से लेकर चुनाव तक का कार्य ईमानदारीपूर्वक कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ में राज्य सरकार ने वर्तमान में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व रसोइयों का मानदेय बढ़ाया है, लेकिन केन्द्र सरकार के द्वारा मिलने वाली राशि बहुत ही कम है।

* Original in Bengali

महोदय, आपसे निवेदन है कि इन कार्यकताओं व रसोइयों का मानदेय केन्द्र सरकार बढ़ाए।

श्री विजय कुमार दूबे (कुशीनगर): महोदय, लास्ट वक्ता की जगह मेरे लिए रिजर्व होती है। आज के ऐतिहासिक दिन हमें भी अवसर मिला, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। आज के वर्तमान परिवेश में शिक्षा के क्षेत्र में बढ़ता हुआ व्यवसायीकरण चिंता का विषय ही नहीं है, एक गम्भीर समस्या भी है। विशेषकर उन जिलों में, जहां खेती-किसानी के अलावा अगर कुछ है, तो केवल बेरोजगारी है। ऐसी जगहों पर आईसीएसई और सीबीएसई बोर्ड से सम्बद्ध विद्यालयों की तरफ माननीय अध्यक्ष जी आपका ध्यान आकृष्ट कराना चाहता हूं। एक साधारण परिवार अपने बच्चों की शिक्षा इनसे सम्बद्ध विद्यालयों में नहीं दिला सकेगा। इनसे भी बुरा हाल, जो जिले के निजी महाविद्यालय हैं, वे एडमीशन, एग्जामिनेशन, गेम्स और मेडिकल के नाम पर इतना ज्यादा अनियंत्रित शुल्क लेते हैं कि साधारण परिवार अपने बच्चों को वहां पढ़ाने में असमर्थ हैं। बड़ा संकट का समय है।

महोदय, मैं विशेष निवेदन कर रहा हूं कि आपके माध्यम से माननीय शिक्ष मंत्री जी इन अनियंत्रित शुल्क वाले विद्यालयों पर लगाम लगाते हुए नियंत्रित शुल्क लागू कराने की कृपा करेंगे। धन्यवाद।

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल): अध्यक्ष जी, शून्यकाल में आपने नए सांसदों को बोलने का अवसर दिया। मैं चाहता हूं कि जब साइने डाई हो, तो उसमें आपका विशेष उल्लेख होना चाहिए। जो बहुत अच्छे सुझाव आए, जैसे बाल श्रमिक वाला विषय आया, रिवर पर विषय आया, ऐसे चार-पांच विषय राष्ट्रीय महत्व के आए। अगर उनका उल्लेख होगा, तो जीरो ऑवर की महत्ता भी बढ़ेगी। आज सबने प्रधान मंत्री जी का और अमित शाह जी को धन्यवाद दिया, तो मैं भी इसमें सम्बद्ध करता हूं। मैं कहता हूं कि इसका उल्लेख आप साइने डाई में जरूर करें।

माननीय अध्यक्ष : आज 74 माननीय सदस्यों ने शून्य काल में अपने अविलम्ब महत्व के विषय उठाए।

श्री राम कृपाल यादव (पाटलीपुत्र): महोदय, करीब 900 से अधिक सदस्यों को बोलने का आपने अवसर दिया। इसके लिए हम आपका विशेष आभार व्यक्त करते हैं। आपने एक इतिहास, रिकार्ड बनाया है।

SHRI MAHESH SAHOO (DHENKANAL): Mr. Speaker, Sir, you have created history. You have been giving opportunities for hon. Members to raise issues of public importance during `Zero Hour'. This has helped me to raise issues pertaining to my parliamentary constituency. Otherwise, people of my constituency might think that I am sitting idle. Sir, your allowing us to raise issues in `Zero Hour' make people of respective constituencies think that we are doing something in Parliament for the sake of the nation.

माननीय अध्यक्ष: सभा की कार्यवाही कल दिनांक 6 अगस्त, 2019 को सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित की जाती है।

2220 बजे

तत्पश्चात लोक सभा मंगलवार, 6 अगस्त, 2019 / 15 श्रावण, 1941 (शक) के ग्यारह बजे तक के लिए स्थगित हुई।